सूर्योदय 5:20 सूर्यास्त 7:29

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 16.2 न्यू. | 24.8 अधि |
| धर्मशाला | 21.4 न्यू. | 33.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 77,100 |
| निफ्टी | 24,056 |
| सोना | 1,40,000 |
| चांदी | 2,17000 |

# अनंत ज्ञान

www.anantgyaan.in

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | रविवार, 28 जून 2026 | 14 आषाढ़, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 180, कुल पृष्ठ 12 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702

MODGIL DIAGNOSTIC LAB 24 घंटे सेवा
Sample Collection Service From Home
KANGRA (TANDA) CHAMBA PAPROLA
MODGIL DIAGNOSTIC LAB
CHAMBA, (Near Pt. JLN Govt. Medical College)
Contact No.: 01899-350129
62305-18484, 70189-50289
Email: modgildiagnosticlabchamba@gmail.com

# तीन लाख तक के कृषि ऋण पर आधा ब्याज भरेगी प्रदेश सरकार


## वन-टाइम सेटलमेंट योजना से 6,356 किसानों को मिलेगा सीधा लाभ: सीएम सुक्खू

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** प्रदेश में कर्ज के बोझ से दबे और अपनी कृषि भूमि की नीलामी के खतरे का सामना कर रहे राज्य के हजारों किसानों के लिए राज्य सरकार ने राहत का बड़ा दरवाजा खोल दिया है। सरकार ने वन-टाइम सेटलमेंट नीति के तहत कृषि ऋण ब्याज अनुदान योजना लागू करने का ऐतिहासिक फैसला लिया है।

इस किसान हितैषी योजना के तहत प्रति किसान तीन लाख रुपए तक के कृषि ऋण पर बकाया ब्याज का 50 प्रतिशत राज्य सरकार स्वयं वहन करेगी। इस निर्णय से लगभग 6,356 किसानों को सीधा लाभ मिलेगा, जबकि योजना के लिए 50 करोड़ रुपए का बजटीय प्रावधान किया गया है। सरकार का यह कदम आर्थिक तंगी से जूझ रहे किसानों के लिए नई उम्मीद और बड़ी राहत बनकर सामने आया है। जानकारी के अनुसार प्रदेश सरकार ने योजना के प्रभावी क्रियान्वयन की जिम्मेदारी हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक तथा कांगड़ा सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक को सौंपी है। दोनों बैंक पात्र किसानों की पहचान कर उनकी सूची तैयार करेंगे, ताकि ब्याज अनुदान का लाभ शीघ्र उपलब्ध कराया जा सके। इस योजना से किसानों के लिए ऋण का नियमितीकरण आसान होगा, कृषि भूमि की नीलामी का खतरा कम होगा और वे आर्थिक दबाव से उबरकर दोबारा पूरे विश्वास के साथ खेती-किसानी जारी रख सकेंगे।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इस संदर्भ में कहा कि किसान प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और उनका कल्याण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि विपरीत परिस्थितियों के कारण अनेक किसान आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं, इसलिए सरकार ने उन्हें एकमुश्त राहत देने का यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। उन्होंने संबंधित विभागों और वित्तीय संस्थानों को निर्देश दिए हैं कि योजना को शीघ्र लागू किया जाए, ताकि पात्र किसानों तक इसका लाभ समय पर पहुंच सके।



### किसानों की आर्थिक सुरक्षा खेती को मिलेगा नया संबल

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने और कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए लगातार ठोस कदम उठा रही है। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के साथ प्राकृतिक रूप से उगाई गई फसलों के लिए ऐतिहासिक समर्थन मूल्य भी दिया जा रहा है। इससे किसानों की आमदनी बढ़ने के साथ उपभोक्ताओं को रसायन-मुक्त खाद्य पदार्थ उपलब्ध हो रहे हैं। उन्होंने दोहराया कि सरकार किसानों के हितों की रक्षा करते हुए कृषि क्षेत्र में समृद्धि, आत्मनिर्भरता और दीर्घकालिक स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

- प्रदेश के कर्ज के बोझ तले दबे किसानों के लिए बनेगी संजीवनी
- हजारों परिवारों को मिलेगी राहत, 50 करोड़ का किया प्रावधान

## न्यूज शॉर्ट्स

### महाराष्ट्र में टीईटी पेपर लीक, आज था एग्जाम

**एजेंसी, मुंबई।** महाराष्ट्र में शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) का पेपर करीब 24 घंटे पहले लीक हो गया। एग्जाम रविवार को होना था। महाराष्ट्र स्टेट एग्जामिनेशन काउंसिल (एमएसईसी) ने इसके बाद परीक्षा स्थगित कर दी है। नई तारीखों का ऐलान बाद में किया जाएगा। पुलिस के मुताबिक, पेपर लीक की सूचना के बाद ठाणे के भिवंडी इलाकों के कई जगहों पर छापेमारी की। इसके बाद एग्जामिनेशन काउंसिल के अफसरों को बुलाया गया और जब्त पेपर को वेरिफाई कराया गया। पुलिस ने बताया कि इस मामले में कई लोगों को हिरासत में लिया है। यह कार्रवाई एग्जाम के 24 घंटे पहले की गई। (अनंत ज्ञान)

### असम में भूकंप, रिक्टर स्केल पर तीव्रता 3.4

**एजेंसी, गुवाहाटी।** असम में शनिवार सुबह मध्यम तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप का झटका तड़के 04 बजकर 51 मिनट 16 सेकेंड पर महसूस किया गया। भारतीय सिस्मोलॉजी केंद्र के अनुसार, भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.4 मापी गई। इसका केंद्र असम के कछार जिले में जमीन के अंदर करीब 42 किलोमीटर की गहराई में स्थित था। भूकंप का एपिसेंटर 24.940 उत्तरी अक्षांश और 92.562 पूर्वी देशांतर पर दर्ज किया गया। झटके महसूस होते ही लोग घबराकर घरों से बाहर निकल आए। राहत की बात यह रही कि किसी प्रकार के जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है। प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है और लोगों से सतर्क रहने की अपील की गई है। (अनंत ज्ञान)

### असम में पक्षी हॉर्नबिल के शिकार मामले में 3 काबू

**एजेंसी, गुवाहाटी।** असम के वन विभाग ने दुर्लभ व संरक्षित पक्षी हॉर्नबिल के शिकार से जुड़े मामले में बड़ी सफलता हासिल करते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। वन्यजीव संरक्षण की दिशा में इसे एक महत्वपूर्ण कार्रवाई माना जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दीगबोई वन प्रभाग के अंतर्गत मार्घेरिटा ईस्ट रेंज क्षेत्र में गुप्त सूचना के आधार पर अभियान चलाकर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी लंबे समय से संरक्षित पक्षी हॉर्नबिल के शिकार में संलिप्त थे। राज्य के वन एवं पर्यावरण मंत्री जयंत मल्लबरुवा ने सोशल मीडिया के माध्यम से अभियान की जानकारी साझा की। (अनंत ज्ञान)

### अगले साल की शुरुआत में भारत आएंगे ट्रंप

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका के बीच रणनीतिक और व्यापारिक रिश्ते एक नए सुनहरे दौर में प्रवेश करने जा रहे हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने एक बड़ा एलान करते हुए कहा है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अगले साल की शुरुआत में भारत का दौरा करेंगे। रुबियो ने कहा कि वह खुद इस ऐतिहासिक वीवीआईपी दौरे की तैयारियों को अंतिम रूप देने और दोनों देशों के बीच बहुप्रतीक्षित ट्रेड डील (व्यापार समझौते) को जल्द से जल्द फाइनल करने के लिए भारत आ रहे हैं। रुबियो ने कहा कि पीएम मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप के बीच के करीबी निजी रिश्ते दोनों देशों के मजबूत संबंधों की सबसे बड़ी बुनियाद हैं। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि वे खुद पीएम मोदी के बड़े प्रशंसक हैं, क्योंकि उनके नेतृत्व में भारत एक ग्लोबल पावर (वैश्विक ताकत) बनकर उभरा है। (अनंत ज्ञान)

# भरमौर में नाले में गिरी कार 4 की मौत, एक घायल

## घायल का अस्पताल में इलाज जारी, हादसे के कारणों की जांच में जुटी पुलिस

अनंत ज्ञान

**चंबा।** हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले में शनिवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि एक घायल है।

जिले के भरमौर उपमंडल में उरेई-सांबरा मार्ग पर एक कार दुर्घटनाग्रस्त होकर कई फीट नीचे सारनी पुल के समीप घटोर नाले में गिर गई। हादसे में कार में सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, हादसे में गंभीर घायल लता देवी पत्नी राजेंद्र कुमार गांव उरेई भरमौर ने मेडिकल कॉलेज चंबा में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। एक घायल चंबा में उपचाराधीन है। हादसे में तीन महिलाओं और कार चालक की जान चली गई। हादसे के कारणों का पता नहीं चल पाया है। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस व बचाव दल मौके के लिए रवाना हुए। घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। पुलिस अधीक्षक विजय सकलानी ने हादसे की पुष्टि करते हुए बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस टीम को मौके पर भेजा गया। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।



### सीएम सुक्खू ने सड़क हादसे पर जताया दुख

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने चंबा हादसे पर दुख जताया। मुख्यमंत्री ने पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की और कहा कि दुख की इस घड़ी में राज्य सरकार मजबूती से उनके साथ खड़ी है। उन्होंने जिला प्रशासन को पीड़ित परिवारों को हर संभव मदद देने के निर्देश दिए। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि वे दिवंगत आत्माओं को शांति दें और पीड़ित परिवार के सदस्यों को इस अपूरणीय क्षति को सहने की शक्ति प्रदान करें।

# प्रदर्शन के दौरान बिगड़ी हर्ष महाजन की तबीयत, आईजीएमसी में भर्ती



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला में जिला परिषद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष चुनाव को लेकर भाजपा के प्रदर्शन के दौरान शनिवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन की अचानक तबीयत बिगड़ गई। डीसी कार्यालय के बाहर मीडिया से बातचीत के दौरान उन्हें चक्कर आया और वह लड़खड़ाकर गिरने लगे। मौके पर मौजूद चौपाल के विधायक बलबीर वर्मा सहित अन्य भाजपा नेताओं ने उन्हें संभाला और तत्काल उपचार के लिए आईजीएमसी शिमला पहुंचाया। आईजीएमसी के कार्यवाहक चिकित्सा अधीक्षक डॉ. प्रवीण भाटिया ने बताया कि प्राथमिक जांच के बाद सांसद हर्ष महाजन की स्थिति सामान्य पाई गई। चिकित्सकों के अनुसार उन्हें डिहाइड्रेशन और लो ब्लड प्रेशर की शिकायत हुई थी। एहतियात के तौर पर उन्हें आईसीयू में निगरानी के लिए रखा गया, जहां विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने उनके स्वास्थ्य की विस्तृत जांच की।

# 920 मौतों के बाद फिर हिला वेनेजुएला

## अभी भी 51 हजार लापता, खुद मलबा हटाकर अपनों को तलाश रहे लोग

**एजेंसी, कराकस**



वेनेजुएला में 25 जून को आए दो भूकंप के बाद स्थानीय समयानुसार शुक्रवार दोपहर को एक और भूकंप आया। देश के उत्तरी तट के पास आए इस भूकंप की तीव्रता 4.9 मापी गई है।

रॉयटर्स के मुताबिक, राजधानी कराकास और माराके में भी झटके महसूस किए गए। उधर, पिछले भूकंप के तीन दिन बाद मरने वालों की संख्या बढ़कर 920 हो गई है। 3360 से ज्यादा घायल हैं, जबकि 51,700 से ज्यादा लोग लापता हैं। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि अब तक 243 लोगों को जिंदा बचाया गया है। मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है। कई इलाकों में राहत टीमों की कमी के कारण लोग परिजन को ढूंढ़ने के लिए खुद मलबा हटा रहे हैं। कई परिवार हथौड़ों और दूसरे औजारों से इमारतों का मलबा हटाकर अपने परिजन की तलाश कर रहे हैं। वहीं, वेनेजुएला के ला गुआइरा राज्य में ढही इमारत के नौवें फ्लोर पर फंसी 15 साल की एक लड़की को बचाव दल ने जिंदा खोज लिया है। यह जानकारी अल साल्वाडोर के अधिकारियों ने दी है। अल साल्वाडोर के राष्ट्रपति नायिब बुकेले ने एक्स पर बताया कि कैमिला सोफिया मेडिना रिवास नाम की यह लड़की अपने पालतू जानवर के साथ मलबे में फंसी हुई थी। बुकेले के मुताबिक, बचाव दल को लड़की तक पहुंचने के लिए अभी कई दीवारें तोड़नी होंगी। इसके लिए उनके पास जरूरी मशीनें और संसाधन मौजूद हैं। रॉयटर्स के मुताबिक, शिविरों में रह रहे लोगों के लिए राहत का काम तेजी से किया जा रहा है।

इसके साथ ही, कई जरूरत की चीजे भी मुहैया कराई गई हैं। एक विस्थापित निवासी ने बताया कि शिविरों में लोग ठंड जरूर महसूस कर रहे हैं, लेकिन खाने की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि राहत काम के लिए वे बेहद आभारी हैं और उन्हें अच्छी तरह संभाला जा रहा है। स्वयंसेवक जूली गार्सिया ने बताया कि अभी शिविरों में सफाई के सामान, वेट वाइप्स, डायपर, मैट और रात में सोने के लिए चादरों की सख्त जरूरत है। यह राहत काम लंबा चलेगा और यह तो सिर्फ शुरुआत है। (अनंत ज्ञान)

## पहली बार हवाई मार्ग से विदेश पहुंची स्टोन फ्रूट्स की खेप, वैश्विक बाजार में हिमाचल की दमदार दस्तक

# ओमान के बाजारों में अब सजेगी हिमाचल की चेरी और प्लम

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के बागवानों की मेहनत आखिरकार सरहदों की बंदिशें पार कर अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंच गई। प्रदेश की मीठी चेरी और रसीले प्लम ने पहली बार हवाई मार्ग से ओमान के लिए उड़ान भरते हुए निर्यात के नए दौर का आगाज कर दिया। यह सिर्फ फलों की खेप नहीं, बल्कि हिमाचल की बागवानी की बढ़ती साख, किसानों की उम्मीदों और वैश्विक बाजार में प्रदेश की नई पहचान का ऐलान है। इस अहम पहल से साफ संकेत मिला है कि अब हिमाचल के स्टोन फ्रूट्स भी दुनिया के बाजारों में अपनी खास जगह बनाने को तैयार हैं।

जानकारी के अनुसार प्रदेश से शनिवार को पहली बार चेरी और प्लम की निर्यात खेप ओमान के लिए रवाना की गई। बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी और हिमाचल प्रदेश बागवानी उत्पाद विपणन एवं प्रसंस्करण निगम (एचपीएमसी) के अध्यक्ष ने हरी झंडी दिखाकर इस ऐतिहासिक खेप को रवाना किया। इसे हिमाचल के बागवानी क्षेत्र के लिए एक बड़ी कामयाबी माना जा रहा है।

यह पहल एचपीएमसी ने कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) के सहयोग से की है। पहली खेप में जड़ोल-टिक्कर और बागी क्षेत्र के छह प्रगतिशील किसानों द्वारा तैयार 400 किलोग्राम चेरी और 400 किलोग्राम प्लम शामिल हैं। फलों को हवाई मार्ग से भेजा गया ताकि उनकी ताजगी और गुणवत्ता बरकरार रखते हुए वे सीधे ओमान के बाजारों तक पहुंच सकें।

इस अवसर पर एचपीएमसी के प्रबंध निदेशक डीसी राणा, महाप्रबंधक सनी शर्मा, एपीडा के क्षेत्रीय अधिकारी हरप्रीत सिंह सहित दोनों संस्थाओं के अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद रहे। सात जून को ठियोग में एपीडा और एचपीएमसी द्वारा स्टोन फ्रूट उत्पादकों के लिए आयोजित संयुक्त कार्यशाला में इस पहल की नींव रखी गई थी। भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अपर सचिव नितिन यादव की अध्यक्षता में हुई बैठक में मध्य-पूर्व और खाड़ी देशों में हिमाचल के फलों की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई थी। उसी बैठक में चेरी और प्लम की पहली निर्यात खेप भेजने का फैसला लिया गया था, जो अब हकीकत बन गया है।

इस संदर्भ में नेगी ने कहा कि मध्य-पूर्व और खाड़ी देशों में हिमाचल के फलों की अच्छी मांग है। चेरी और प्लम की यह पहली खेप प्रदेश के स्टोन फ्रूट्स के लिए वैश्विक बाजार के नए दरवाजे खोलेगी और किसानों को उनकी उपज का बेहतर व लाभकारी

### सेब समेत अन्य फलों को भी मिलेगी रफ्तार: नेगी



**जगत** सिंह नेगी ने कहा कि यह महज शुरुआत है। आने वाले समय में सेब सहित अन्य बागवानी उत्पादों के निर्यात का भी दायरा बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि एचपीएमसी किसानों के मुफाद को सर्वोच्च तरजीह देते हुए नए निर्यात बाजार तलाशने का सिलसिला जारी रखेगी। उनका विश्वास है कि यह पहल न सिर्फ बागवानों की आमदनी में इजाफा करेगी, बल्कि हिमाचल प्रदेश को वैश्विक फल निर्यात मानचित्र पर एक नई और मुकम्मल पहचान भी दिलाएगी।

# शोएब अख्तर के भाई के जनाजे में दिखा पहलगाम हमले का मास्टरमाइंड

**एजेंसी, नई दिल्ली।** पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर के बड़े भाई शाहिद अख्तर के जनाजे में लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादियों के देखे जाने के बाद यह मामला चर्चा में आ गया है। 24 जून को दिल का दौरा पड़ने से शाहिद की मौत हो गई थी।

पाकिस्तान मरकजी मुस्लिम लीग (पीएमएमएल) के जारी किए गए एक वीडियो के अनुसार, लश्कर-ए-तैयबा के संस्थापक और 26/11 मुंबई हमलों के मास्टरमाइंड हाफिज सईद के कई करीबी सहयोगी भी जनाजे में शामिल हुए थे। जनाजे की तस्वीरों में पीएमएमएल के कई पदाधिकारी मौजूद दिखे, जिनमें इस्लामाबाद प्रमुख इनाम-उर-रहमान कंबोह, डिप्टी जनरल सेक्रेटरी अब्दुल्ला टूर, जोनल जनरल सेक्रेटरी हाफिज उमर और खिदमत कमेटी के चेयरमैन अमजद भट्टी शामिल थे।

इंडिया टुडे की एक रिपोर्ट के अनुसार, लश्कर-ए-तैयबा के डिप्टी चीफ सैफुल्ला कसूरी भी जनाजे में मौजूद थे। कसूरी को 2025 के पहलगाम हमले का मास्टरमाइंड बताया गया है, जिसमें 26 नागरिकों की जान चली गई थी। (अनंत ज्ञान)

# 'चांदी की ईंटें, आभूषण सुरक्षित', राम मंदिर ट्रस्ट ने जारी किया बयान, कहा- हाल की घटनाओं से हैरान

**एजेंसी, नई दिल्ली।** अयोध्या के श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने शनिवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी किया है कि श्रद्धालुओं की ओर से दिए गए सभी आभूषण, चांदी की ईंटें आदि सुरक्षित हैं। साथ ही ट्रस्ट ने हालिया घटनाओं को लेकर हैरानी जताई और भक्तों को निष्पक्ष जांच का भी भरोसा दिया। हाल ही में सिंधी समाज ने वीडियो जारी कर चांदी की ईंटों को लेकर सवाल उठाए थे और बताया था कि उन्होंने ट्रस्ट को 200 चांदी की ईंटें दी थी। जिसकी उन्हें रसीद तक नहीं दी गई थी। उन्होंने चांदी के ईंटों का भी वीडियो जारी किया था। राम मंदिर ट्रस्ट ने स्वामी गोविंददेव गिरी की ओर से प्रेस रिलीज जारी कर कहा, 'श्री राममंदिर में पिछले कुछ दिनों से सुनी हुई घटनाओं से हम आहत और दुखी हैं। हम इसकी न्यायपूर्ण जांच और रामभक्तों को आश्वस्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।' (अनंत ज्ञान)

# अमेरिका ने ईरान के मिसाइल ड्रोन ठिकानों पर किया हमला

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

अमेरिका ने शुक्रवार को ईरान पर करीब एक घंटे तक हमले किए। अमेरिकी सेना ने मिसाइल-ड्रोन ठिकानों और तटीय रडार साइट्स को निशाना बनाया। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि ईरान ने सीजफायर तोड़ा, इसलिए जवाबी कार्रवाई की गई। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के मुताबिक, 25 जून को ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट में सिंगापुर के कार्गो शिप 'एमवी एवर लवली' पर ड्रोन हमला किया था।

दूसरी ओर, ईरान की सरकारी न्यूज एजेंसी आईआरएनए के मुताबिक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स की नौसेना ने दावा किया है कि उसने जवाब में क्षेत्र में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है। ईरान की संसद के सदस्य इब्राहिम अजीजी ने एक्स पर लिखा कि अमेरिका ने एक बार फिर बातचीत के बीच ईरान पर हमला किया है। युद्धविराम का यह उल्लंघन अमेरिका के लिए पीछे हटने व पछतावे की वजह बनेगा। (अनंत ज्ञान)

### हिंसा का जवाब हिंसा से दिया जाएगा: अमेरिकी उपराष्ट्रपति

**अमेरिका** के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा है कि विवादों को बातचीत से सुलझाया जाना चाहिए, लेकिन अगर हिंसा जारी रहती है तो जवाब भी उसी तरह दिया जाएगा। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि अगर समझौते के लागू होने को लेकर कोई मतभेद है, तो ईरान को फोन पर बातचीत करनी चाहिए।

### ईरान बोला- अमेरिकी सैन्य ठिकानों को बनाया निशाना

**ईरान** के विदेश मंत्रालय ने कहा कि ईरानी सेना ने अमेरिका से जुड़े ठिकानों पर हमला किया है। मंत्रालय के मुताबिक यह कार्रवाई ईरान के दक्षिणी तटीय इलाकों पर हुए अमेरिकी हवाई हमलों के जवाब में की गई। बयान में कहा गया कि अमेरिकी हमले संयुक्त राष्ट्र चार्टर और दोनों देशों के बीच युद्ध समाप्त करने के लिए हुए मेमोरेंडम का उल्लंघन हैं।

ABHILASHI UNIVERSITY
(Accredited by NAAC with 'B+' Grade)
Approved By: HP Govt., UGC, PCI, VCI, NCISM, NCTE, HPSPVC, HPPERC & Member AIU
ADMISSION OPEN 2026-27

FACULTY OF AYURVEDA
- B.A.M.S.
- D. PHARMACY (AYURVEDA)
- DIPLOMA IN YOGA

SCHOOL OF HEALTH SCIENCES
- DIPLOMA IN MULTIPURPOSE HEALTH WORKER (MPHW)
- BACHELOR OF PHYSIOTHERAPY (B.P.T.)
- BACHELOR OF MEDICAL LABORATORY SCIENCE (BMLS)
- BACHELOR OF ANESTHESIA & OPERATION THEATRE TECHNOLOGY (BAOTT)
- BACHELOR OF MEDICAL RADIOLOGY AND IMAGING TECHNOLOGY (BMRIT)

FACULTY OF AGRICULTURE
- B.Sc. (Hons.) AGRICULTURE
- M.Sc. AGRICULTURE
  - AGRONOMY
  - HORTICULTURE (VEG. SCIENCES)
  - GENETICS & PLANT BREADING
  - ENTOMOLOGY

FACULTY OF VET. SCIENCES
- BACHELOR OF VETERINARY SCIENCE & ANIMAL HUSBANDRY (B.V.SC & AH)
  COURSE DURATION: 5½ years
- TWO YEARS VETERINARY PHARMACIST TRAINING COURSE

FACULTY OF PHARMACY
- B. PHARMACY • B. PHARMACY (LE)
- D. PHARMACY
- Pharm. D (6 Years-Doctor of Pharmacy)
- Pharm. D-PB • Ph.D. in Pharmaceutical Science
- M. PHARMACY (Pharmaceutical Chemistry, Pharmaceutics)

FACULTY OF ENGG. & MANAGEMENT
- B.TECH (CSE) • M.TECH (CSE)
- BCA • BBA • MBA • MBA (EXECUTIVE)
- MBA (PART TIME) • Ph.D. MANAGEMENT

FACULTY OF EDU. HUMANITIES & BASIC SCIENCES
- DIPLOMA IN ART & CRAFTS (DRAWING MASTER)
- B.A. B.Ed. (ITEP-Middle), B.Sc. B.Ed. (ITEP-Middle)
- B.Sc. MED./ NON-MED. • B.A.
- M.A. EDUCATION • Ph.D. EDUCATION

SCHOLARSHIP available to SC/ST STUDENTS T & C Apply
H.O. NER CHOWK, TEHSIL BALH, DISTT. MANDI, HIMACHAL PRADESH
9459052533, 9816242139, 9816102238
Website: www.abhilashiuniversity.ac.in Email: admissioncell@abhilashiuniversity.ac.in regabhilashi@gmail.com

अनंत ज्ञान
आपका अखबार... आपके लिए

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र
Presents
अनंत पुलिस प्राइड अवार्ड 2026
आपकी सेवाओं का सम्मान

दिनांक - 1 जुलाई 2026 बुधवार
समय - सायं 6:00 बजे
HOTEL BASANT
स्थान - होटल बसंत
वाईपास, नजदीक एच.बी कॉलोनी
हमीरपुर, फोन- 98166-11700
E-mail: basantresortS2017@gmail.com

"अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र पुलिस विभाग के उन समर्पित एवं कर्तव्यनिष्ठ कर्मचारियों को सम्मानित करने जा रहा है जिन्होंने अनुकरणीय कार्य करते हुए न केवल कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखा, बल्कि आम जनता में सुरक्षा एवं विश्वास का वातावरण भी निर्मित किया।"



संपर्क सूत्र: 88945-21702, 98168-75517
Head Office: Plot No.8, Phase-II, Ind. Area Nagrota Bagwan, Distt. Kangra (H.P.)
Email: anantgyaanmedia@gmail.com
www.anantgyaan.in
follow us on

## रामपुर पंचायत समिति के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष का चुनाव 2 जुलाई को

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** रामपुर विकास खंड की पंचायत समिति के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के चुनाव के लिए दूसरी बैठक 2 जुलाई 2026 को बुलाई गई है। उपमंडलाधिकारी (ना.) एवं अधिकृत निर्वाचन अधिकारी हर्ष अमरेंद्र सिंह (एचएएस) द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार यह बैठक सुबह 11:00 बजे खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) कार्यालय स्थित पंचायत समिति सभागार, रामपुर बुशहर में आयोजित होगी। जारी आदेश में बताया गया है कि 24 जून को निर्धारित पहली बैठक में हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (निर्वाचन) नियम, 1994 के तहत आवश्यक कोरम पूरा नहीं हो सका था। इसके चलते नियम-85 के प्रावधानों के अंतर्गत दूसरी बैठक बुलाने का निर्णय लिया गया है। इस बैठक में रामपुर ब्लॉक के सभी 19 नव-निर्वाचित बीडीसी (पंचायत समिति) सदस्यों को उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक के दौरान पंचायत समिति रामपुर के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का चुनाव संपन्न कराया जाएगा। प्रशासन ने सभी सदस्यों से निर्धारित तिथि, समय और स्थान पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने का आग्रह किया है।

# राजधानी शिमला में मलबे में दबीं गाड़ियां

## दक्षिण-पश्चिम मानसून की दस्तक से पहले ही भारी बारिश ने बढ़ाईं लोगों की मुश्किलें

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में दक्षिण-पश्चिम मानसून की दस्तक से पहले ही बारिश ने लोगों की मुश्किलें बढ़ानी शुरू कर दी हैं। राजधानी शिमला में शुक्रवार शाम को हुई जोरदार बारिश का सबसे अधिक असर उपनगर ढली स्थित आशियाना कॉलोनी में देखने को मिला। यहां उफनते नाले से भारी मात्रा में मलबा और बड़े पत्थर सड़क पर आ गए। इससे मार्ग अवरुद्ध हो गया। इसी दौरान सड़क किनारे खड़ी तीन गाड़ियां मलबे की चपेट में आकर दब गईं और उन्हें भारी नुकसान पहुंचा।

बारिश थमने के बाद स्थानीय लोगों ने खुद मलबा हटाकर वाहनों को निकालने का प्रयास किया। सूचना मिलने पर प्रशासन और संबंधित विभागों की टीमें जेसीबी के साथ मौके पर पहुंचीं और सड़क से मलबा हटाने का काम जारी रहा। ढली क्षेत्र में कई घरों में पानी भी घुस गया। इससे लोगों का घरेलू सामान खराब हो गया। बारिश का असर तापमान पर भी दिखाई दिया



शिमला के ढली में भारी बारिश के कारण उफनते नाले से भारी मात्रा में मलबा सड़क पर आ गया, जिसके नीचे गाड़ियां दब गईं।

है। प्रदेश के औसत न्यूनतम तापमान में सामान्य के मुकाबले हल्की गिरावट दर्ज की गई। सबसे कम न्यूनतम तापमान कुकुमसेरी में 8.0 डिग्री सेल्सियस रहा।

हिमाचल प्रदेश में इस बार मानसून सामान्य समय से देर से पहुंचने की संभावना है। प्रदेश में मानसून के प्रवेश की सामान्य तिथि

**◆ मानसून के जुलाई की शुरुआत में आने की उम्मीद**

25 जून मानी जाती है, जबकि पिछले वर्ष मानसून ने 20 जून को ही दस्तक दे दी थी।

मौसम विभाग के अनुसार वर्तमान में मानसून की उत्तरी सीमा मध्य भारत तक पहुंची हुई है और अगले तीन से चार दिनों में इसके आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल बनी हुई हैं। विभाग का अनुमान है कि अगले तीन से चार दिनों में मानसून उत्तराखंड तक पहुंच सकता है। उत्तराखंड में मानसून की प्रगति के साथ हिमाचल प्रदेश में भी इसके प्रवेश की संभावना बढ़ जाएगी।

### मशोबरा में सबसे ज्यादा बारिश दर्ज

**मौसम** विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में हल्की से मध्यम वर्षा दर्ज की गई। सबसे अधिक 40.5 मिलीमीटर बारिश शिमला के मशोबरा में रिकॉर्ड की गई। इसके अलावा शिल्लारू में 32.6 मिलीमीटर, सुजानपुर टीहरा में 18.4 मिलीमीटर, कुफरी में 15.0 मिलीमीटर, सोलन में 13.2 मिलीमीटर और बग्गी (मंडी) में 12.0 मिलीमीटर वर्षा हुई। राज्य मौसम केंद्र के आंकड़ों के अनुसार शिमला शहर में 12.6 मिलीमीटर, पालमपुर में 10.2 मिलीमीटर, नारकंडा में 4.5 मिलीमीटर, जुब्बड़हट्टी में 2.4 मिलीमीटर, भुंतर में 1.8 मिलीमीटर, मंडी में 1.0 मिलीमीटर और सुंदरनगर में 0.2 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने कुछ स्थानों पर गरज-चमक और तेज हवाओं की भी सूचना दी है। नेरी में 46 किलोमीटर प्रति घंटा, मशोबरा में 37 किलोमीटर प्रति घंटा और शिमला स्थित सीपीआरआई केंद्र में 26 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलीं।

## रामपुर में 34 वर्षीय युवक की संदिग्ध हालात में मौत

अनंत ज्ञान

**रामपुर बुशहर।** शिमला जिले के रामपुर उपमंडल के डकोलर क्षेत्र में 34 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। मृतक की पहचान डकोलर निवासी मोहित अग्रवाल पुत्र सुंदर लाल के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए खनेरी अस्पताल भेज दिया है। मौत के कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। घटनास्थल पर युवक एक घर के बरामदे में मृत अवस्था में मिला। बाद में पुलिस अधिकारियों ने भी मौके का निरीक्षण किया। मृतक के परिजन और स्थानीय लोग भी घटनास्थल पर पहुंच गए थे।

प्रारंभिक जांच के दौरान पुलिस को मृतक के शरीर पर बाहरी चोट के कोई निशान नहीं मिले। हालांकि शरीर पर कुछ ऐसे निशान पाए गए हैं, जिनकी जांच की जा रही है। पुलिस ने घटनास्थल की वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी भी करवाई है ताकि मामले से जुड़े सभी तथ्यों को सुरक्षित रखा जा सके।



**◆ पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद पता चलेगी मौत की वजह**

पुलिस ने मौके पर मौजूद लोगों के बयान दर्ज किए हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार युवक शुक्रवार सुबह क्षेत्र में पहुंचा था, लेकिन कुछ समय बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई और वह अचेत हो गया। इसके बाद उसकी मौत हो गई। फिलहाल किसी भी व्यक्ति ने युवक की मौत को लेकर कोई संदेह व्यक्त नहीं किया है।

पुलिस ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 194 के तहत कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को बताय कि मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम और अन्य जांच रिपोर्ट मिलने के बाद ही चल पाएगा। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

### एचपीयू में कुलपति के पुतले की शवयात्रा पर बवाल, विवि के मुख्य गेट पर हाई-वोल्टेज ड्रामा

# पुलिस व एबीवीपी कार्यकर्ताओं में धक्का-मुक्की

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में शनिवार को कार्यकारिणी परिषद की बैठक उस समय हंगामे में बदल गई, जब विश्वविद्यालय परिसर में अलग-अलग संगठनों के विरोध प्रदर्शनों के बीच एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने कुलपति के पुतले की शवयात्रा निकालते हुए पुतला दहन का प्रयास किया। पुलिस और त्वरित प्रतिक्रिया दल ने जैसे ही प्रदर्शनकारियों को रोकने की कोशिश की, माहौल अचानक गर्मा गया। देखते ही देखते पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच धक्का-मुक्की शुरू हो गई। मुख्य प्रवेश द्वार पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और कुछ समय के लिए पूरा परिसर तनाव के साये में आ गया। भारी पुलिस बल की मौजूदगी के बीच स्थिति को नियंत्रित किया गया, जबकि कार्यकर्ताओं ने कुलपति की तस्वीरें जलाकर अपना विरोध दर्ज कराया।

उधर, कार्यकारिणी परिषद की बैठक शुरू होने से पहले गैर शिक्षक कर्मचारियों ने भी विश्वविद्यालय परिसर में रैली निकालकर प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने लंबे समय से रिक्त पड़े गैर शिक्षक पदों पर नियमित भर्ती प्रक्रिया शुरू करने की मांग उठाते हुए कहा कि स्टाफ की भारी कमी के कारण प्रशासनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं और मौजूदा कर्मचारियों पर अतिरिक्त कार्यभार पड़ रहा है। प्रदर्शनकारियों ने परिषद से भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाने और कर्मचारियों से जुड़े लंबित मामलों का शीघ्र समाधान करने की मांग की।



एचपीयू परिसर में कुलपति का पुतला दहन रोकने के दौरान पुलिस के साथ धक्का-मुक्की करते एबीवीपी कार्यकर्ता। अनंत ज्ञान

### सुरक्षा घेरे में संपन्न हुई ईसी की बैठक

**पुलिस** और प्रदर्शनकारियों के बीच हुई धक्का-मुक्की के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने परिसर में सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी। मुख्य गेट तथा कुलपति कार्यालय के आसपास अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया। पूरे घटनाक्रम के दौरान ईसी बैठक सुरक्षा घेरे में जारी रही। दिनभर चले विरोध प्रदर्शनों, नारेबाजी और पुतला दहन को लेकर हुए विवाद ने विश्वविद्यालय परिसर का माहौल गरमाए रखा और छात्र राजनीति तथा विश्वविद्यालय प्रशासन के बीच बढ़ते टकराव को एक बार फिर सुर्खियों में ला दिया।

# एचपीयू में एसएफआई ने किया प्रदर्शन

## कार्यकारी परिषद को सौंपा मांगपत्र, छात्र संघ चुनाव बहाली की मांग

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** एचपीयू में छात्र हितों और विश्वविद्यालय प्रशासन की कार्यप्रणाली को लेकर शनिवार को स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की विश्वविद्यालय इकाई ने कुलपति कार्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद के सदस्यों को विस्तृत मांगपत्र सौंपते हुए छात्र संघ चुनावों की बहाली, फीस वृद्धि वापस लेने, नए छात्रावासों के निर्माण, नियमित शिक्षकों को शिक्षण कार्य सौंपने तथा शिक्षक भर्तियों, निर्माण कार्यों, सीएएस पदोन्नतियों और वित्तीय मामलों की स्वतंत्र न्यायिक जांच की मांग उठाई।

संगठन का आरोप है कि विश्वविद्यालय प्रशासन लगातार छात्रों की समस्याओं की अनदेखी कर रहा है और शिक्षा को महंगा बनाकर विद्यार्थियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाला जा रहा है, जबकि वित्तीय पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के बजाय अनावश्यक खर्च किए जा रहे हैं। एसएफआई ने कहा कि हिमाचल जैसे पर्वतीय राज्य में दूर-दराज क्षेत्रों से आने वाले विद्यार्थियों के लिए पर्याप्त छात्रावास सुविधाएं उपलब्ध कराना विश्वविद्यालय की प्राथमिक जिम्मेदारी है। साथ ही लिंगदोह समिति की सिफारिशों के अनुरूप प्रत्यक्ष छात्र संघ चुनाव बहाल करने, विभागीय दोहराव समाप्त करने और नियमित शिक्षकों को अकादमिक कार्य सौंपने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई।

संगठन पिछले लंबे समय से छात्र हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर विवि प्रशासन को लगातार ज्ञापन सौंपता रहा है, लेकिन अब तक किसी भी मांग पर ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। कैंपस सचिव कामरेड मुकेश ने कहा कि विवि में सार्वजनिक धन के उपयोग में पूरी पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जानी चाहिए तथा यदि किसी भी प्रकार की वित्तीय या प्रशासनिक अनियमितता सामने आती है तो दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।



छात्रहित मांगों को लेकर प्रदर्शन करते एसएफआई कार्यकर्ता।

### जायज मांगों पर शीघ्र गौर करें विवि प्रशासन

**छात्र** संगठन ने चेतावनी दी कि यदि विश्वविद्यालय प्रशासन और कार्यकारी परिषद छात्रों की जायज मांगों की अनदेखी करती रही तो एसएफआई आने वाले समय में आंदोलन को और व्यापक एवं उग्र रूप देगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी विश्वविद्यालय प्रशासन की होगी। संगठन ने कार्यकारी परिषद के सदस्यों से छात्र हित, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और विश्वविद्यालय की वित्तीय पारदर्शिता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए मांगपत्र में उठाए गए सभी बिंदुओं पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की अपील की।

## न्यूज ब्रीफ

### तकलेच हादसे पर प्रतिभा सिंह ने जताया शोक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** पूर्व सांसद एवं पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने रामपुर उपमंडल के तकलेच क्षेत्र में हुए भीषण सड़क हादसे में छह लोगों की दर्दनाक मृत्यु पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने इस दुखद घटना को अत्यंत पीड़ादायक बताते हुए शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त की हैं। प्रतिभा सिंह ने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि इस कठिन समय में प्रभावित परिवारों को धैर्य और संबल प्रदान करें। उन्होंने जिला प्रशासन से आग्रह किया कि हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के आश्रितों को हरसंभव आर्थिक एवं प्रशासनिक सहायता शीघ्र उपलब्ध कराई जाए, ताकि संकट की इस घड़ी में उन्हें राहत मिल सके।



**◆ प्रशासन से पीड़ित परिवारों को सहायता उपलब्ध कराने का आग्रह**

### रामपुर में 28-29 जून को होगी खेल प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** बुशहर कर्मचारी खेल, संस्कृति एवं कल्याण संघ रामपुर द्वारा 28 व 29 जून को रामपुर में उप-मंडलीय स्तरीय कर्मचारी अंतर्विभागीय खेलकूद का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में लोक निर्माण प्रतियोगिता विभाग विश्राम गृह, खोपड़ी में संघ के प्रधान कुशाल शर्मा ने पदाधिकारियों के साथ प्रेस वार्ता कर आयोजन की विस्तृत जानकारी दी। संघ के प्रधान कुशाल शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विभिन्न सरकारी विभागों में कार्यरत कर्मचारियों के बीच आपसी समन्वय, सौहार्द और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि खेल गतिविधियों के माध्यम से कर्मचारियों को नशे व अन्य मादक पदार्थों से दूर रहने के लिए प्रेरित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह आयोजन कर्मचारियों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने, कार्यस्थल पर सकारात्मक वातावरण विकसित करने तथा टीम भावना, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। यदि प्रतियोगिता निर्धारित दो दिनों में पूरी नहीं हो पाती है तो शेष मुकाबले आगामी दिनों में सुबह-शाम अथवा अगले सरकारी अवकाश या रविवार को आयोजित किए जाएंगे। प्रतियोगिता में क्रिकेट, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, शतरंज, कैरम बोर्ड (एकल एवं युगल), महिला वर्ग की चेयर रेस तथा महिला एवं पुरुष वर्ग की रस्साकशी जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। इसके अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम और महिलाओं की महानाटी प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले मुख्य आकर्षण रहेंगे।

### श्रीखंड महादेव छड़ी यात्रा पर किया मंथन

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** ऊनु महादेव ज्योरी के महंत मस्त गिरी जी बाबा की अध्यक्षता में पूर्व प्रधान विजय महाटेट, 15/20 विकास सभा के अध्यक्ष एम एल मेहता तथा नेक राम निल्टू हिमाचल प्रदेश सविचालय से रिटायर्ड सचिव खण्ड महादेव छड़ी यात्रा की शीघ्र निराक्षण के लिए अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोही एवं खेल सद्ध संस्थान के निदेशक अविनाश नेगी व उपनिदेशक महोदय से मनाली कुल्लू में भेंट की निदेशक अविनाश नेगी ने श्रीखंड महादेव छड़ी यात्रा के विषय में गम्भीरता से सुना तथा यात्रा के विषय में सकारात्मक विचार प्रधान किया और निदेशक ने जल्द से जल्द निरिक्षण की विशेष टीम गठित कर ऊनु महादेव से श्री खण्ड तक भेजने बारे आश्वासन दिया ऊनु महादेव मंदिर ज्योरी के महंत मस्त गिरी जी बाबा ने इस छड़ी यात्रा के सहयोग लिए विशेष कर आदरणीय उपमण्डलाधिरी हर्ष अमरेन्द्र सिंह नेगी का व वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी को तथा सभी पंचायत प्रतिनिधियों का बहुत बहुत धन्यवाद व आभार व्यक्त किया। महंत महाराज ने सभी क्षेत्र के प्रबुद्ध जनता-जनार्दन से अपिल किया है कि भोले शंकर श्रीखंड महादेव की कृपा हेतु इस छड़ी यात्रा पर सहयोग दे।

# डीसी ने परखी ईवीएम वेयरहाउस की सुरक्षा

## अधिकारियों-कर्मचारियों को सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने का निर्देश

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अनुपम कश्यप ने शनिवार को फागू स्थित ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण कर वहां रखी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों तथा वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा व्यवस्था का विस्तृत जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने वेयरहाउस में तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों से सुरक्षा प्रबंधों की जानकारी ली और निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पूरी गंभीरता के साथ पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया की निष्पक्षता, पारदर्शिता और विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए ईवीएम की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने वेयरहाउस में स्थापित सीसीटीवी कैमरों, अग्निशमन उपकरणों, सुरक्षा व्यवस्था तथा प्रवेश-निकास रजिस्टर की भी बारीकी से जांच की।

उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि ईवीएम वेयरहाउस की सुरक्षा में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा सभी सुरक्षा मानकों का नियमित रूप से पालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया पर आमजन का विश्वास और अधिक मजबूत हो।


फागू में ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण करने पहुंचे डीसी अनुपम कश्यप। अनंत ज्ञान

# विधायक नंद लाल ने सुनीं समस्याएं

## देलठ पंचायत ने उठाए मुआवजा, बस सेवा व सिंचाई के मुद्दे

अनंत ज्ञान

**रामपुर बुशहर।** रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं सातवें वित्त आयोग के अध्यक्ष नंद लाल ने लोक निर्माण विभाग के परिधि गृह खोपड़ी, रामपुर में क्षेत्रवासियों की जनसमस्याएं सुनीं और संबंधित मामलों के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान विकास खंड ननखड़ी की देलठ पंचायत के प्रधान उमा दत्त शर्मा के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने विधायक के समक्ष लुहरी जलविद्युत परियोजना से प्रभावित क्षेत्र के प्रदूषण का लंबित मुआवजा, शिमला-देलठ एचआरटीसी बस सेवा की बहाली तथा उठाऊ सिंचाई योजना को जल्द शुरू करने की मांग रखी। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि लुहरी जलविद्युत परियोजना के निर्माण कार्य से देलठ पंचायत को प्रदूषण और अन्य असुविधाओं का सामना करना पड़ा है। इसके बावजूद लगभग 18 करोड़ रुपये का मुआवजा पिछले दो वर्षों से लंबित है, जिससे स्थानीय लोगों में नाराजगी है। उन्होंने बताया कि शिमला-देलठ एचआरटीसी बस सेवा भी करीब तीन वर्षों से बंद है, जिसके कारण ग्रामीणों, विद्यार्थियों और अन्य यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा लंबे समय से प्रस्तावित उठाऊ सिंचाई योजना भी अब तक शुरू नहीं हो सकी है, जिससे किसानों को अपेक्षित लाभ नहीं मिल पा रहा। विधायक नंद लाल ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि उनकी सभी मांगों को प्राथमिकता के आधार पर संबंधित विभागों के समक्ष प्रभावी ढंग से उठाया जाएगा तथा समस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

**◆ शीघ्र समाधान का मिला आश्वासन**

# घुंडा भड़ेच में वार्ड सदस्यों ने ली पद और गोपनीयता की शपथ



वार्ड सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलातीं प्रधान तनुजा शर्मा।

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** कोटखाई विकास खंड की ग्राम पंचायत घुंडा भड़ेच की नवगठित पंचायत की पहली बैठक शनिवार को पंचायत कार्यालय में प्रधान श्रीमती तनुजा शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक के दौरान प्रधान ने नव-निर्वाचित वार्ड सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके बाद पंचायत क्षेत्र के विकास कार्यों, पेयजल, सड़क, स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य और सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन सहित विभिन्न जनहित के मुद्दों पर चर्चा की गई। उपप्रधान साहिल कंवर ने पंचायत प्रतिनिधियों से आपसी समन्वय और जनसहभागिता के साथ कार्य करने का आह्वान किया। प्रधान तनुजा शर्मा ने कहा कि पंचायत प्रत्येक वार्ड के समान एवं पारदर्शी विकास के लिए प्रतिबद्ध है। बैठक में पंचायत सचिव सुरेश शर्मा, पूर्व उपप्रधान नरेश शर्मा, वार्ड सदस्य गुलज़ार सहित अन्य जनप्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित रहे।

**स्पोर्ट्स** होनहार बेटी ने अंडर-18 भारतीय वॉलीबॉल टीम में बनाई जगह

# ठियोग की बेटी अर्चिता ने बढ़ाया का प्रदेश मान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** शिमला जिले के ठियोग क्षेत्र की होनहार बेटी अर्चिता बेक्टा ने अपनी मेहनत, अनुशासन और शानदार खेल प्रदर्शन के दम पर अंडर-18 भारतीय वॉलीबॉल टीम में स्थान बनाकर पूरे हिमाचल प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। अब अर्चिता 1 से 10 जुलाई तक चीन के शांगलुओ में आयोजित होने वाली आईएसएफ वर्ल्ड स्कूल वॉलीबॉल चैंपियनशिप-2026 में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। भारतीय टीम में उनका चयन ब्लॉकर के रूप में हुआ है और इन दिनों वह नागपुर में राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर में कड़ी तैयारी कर रही हैं।

जानकारी के अनुसार गवर्नमेंट मॉडल स्कूल सैंज की छात्रा अर्चिता ठियोग के समीप शिरगुली गांव की रहने वाली हैं। साधारण किसान परिवार से ताल्लुक रखने वाली


### 6 फुट 1 इंच है लंबाई

**अर्चिता** की लंबाई 6 फुट 1 इंच है, जो उन्हें ब्लॉकर की भूमिका में विशेष बढ़त देती है। खास बात यह है कि उन्होंने किसी बड़े स्पोर्ट्स हॉस्टल की सुविधा के बिना ही अपनी प्रतिभा के दम पर यह मुकाम हासिल किया है। खेल के साथ-साथ पढ़ाई में भी अर्चिता का प्रदर्शन शानदार रहा है।

**◆ 1 से 10 जुलाई तक चीन में होगी वॉलीबॉल चैंपियनशिप**

अर्चिता ने सीमित संसाधनों के बावजूद अपने सपनों को कभी छोटा नहीं होने दिया। उनकी इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है और लोग उन्हें शुभकामनाएं दे रहे हैं।

करीब तीन वर्ष पहले उनकी लंबाई और खेल प्रतिभा को देखकर वर्ल्ड एथलेटिक्स टेक्निकल ऑफिसर एवं कॉमर्स के प्रवक्ता



### मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प की बनी मिसाल

**राष्ट्रीय** और राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में लगातार भाग लेने के बावजूद उन्होंने जमा दो की परीक्षा में 500 में से 466 अंक (93.20 प्रतिशत) प्राप्त किए। विद्यालय के प्रिंसिपल देवेंद्र शर्मा ने उनकी उपलब्धि को पूरे स्कूल के लिए गर्व का विषय बताते हुए कहा कि अर्चिता मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प की प्रेरक मिसाल हैं।

सुरेश कंवर, डीपीई सुरेश नेगी और पीईटी बुजेश वर्मा ने उन्हें वॉलीबॉल अपनाने के लिए प्रेरित किया। लगातार अभ्यास और मेहनत ने उन्हें राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाया और अब वह अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश की जर्सी पहनने जा रही हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### पुड़बा पंचायत ने लिया नशा मुक्त समाज का संकल्प

**अनंत ज्ञान, डरोह।** पुड़बा पंचायत में नशा मुक्ति अभियान के तहत विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। नवनियुक्त प्रधान मंजू कुमारी ने पंचायत सदस्यों को नशा मुक्त समाज बनाने की शपथ दिलाई और कहा कि नशा परिवार व समाज के लिए गंभीर चुनौती है। उपप्रधान अनूप वालिया ने बताया कि पंचायत स्तर पर जागरूकता अभियान चलाकर युवाओं को खेल, शिक्षा और सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ा जाएगा। सभी वार्ड सदस्यों ने नशा न करने और दूसरों को भी इससे दूर रहने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। पंचायत के बुद्धिजीवियों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक कदम बताया।

### लंबागांव स्कूल में स्वयंसेवकों ने की सफाई



**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लंबागांव में एक दिवसीय एनएसएस शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 50 छात्रों ने भाग लिया। एनएसएस स्वयंसेवकों ने विद्यालय परिसर की सफाई की। स्वयंसेवकों में मितांश, कार्तिक, शगुन, रिया, गिया आदि शामिल थे। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अशोक चौधरी और मोनिका कटोच भी मौजूद रहे।

### बीडब्ल्यूआई की बैठक का प्रतिनिधित्व करेंगे संजय



**अनंत ज्ञान, डरोह।** जेनेवा में 29 और 30 जून को आयोजित होने वाली अंतरराष्ट्रीय मजदूर महासंघ (बीडब्ल्यूआई) की बैठक में हिमाचल प्रदेश से जिला कांगड़ा इंटक अध्यक्ष संजय सैनी भाग लेंगे। बैठक में विभिन्न देशों के श्रमिक संगठन प्रवासी मजदूरों के हित, भीषण गर्मी में सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन, स्वास्थ्य व सामाजिक सुरक्षा जैसे मुद्दों पर चर्चा करेंगे। बैठक की अध्यक्षता स्वीडन के जोनास और एशिया प्रतिनिधि राजीव शर्मा करेंगे, जबकि मुख्य अतिथि आर. सी. खुटिया रहेंगे। इंटक सचिव प्रेम लाल भाटिया ने बताया कि यह कांगड़ा के लिए गर्व का अवसर है।

### सुनीता बनीं ढाटी स्कूल की एसएमसी प्रधान



**अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढाटी में शिक्षा विभाग के निर्देशों के अनुसार 'विद्यालय प्रबंधन समिति' (एसएमसी) का गठन किया गया। सर्वसम्मति से सुनीता देवी को एसएमसी प्रधान और पवन कुमार को उपप्रधान चुना गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या अंजू शर्मा को सदस्य-सचिव मनोनीत किया गया। प्रधानाचार्या ने कहा कि यह गठन स्कूल और समाज के बीच मजबूत संबंध स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम में नवगठित समिति का स्वागत फूल-मालाओं और मिठाई से किया गया। बैठक में पंचायत समिति सदस्य निक्का राम सहित कई गणमान्य लोग और स्टाफ उपस्थित रहे।

### राजेश बने स्कूल प्रबंधन समिति के प्रधान

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पीर सलूही में शनिवार को प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार डोगरा की अध्यक्षता में स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) के चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए। सर्वसम्मति से राजेश कुमार को एसएमसी प्रधान और सोनू सूद को उपप्रधान चुना गया। समिति में कई अभिभावकों को सदस्य के रूप में शामिल किया गया। इस अवसर पर एसएमसी प्रभारी सुरेंद्र कुमार ने चुनाव प्रक्रिया की जानकारी दी। प्रधानाचार्य ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए विद्यालय विकास में सहयोग का आह्वान किया।

### तनावमुक्त जीवन और मानसिक शांति के बताए उपाय

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** कंवर दुर्गा चंद राजकीय महाविद्यालय जयसिंहपुर में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय संस्थान की शाखा द्वारा 'नैतिक शिक्षा का जीवन में महत्व' विषय पर प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में सकारात्मक सोच, अनुशासन, आत्मविश्वास और चरित्र निर्माण के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। ब्रह्माकुमारी संस्थान के सदस्य भगवान भाई और बहन ने विद्यार्थियों को बताया कि शिक्षा का उद्देश्य केवल शैक्षणिक उपलब्धि नहीं, बल्कि श्रेष्ठ संस्कार और मानवीय मूल्यों का विकास भी है। उन्होंने ध्यान और मेडिटेशन के माध्यम से तनावमुक्त जीवन और मानसिक शांति के उपाय भी बताए। प्राचार्य प्रो. अरुण चंद्र ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### विवेक बने अध्यक्ष और विनय शर्मा उपाध्यक्ष



**अनंत ज्ञान, राकेश डोगरा, डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गढ़ जमूला में विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से विवेक गुलेरिया को अध्यक्ष व विनय शर्मा को उपाध्यक्ष चुना गया। अन्य सदस्यों का चुनाव भी किया गया। प्रधानाचार्या मीनू सूद ने सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को बधाई दी। इस अवसर पर प्रधानाचार्या, नवनिर्वाचित सदस्य व अध्यापक उपस्थित रहे।

### कागड़ा में मीठे पानी की लगाई छबील

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** भीषण गर्मी के बीच कांगड़ा के मिनी सचिवालय स्थित उपमंडल अधिकारी कार्यालय में लोगों को राहत पहुंचाने के लिए मीठे पानी की छबील लगाई गई। इस सेवा के दौरान कार्यालय में काम से आए लोगों और बाहर से पहुंचे श्रद्धालुओं को ठंडा मीठा पानी पिलाया गया। भीषण गर्मी में यह पहल लोगों के लिए राहत का कारण बनी और सेवा भाव का सुंदर संदेश भी दिया

# कांगड़ा घाटी में बढ़ी पर्यटकों की आमद

## पार्किंग की उचित व्यवस्था न होने से लग रहा जाम, पुलिस के प्रयासों के बावजूद जाम कर रहा परेशान



उचित व्यवस्था न होने से भी लग रहा जाम। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा घाटी में पर्यटन सीजन उफान पर है। धर्मशाला, मैक्लोडगंज, पालमपुर, बीड़ में पर्यटकों की आमद अच्छी खासी है। वाहनों की संख्या बढ़ने से जाम की समस्या भी देखने को मिल रही है। कई स्थानों पर मार्ग संकरे होने की वजह से पर्यटकों को जाम की परेशानी झेलनी पड़ रही है। कुछ एक पर्यटक स्थलों पर अत्यधिक वाहनों के आने से पार्किंग की उचित व्यवस्था न होने से भी जाम लग रहा है, क्योंकि कई जगह लोग सड़क किनारे वाहन पार्क कर देते हैं, ऐसे में जाम की समस्या पेश आना लाजमी है। हालांकि पुलिस प्रयास कर रही है कि यातायात व्यवस्था सुचारु रहे, लेकिन कई जगहों पर आइडल पार्किंग भी जाम का मर्ज बढ़ा रही है।

### तय स्थान पर हो पार्किंग

**मैक्लोडगंज** और बीड़ में कई स्थानों पर सड़कों के संकरी होने के कारण यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए वन-वे व्यवस्था लागू की गई है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे अपने वाहन केवल निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़े करें, ताकि जाम की स्थिति से बचा जा सके। पर्यटक स्थलों पर बढ़ती भीड़ को देखते हुए नियमों का पालन आवश्यक बताया गया है।

### सड़क पर वाहन लगाकर विवाद से बचें

कई जगहों पर पर्यटन सीजन में लोग वाहन सड़कों पर लगाकर विवाद उत्पन्न करने का प्रयास कर रहे हैं, इससे भी बचने की जरूरत है। पुलिस का कहना है कि पर्यटक स्थलों में आने वाले पर्यटकों को जाम से बचने के लिए गूगल की सहायता लेनी चाहिए।



**पर्यटन** सीजन में पर्यटकों की काफी आमद जिला कांगड़ा में देखी जा रही है। अत्यधिक वाहनों के आने से कई जगह संकरे मार्गों पर जाम भी लग रहा है। ऐसे में पर्यटक जाम से बचने के लिए अपने वाहनों को सुरक्षित स्थान पर पार्क करके घूमने के लिए अन्य वाहनों का सहारा लें।
**-बीर बहादुर, एसपी जिला कांगड़ा।**

# नशा मुक्त समाज के लिए विभागों के बीच बेहतर समन्वय जरूरी: एडीसी



जिला स्तरीय एनसीओआरडी समिति की बैठक आयोजित। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**धर्मशाला।** अतिरिक्त उपायुक्त विनय कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय एनसीओआरडी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में नशा तस्करी की रोकथाम, नशीले पदार्थों के दुरुपयोग पर नियंत्रण तथा नशा मुक्त समाज के निर्माण की समीक्षा की गई।

बैठक में पुलिस, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा अन्य विभागों के बीच समन्वय बढ़ाने के निर्देश दिए गए। संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी और गश्त बढ़ाने तथा नशा तस्करों पर सख्त कार्रवाई करने को कहा गया। शिक्षण संस्थानों में जागरूकता अभियान तेज करने के निर्देश दिए गए। बैठक में नशा पीड़ित व्यक्तियों के उपचार एवं पुनर्वास की समीक्षा की गई। 519 स्कूलों की काउंसिलिंग पूरी हो चुकी है तथा इसे और तेज करने की आवश्यकता बताई गई। 100 मीटर दायरे में तंबाकू बिक्री रोकने के निर्देश भी दिए गए। जिले में पुलिस ने नशा बरामदगी मामलों की जानकारी प्रस्तुत की। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रजिंदर कुमार, स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। एडीसी ने सभी विभागों से संयुक्त प्रयास कर नशा उन्मूलन अभियान को प्रभावी बनाने तथा समाज को जागरूक करने पर जोर दिया।

# कांगड़ा में महका कोलकाता का गेंदा 50 दिन में साढ़े तीन लाख की कमाई

## कांगड़ा व चिंतपूर्णी के मंदिरों समेत पठानकोट और जालंधर तक बढ़ी मांग

अनंत ज्ञान

**आशीष दमीर, कांगड़ा।** कांगड़ा जिले में इन दिनों कोलकाता राज्य की एक नामी प्रजाति के मैरीगोल्ड (गेंदा) फूल की खुशबू के साथ किसानों की आमदनी भी महक रही है। बरसात से पहले गेंदा फूल की मांग अचानक बढ़ने से इसके होलसेल दाम 200 रुपए प्रति किलो तक पहुंच गए हैं। पिछले तीन दिनों में ही दाम लगभग दोगुने हो गए हैं, जिससे फूल उत्पादकों को अच्छा लाभ मिल रहा है।

जिले में पटौला गांव के अग्रणी किसान बलवीर सैणी ने छह कनाल भूमि में कोलकाता मैरीगोल्ड की खेती कर मिसाल पेश की है। उन्होंने मार्च माह में करीब 8,000 पौधों का रोपण किया था। लगभग 45 दिन बाद फूलों की तुड़ाई शुरू हुई और अब तक मात्र 50 दिनों में वह करीब साढ़े तीन लाख रुपए की कमाई कर चुके हैं। वहीं, पौधों और अन्य प्रबंधन पर उनका कुल खर्च लगभग 50 हजार रुपए आया। बलवीर सैणी द्वारा उगाए गए फूलों की सप्लाई कांगड़ा जिले के प्रमुख धार्मिक स्थलों कांगड़ा देवी, चामुंडा देवी, बगलामुखी और चिंतपूर्णी मंदिर तक की जा रही है। इसके अलावा पठानकोट और जालंधर के बाजारों में भी इन फूलों की भारी मांग बनी हुई है। बलवीर सैणी कृषि और बागबानी क्षेत्र में लगातार नए प्रयोग करने के लिए जाने जाते हैं। वह स्टेट सीड एंड ऑर्गेनिक प्रोड्यूस एजेंसी की गवर्निंग बॉडी के सदस्य भी हैं। उनके सफल प्रयोगों से कांगड़ा जिले में पारंपरिक खेती से बागवानी और नकदी फसलों की ओर किसानों का रुझान बढ़ रहा है। मैरीगोल्ड की बढ़ती मांग और बेहतर दामों ने किसानों के लिए आय के नए अवसर पैदा किए हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि किसान वैज्ञानिक तरीके से फूलों की खेती अपनाएं तो कम भूमि में भी अच्छी आमदनी हासिल की जा सकती है।



**बलवीर** सैणी ने शानदार काम किया है। ऐसे प्रगतिशील बागवानों की बदौलत हिमाचल प्रदेश बागबानी के क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ रहा है।
**-डा. कमलशील नेगी बागवानी विशेषज्ञ।**

# शिक्षा विभाग में मेरिट आधारित कई नियुक्तियां अढ़ाई साल से लटकी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** मेरिट आधार पर शुरू बीआरसीसी भर्ती हिमाचल प्रदेश में अढ़ाई साल से लटकी है। पहली बार 282 बीआरसीसी नियुक्ति के लिए नई नीति बनाकर लिखित परीक्षा और इंटरव्यू लिए गए मगर नियुक्तियां नहीं दी गईं। प्रदेश राजकीय टीजीटी कला संघ ने समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत 282 बीआरसीसी खंड स्रोत समन्वयक पदों पर भर्ती प्रक्रिया को शीघ्र पूरा कर नियुक्ति आदेश जारी करने की मांग की है। संघ के प्रदेशाध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष व प्रदेश महासचिव ने कहा कि यह भर्ती पिछले लगभग अढ़ाई वर्षों से लंबित है। 30 अक्तूबर 2023 को प्रारंभ हुई भर्ती प्रक्रिया पर सीडब्ल्यूपी 9447/2023 के तहत रोक लग गई थी। इसके बाद 07 नवंबर 2024 को भर्ती प्रक्रिया आगे बढ़ाने की अनुमति मिलने पर 30 नवंबर 2024 को 282 पदों के लिए पुनः विज्ञापन जारी किया गया।

24 दिसंबर 2024 तक आवेदन प्राप्त किए गए, 06 अप्रैल 2025 को लिखित परीक्षा आयोजित हुई तथा 26 मई से 02 जून 2025 तक साक्षात्कार भी संपन्न कर लिए गए। इसके बावजूद आज तक अंतिम परिणाम घोषित नहीं किया गया है। इस भर्ती प्रक्रिया के सभी चरण पूर्ण हो चुके हैं और अब केवल अंतिम परिणाम घोषित किया जाना शेष है, जिसके लिए सी डब्ल्यूपी 9227/2025 में आवश्यक न्यायालयीन अनुमति प्राप्त कर शीघ्र नियुक्तियां की जानी चाहिए। मैरिट में साबित पात्र अब हास्य के पात्र बनते जा रहे हैं।

◆ **टीजीटी कला संघ ने सीबीएसई चयनित सेवारत शिक्षक,टीजीटी और बीआरसीसी नियुक्तियों को तरसे**

### सीबीएसई शिक्षक भर्ती में भी विलंब

**कैबिनेट** सब कमेटी का गठन करके सीबीएसई स्कूलों में सेवारत शिक्षक प्रतिनियुक्ति मामला सुलझाने की कवायद शुरू हुई मगर इसकी बैठक में विलंब हुआ है। मैरिट आधार पर हो रही ये हजारों प्रतिनियुक्तियां भी बीआरसीसी भर्ती की तरह ही लटकी हुई हैं।

**937 टीजीटी नियुक्ति की प्रतीक्षा में:** मेरिट आधार पर हिमाचल प्रदेश के सरकारी स्कूलों में 937 टीजीटी (आर्ट्स,नॉन-मेडिकल और मेडिकल) पदों का परिणाम घोषित होने के बावजूद चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र (जॉइनिंग) का 3 माह से इंतजार करना पड़ रहा है। इससे कमीशन पास कर चुके युवा हताश हैं। संघ ने इन टीजीटी की नियुक्ति की मांग दोहराई है।

# एंटी चिट्टा दिवस पर पालमपुर में नशे के खिलाफ भरी हुंकार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** पुलिस थाना पालमपुर के तहत नगर निगम कार्यालय पालमपुर में नशा विरोधी जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एएसपी कांगड़ा बीर बहादुर ने की।

इस दौरान नगर निगम के पार्षद, विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य तथा क्षेत्र के नागरिक उपस्थित रहे। बैठक में नशे की बढ़ती समस्या, इसके सामाजिक दुष्प्रभाव और युवाओं को इससे बचाने के उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित सभी लोगों ने समाज को नशा मुक्त बनाने का संकल्प लेते हुए नशा विरोधी शपथ भी ग्रहण की। इसके बाद कमांडो फिजिकल अकादमी पालमपुर में लगभग 300 विद्यार्थियों के लिए विशेष जागरुकता व्याख्यान आयोजित किया गया।

विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया तथा उन्हें एंटी चिट्टा एवं एंटी ड्रग्स की शपथ दिलाई गई। एएसपी बीर बहादुर ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस के तहत प्रदेश सरकार के निर्देशों पर पूरे हिमाचल में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया गया। जिला कांगड़ा की 15 पंचायतों सहित धर्मशाला और पालमपुर नगर निगम क्षेत्रों में पुलिस अधिकारियों, एसएचओ और चौकी प्रभारियों ने जनप्रतिनिधियों के साथ बैठकें कर नशे के खिलाफ अभियान की रूपरेखा साझा की। साथ ही विभिन्न शिक्षण संस्थानों में जाकर विद्यार्थियों को जागरूक किया गया और नशा विरोधी शपथ दिलाई गई। उन्होंने कहा कि नशे की समस्या लगातार नए रूप ले रही है और अब महिलाएं व कम उम्र के बच्चों को भी इसमें फंसाने के प्रयास किए जा रहे हैं। ऐसे में गांव-गांव और घर-घर तक जागरूकता पहुंचाना बेहद आवश्यक है।

◆ **पंचायतों से स्कूलों तक चला जागरुकता अभियान**

# ब्लॉक समिति पालमपुर पर भाजपा का कब्जा



एसडीएम डॉ. ओपी यादव ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष को दिलाई शपथ।

अनंत ज्ञान

**पालमपुर।** पंचायत समिति पालमपुर के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पदों के निर्वाचन की प्रक्रिया शनिवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुई। निर्वाचन के उपरांत आधिकारिक रूप से घोषित परिणामों के अनुसार उषा देवी पंचायत समिति पालमपुर की अध्यक्ष तथा बिंदु देवी उपाध्यक्ष निर्वाचित घोषित की गईं।

निर्वाचन प्रक्रिया निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न हुई। इसके उपरांत एसडीएम पालमपुर एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी डॉ. ओपी यादव ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष उषा देवी तथा उपाध्यक्ष बिंदु देवी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर डॉ. ओपी यादव ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में पंचायत समिति क्षेत्र के विकास कार्यों तथा जनहित से जुड़े कार्यों का प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन सुनिश्चित होगा। भाजपा के वरिष्ठ प्रदेश प्रबक्ता त्रिलोक कपूर ने नव निर्वाचित अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष को बधाई देते हुए कहा कि पालमपुर की जनता ने 2027 के विधानसभा चुनाबो का बिगुल बजा दिया है।

◆ **उषा देवी बनीं अध्यक्ष और बिंदु देवी उपाध्यक्ष निर्वाचित**

# पालमपुर में भाजपा समर्थित नेतृत्व को मिला प्रचंड जनसमर्थन: त्रिलोक कपूर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** भाजपा के प्रदेश वरिष्ठ प्रवक्ता त्रिलोक कपूर ने पालमपुर ब्लॉक समिति अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष चुनाव में भाजपा समर्थित उम्मीदवारों की शानदार जीत पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह परिणाम केवल दो पदों की जीत नहीं, बल्कि ग्रामीण जनता द्वारा विकास, सुशासन और जनहित की राजनीति पर लगाए गए विश्वास की स्पष्ट मुहर है। उन्होंने कहा कि यह जनादेश इस बात का प्रमाण है कि कांग्रेस सरकार की जनविरोधी नीतियों, प्रशासनिक हस्तक्षेप और राजनीतिक दबाव की राजनीति को जनता ने पूरी तरह नकार दिया है। त्रिलोक कपूर ने कहा कि पालमपुर ब्लॉक समिति के कुल 21 निर्वाचित सदस्यों में से एक सदस्य अनुपस्थित रहा, जबकि उपस्थित सदस्यों में भाजपा समर्थित उम्मीदवारों को स्पष्ट बहुमत प्राप्त हुआ। यह जीत संगठन के समर्पित कार्यकर्ताओं की मेहनत, जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता और ग्रामीण जनता के अटूट समर्थन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि पालमपुर नगर निगम क्षेत्र में लगभग 25 हजार मतदाता हैं, जबकि ग्रामीण क्षेत्र की 40 पंचायतों में लगभग 55 हजार मतदाता निवास करते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों से प्राप्त यह प्रचंड जनसमर्थन स्पष्ट संकेत देता है कि जनता विकास, पारदर्शिता, जवाबदेही और जनहित की राजनीति को प्राथमिकता दे रही है।

# परागपुर ब्लॉक पंचायत समिति में कांग्रेस की जीत का जश्न, बांटे लड्डू



डाडासीबा बाजार में लड्डू बांटते कांग्रेस कार्यकर्ता। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**डाडासीबा।** परागपुर विकास खंड पंचायत समिति में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद पर कांग्रेस समर्थित उम्मीदवारों की जीत की खुशी में शनिवार को डाडासीबा बाजार में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लड्डू बांटकर जश्न मनाया।

इस दौरान बाजार में दुकानदारों, राहगीरों और स्थानीय लोगों को मिठाई खिलाकर जीत की खुशी साझा की गई। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को बधाई देते हुए नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं भी दीं। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस महासचिव एवं कांग्रेस नेता ठाकुर सुरेंद्र सिंह मनकोटिया ने कहा कि पंचायत समिति में कांग्रेस समर्थित नेतृत्व बनने से क्षेत्र के विकास कार्यों को नई गति मिलेगी और जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जाएगा। इस मौके पर सुरेंद्र सिंह की धर्मपत्नी रजनी मनकोटिया, पंचायत समिति सदस्य एवं बीडीसी वाइस चेयरमैन अनिल किशोर, बीडीसी सदस्य बबीता (डाडा सीबा), बीडीसी सदस्य अंकुश (बाड़ी), व्यापार मंडल डाडा सीबा के प्रधान राजेंद्र सिंह गोगा, पूर्व प्रधान धर्म चंद, रंजीत परमार, प्रीतम मैहरा आदि उपस्थित रहे।

**निरीक्षण** जवाली क्षेत्र के मतलाहार में कृषि टीम का निरीक्षण, किसानों को दी जानकारी

# मक्की की फसल पर फॉल आर्मी वर्म का खतरा

अनंत ज्ञान

**अजय पाल, पालमपुर।** मक्की की फसल को नुकसान पहुंचाने वाला घातक कीट फॉल आर्मी वर्म का प्रकोप पिछले कुछ वर्षों से किसानों के लिए गंभीर चिंता का विषय बना हुआ है। इससे समय रहते बचाव के लिए कृषि विभाग, जिला कांगड़ा ने फसल की निगरानी एवं किसानों को जागरूक करने के लिए एक विशेष अभियान प्रारंभ किया है। इसी क्रम में राज्य जैव नियंत्रण प्रयोगशाला, पालमपुर की तकनीकी टीम एवं विभागीय निदान विशेषज्ञों की संयुक्त टीम ने विकास खंड नगरोटा सूरियां के अंतर्गत आने वाले जवाली क्षेत्र की पंचायत मतलाहार का दौरा किया।

निरीक्षण के दौरान टीम ने खेतों में मक्की की फसल पर कीट की उपस्थिति का मूल्यांकन किया और किसानों को इसके लक्षण, पहचान तथा प्रबंधन तकनीकों के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की। राज्य जैव नियंत्रण प्रयोगशाला पालमपुर की टीम ने किसानों को बताया कि प्रारंभिक अवस्था में यह कीट पत्तियों पर सुई जैसे छोटे छेद करता है जो समय के साथ बड़े अनियमित सुराखों में बदल जाते हैं। सुंडियां पत्ती गोभ के अंदर छिपकर पत्तियां खाती हैं और तने को खोखला कर देती हैं, जिससे पौधे सूख जाते हैं। डॉ. रीता ठाकुर, कृषि विकास अधिकारी, राज्य जैव नियंत्रण प्रयोगशाला, पालमपुर, किसानों को सुझाव दिया कि यदि कीट का प्रकोप 10% से कम हो, तो 5 मिली नीम आधारित कीटनाशी प्रति लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करें। वहीं यदि प्रकोप 10% से अधिक हो, तो एमामेक्टिन बेंजोएट 5एसजी (0.4 ग्राम/लीटर) या क्लोरएन्ट्रानिलीप्रोल 18.5एसजी (कोराजन) 0.4 मिली/लीटर का छिड़काव किया जाना चाहिए और साथ ही साथ कीटग्रस्त पौधों को खेत से निकालकर नष्ट कर देना चाहिए, तथा छिड़काव करते समय नोजल को पत्ती गोभ की ओर निर्देशित करें, ताकि कीटनाशी सीधे कीट पर प्रभावी हो सके। साथ ही यह सलाह दी गई कि मक्की के फूल आने की अवस्था से लेकर फसल कटाई तक रासायनिक कीटनाशकों से परहेज करना चाहिए। किसानों को प्रयोगशाला में निर्मित जैविक कीटनाशकों के उपयोग की विधियां भी समझाई गईं। डॉ. विशाखा पॉल, उप परियोजना निदेशक (आत्मा), कांगड़ा, न बताया कि फॉल आर्मी वर्म अत्यंत तेजी से फैलने वाला कीट है, जिसकी सुंडी अवस्था सबसे अधिक नुकसानदायक होती है। यदि प्रारंभिक अवस्था में नियंत्रण नहीं किया गया, तो यह पूरे खेत को बर्बाद कर सकता है।अधिकारियों ने किसानों को फसल चक्र अपनाने, खेत की गहरी जुताई करने, और फसल अवशेषों को नष्ट करने जैसे सांस्कृतिक उपायों को अपनाने की भी सलाह दी, जिससे इस कीट की बढ़त को रोका जा सके।



खेतों में जाकर निरीक्षण करती कृषि विभाग की टीम। अनंत ज्ञान

# प्रताप वर्ल्ड स्कूल के अनुज धीमान का आईआईटी धनबाद में चयन

अनंत ज्ञान



**अशोक ठाकुर, पठानकोट।** प्रताप वर्ल्ड स्कूल (पीडब्ल्यूएस) पठानकोट के छात्र अनुज धीमान ने जेईई एडवांस परीक्षा उत्तीर्ण कर आईआईटी धनबाद में बी.टेक (माइनिंग इंजीनियरिंग) में प्रवेश प्राप्त किया है। उन्होंने ऑल इंडिया रैंक 2912 हासिल कर यह उपलब्धि अपने नाम की। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि अनुज की सफलता उनकी मेहनत, अनुशासित तैयारी और लक्ष्य के प्रति समर्पण का परिणाम है। यह उपलब्धि स्कूल के 'स्कूलिंग, कोचिंग, हॉस्टल' मॉडल की सफलता को भी दर्शाती है, जिसके माध्यम से विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा के साथ-साथ जेईई और नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाई जाती है। विद्यालय के डायरेक्टर सनी महाजन ने अनुज को बधाई देते हुए कहा कि यह पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व का क्षण है। प्रधानाचार्या सुभ्रा रानी ने भी उनकी सफलता को प्रेरणादायक बताते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय परिवार ने अनुज और उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## न्यूज ब्रीफ

### बस्सी में युवाओं ने लगाई ठंडे पानी की छबील



अनंत ज्ञान, भोरंज। भीषण गर्मी के बीच ग्राम बस्सी के युवाओं ने मानव सेवा और समाज कल्याण की अनूठी मिसाल पेश करते हुए छबील का आयोजन किया। इस दौरान राहगीरों, वाहन चालकों और स्थानीय लोगों को ठंडा शरबत, हवला और चने वितरित किए गए। सुबह से ही युवाओं ने सेवा कार्य संभालते हुए हर राहगीर का स्वागत किया और उन्हें राहत सामग्री प्रदान की। आयोजन में लक्की, विक्की, विशाल, मोहित, अधिवक्ता दिनेश संधू, संदीप सहित अन्य युवा मौजूद रहे।

### 31 जुलाई से पहले जमा करवाएं आयकर रिटर्न

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। हिम आंचल पेंशनर्ज संघ के प्रदेश अध्यक्ष केसी गौतम ने कहा कि आयकर दायरे में आने वाले पेंशनर या जिनका अधिक टैक्स कट चुका है, वे 31 जुलाई 2026 से पहले आयकर रिटर्न अवश्य दाखिल करें। उन्होंने बताया कि 2025 में दिए गए जीवित प्रमाण पत्र की वैधता 30 जून 2026 को समाप्त हो जाएगी। नए जीवित प्रमाण पत्र 1 जुलाई से 30 सितंबर 2026 तक कोषागार कार्यालयों में जमा किए जा सकेंगे। उन्होंने सभी सदस्यों से समय पर ऑनलाइन या ऑफलाइन प्रक्रिया पूरी करने की अपील की, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की समस्या न हो।

### बीना देवी बनी एसएमसी कमेटी की प्रधान

अनंत ज्ञान, धनेटा। उपमंडल नादौन के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हथोल में एसएमसी कमेटी का गठन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य राजकुमार बंसल ने की। विद्यालय परिसर में आयोजित आम सभा में सर्वसम्मति से पुष्पा देवी को अध्यक्ष तथा बीना देवी को उपाध्यक्ष चुना गया। प्रधानाचार्य ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए विश्वास जताया कि समिति विद्यालय के शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं आधारभूत विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस अवसर पर अभिभावकों, शिक्षकों और स्थानीय लोगों ने सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं।

### धनेटा पंचायत में वार्ड सदस्यों को दिलाई शपथ



अनंत ज्ञान, धनेटा। धनेटा पंचायत में शनिवार को नई चुनी हुई पंचायत के सदस्यों को पंचायत प्रधान राज कुमार अग्निहोत्री ने नव निर्वाचित पंचायत सदस्यों नीरू शर्मा, वंदना शर्मा, दीक्षा कुमारी, भोला रानी, रवि कुमार, जितेंदर कुमार, दिनेश कुमार को पद एव गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर पंचायत प्रधान ने चुने हुए सभी नवनिर्वाचित पंचायत सदस्यों को बधाई दी। इस मौके पर प्रशासन की तरफ से अमिता कुमारी तकनीकी सहायक की देखरेख में शपथ ग्रहण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के उप प्रधान अनुज कुमार नंदा, अर्चना कुमारी सहायक सचिव व सिलाई अध्यापिका, पंचायत कर्मचारी संजीव कुमार उपस्थित रहे।

### गलोड़ की 15 पंचायतों में वार्ड सदस्यों ने ली शपथ

अनंत ज्ञान, गलोड़। गलोड़ क्षेत्र की 15 पंचायतों में शनिवार को बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न पंचायतों के प्रधानों ने अपने-अपने वार्ड सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण के बाद विकास कार्यों, पेयजल, सड़क, स्वच्छता और ग्राम सभा की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में आगामी विकास कार्यों की प्राथमिकताएं तय कर एजेंडा तैयार किया गया। सरेडी पंचायत प्रधान ताराचंद ने समयबद्ध समाधान और जनसंपर्क पर जोर दिया। बैठक में उपप्रधान पंकज कुमार सहित अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### जिला उद्योग केंद्र में मनाया एमएसएमई दिवस

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। अंतरराष्ट्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) दिवस के अवसर पर शनिवार को जिला उद्योग केंद्र में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता डीआईसी महाप्रबंधक डॉ. ठाकुर भगत ने की, जिसमें विभागीय अधिकारी और कई उद्यमी शामिल हुए। डॉ. भगत ने कहा कि एमएसएमई देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और बड़े पैमाने पर रोजगार सृजित करते हैं। उन्होंने बताया कि संयुक्त राष्ट्र ने 27 जून को यह दिवस घोषित किया था।

### राधा अध्यक्ष व निर्मला बनी एसएमसी उपाध्यक्ष



अनंत ज्ञान, नादौन। राजकीय उच्च विद्यालय जीवाणी में अभिभावकों की बैठक के दौरान स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) का गठन किया गया। सर्वसम्मति से राधा देवी को अध्यक्ष और निर्मला देवी को उपाध्यक्ष चुना गया। समिति में पंचायत वरध्याड़ की आरती शर्मा और आशा वर्कर वंदना कुमारी को मनोनीत सदस्य बनाया गया। इसके अलावा कई अभिभावक एवं शिक्षक सदस्य के रूप में शामिल किए गए। मुख्याध्यापक संसार सिंह राणा को सदस्य-सचिव नियुक्त किया गया। बैठक में शैक्षणिक विकास और सरकारी योजनाओं पर भी चर्चा हुई।

### सेवानिवृत्त पुलिस निरीक्षक ज्ञान चंद का निधन

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। सेवानिवृत्त पुलिस निरीक्षक ज्ञान चंद जस्वाल का हृदय गति रुकने से देहांत हो गया, जिनका अंतिम संस्कार हथली खड्ड में किया गया, जिसमें सेवानिवृत्त पुलिस पेंशनर बेललयर एसोसिएशन के अध्यक्ष जगदीश शर्मा अति पुलिस अधीक्षक एवं सतमाल कौशल पुलिस महानिरीक्षक सेवानिवृत बलबीर सिह पटियाल, उप पुलिस अधीक्षक सेवानिवृत कर्मचारियों ने श्रद्धांजलि दी।

# पहली जॉब को एक ट्रेनिंग समझें स्किल अपग्रेड करें : राजेश धर्माणी

## तकनीकी शिक्षा एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री ने किया मेगा जॉब फेयर का शुभारंभ

अनंत ज्ञान

हमीरपुर। नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने युवाओं से अपील की है कि वे कॉरपोरेट सेक्टर में अपनी पहली जॉब को एक ट्रेनिंग की तरह समझें और अपने स्किल्स को लगातार अपग्रेड करते रहें। इससे उनका करियर संवरेगा और वे जीवन में बहुत बड़ी सफलता हासिल कर सकेंगे। शनिवार को बहुतकनीकी महाविद्यालय बड़ू, हमीरपुर के परिसर में सिटी ग्रुप एवं सीटी यूनिवर्सिटी की ओर से महाविद्यालय प्रशासन के सहयोग से आयोजित मेगा जॉब फेयर का उद्घाटन करते हुए राजेश धर्माणी ने



मेगा जॉब फेयर के शुभारंभ पर संबोधित करते धर्माणी। अनंत ज्ञान

कहा कि प्रदेश सरकार हिमाचल के युवाओं को सरकारी क्षेत्र के साथ-साथ प्राइवेट सेक्टर में भी रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध करवाने के लिए लगातार प्रयासरत है। शिक्षण संस्थानों में नए रोजगारपरक कोर्स आरंभ किए जा रहे हैं। स्किल यूनिवर्सिटी भी स्थापित की जा रही है। मुख्यमंत्री सुक्खू कैबिनेट की हर बैठक में इन सभी योजनाओं की समीक्षा करते हैं। मेगा जॉब फेयर के आयोजन के लिए सीटी ग्रुप की सराहना करते हुए राजेश धर्माणी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में इस ग्रुप का यह पांचवां आयोजन है और इसमें कॉरपोरेट सेक्टर की 32 बड़ी कंपनियों की मौजूदगी युवाओं के लिए बहुत बड़ा अवसर है। पिछली बार घुमारवीं में आयोजित किए गए इसी तरह के मेगा जॉब फेयर में लगभग 700 युवाओं को नौकरी मिली थी और इनमें से 535 युवा अब अच्छे पदों पर कार्यरत हैं। धर्माणी ने कहा कि ऐसे आयोजन से युवाओं को कॉरपोरेट सेक्टर की बड़ी कंपनियों के अधिकारियों के साथ सीधी इंटरएक्शन और अपने व्यक्तिगत स्किल के आधार पर रोजगार मिलता है। सीटी ग्रुप के वाइस चेयरमैन हरप्रीत सिंह, डॉ विनीत ठाकुर, डॉ. आशीष रैणा, डॉ. नितिन अरोड़ा, बहुतकनीकी महाविद्यालय के प्रधानाचार्य चंद्रशेखर और अन्य अधिकारियों ने भी प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में राज्य कृषि विपणन बोर्ड के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, नरेश ठाकुर, कांग्रेस डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा आदि उपस्थित थे।

## जोल सप्पड़ में ग्रामीणों ने नशा मुक्त पंचायत बनाने का लिया संकल्प



जोल सप्पड़ पंचायत में नशा जागरुकता कार्यक्रम आयोजित। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

सोनल, नादौन। नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत शनिवार को जोल सप्पड़ पंचायत में पुलिस थाना नादौन की ओर से व्यापक नशा जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें पंचायत प्रतिनिधियों, युवाओं, महिलाओं, स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों और बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया तथा नशा मुक्त ग्राम और नशा मुक्त भारत के निर्माण का संकल्प लिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता एसएचओ इंस्पेक्टर निर्मल सिंह ने की। उन्होंने कहा कि नशा समाज, विशेषकर युवाओं के भविष्य के लिए गंभीर खतरा है। यह शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने के साथ-साथ परिवार और समाज की आर्थिक व सामाजिक स्थिति को भी प्रभावित करता है।

उन्होंने अभिभावकों से बच्चों की दिनचर्या और संगति पर ध्यान देने तथा उन्हें खेल, शिक्षा, योग और सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़ने की अपील की। साथ ही ग्रामीणों से नशा तस्करी या संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को देने का आग्रह किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि सूचना देने वालों की पहचान गोपनीय रखी जाएगी और दोषियों पर सख्त कार्रवाई होगी।

# भाजपा ने जिला परिषद व पंचायत समिति चुनावों में देरी के विरोध में किया प्रदर्शन



जिला परिषद और पंचायत समिति अध्यक्ष व उपाध्यक्ष चुनाव में देरी को लेकर राज्यपाल को भेजा ज्ञापन अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर। जिला परिषद और पंचायत समिति अध्यक्ष-उपाध्यक्ष चुनावों में देरी को लेकर जिला भाजपा ने शनिवार को मिनी सचिवालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया।

इस दौरान कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए डीसी को ज्ञापन सौंपा और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में हो रही देरी पर तुरंत कार्रवाई की मांग की। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर, प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह राणा, विधायक आशीष शर्मा, पूर्व विधायक अनिल धीमान, कमलेश कुमारी सहित कई पदाधिकारी और नवनिर्वाचित जिला परिषद सदस्य मौजूद रहे। भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार राजनीतिक कारणों से चुनाव प्रक्रिया को जानबूझकर लंबित कर रही है, जिससे जनप्रतिनिधियों के अधिकार प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह लोकतांत्रिक भावना के खिलाफ है और सरकार को जल्द चुनाव कार्यक्रम घोषित करना चाहिए। राकेश ठाकुर ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार पहले भी पंचायत चुनाव समय पर नहीं करा पाई थी और न्यायालय के हस्तक्षेप के बाद प्रक्रिया पूरी हुई। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द चुनाव तिथियां घोषित नहीं की गईं तो भाजपा जिला स्तर पर व्यापक आंदोलन शुरू करेगी। प्रदेश मुख्य प्रवक्ता राजेंद्र सिंह राणा ने कहा कि भाजपा लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने के किसी भी प्रयास का विरोध करेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार राजनीतिक हार के डर से चुनाव प्रक्रिया में देरी कर रही है। उन्होंने बताया कि जिले की छह पंचायत समितियों में से केवल भोरंज में ही चुनाव हुए हैं, जबकि अन्य लंबित हैं। उन्होंने सुजानपुर नगर परिषद चुनाव को लेकर भी सवाल उठाते हुए कहा कि प्रक्रिया में नियमों की अनदेखी की गई है और मामला न्यायालय में जाएगा।

# हमीरपुर के विकास को नई पहचान देने वाले नेता हैं अनुराग : राजेंद्र राणा



पत्रकारों से बात करते भाजपा के राज्य प्रमुख प्रवक्ता राजेंद्र राणा व अन्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर। भाजपा के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता राजेंद्र राणा ने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद अनुराग ठाकुर ने अपने कार्यकाल में विकास की मजबूत नींव रखी, जिसके सकारात्मक परिणाम आज भी क्षेत्र में दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि अनुराग ठाकुर ने राजनीति को केवल चुनाव तक सीमित न रखते हुए जनसेवा और विकास को प्राथमिक लक्ष्य बनाया।

राणा ने बताया कि हमीरपुर में 24 मार्च 2022 को भारतीय खेल प्राधिकरण के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना हुई, जहां बैडमिंटन, बॉक्सिंग, जूडो, हॉकी, कुश्ती और एथलेटिक्स सहित छह खेलों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम, नादौन अमतर क्रिकेट ग्राउंड और एचपीसीए के माध्यम से उभरते खिलाड़ियों का उल्लेख करते हुए कहा कि यह सब इसी सोच का परिणाम है। उन्होंने कहा कि धौलासिद्ध जलविद्युत परियोजना, राष्ट्रीय राजमार्गों और फोरलेन परियोजनाओं से क्षेत्र के विकास को नई गति मिली है। लगभग 700 करोड़ की परियोजना धौलासिद्ध और 1334 करोड़ रुपए की हमीरपुर-मंडी एनएच चौड़ीकरण योजना भी इनमें शामिल है। साथ ही ग्रामीण सड़क नेटवर्क और आवास योजनाओं के लिए केंद्र से बड़ी स्वीकृतियां प्राप्त हुईं। जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि पीएमजीएसवाई के तहत जिले में सैकड़ों सड़क परियोजनाएं स्वीकृत हुई हैं। उन्होंने बताया कि भिड़ा से रंगस बाइपास जैसी महत्वपूर्ण परियोजना भी अनुराग ठाकुर के प्रयासों का परिणाम है, जिससे हमीरपुर शहर को जाम से राहत मिलेगी।

# पूर्व विधायक विकास कार्यों को लेकर फैला रहे भ्रम: रणजीत

अनंत ज्ञान

सुजानपुर। लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह, सुजानपुर में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने पूर्व विधायक द्वारा लगाए गए आरोपों को सिरे से खारिज किया। उन्होंने कहा कि जो विकास कार्य 12 वर्षों में पूरे नहीं हो सके, वे अब वर्तमान सरकार के कार्यकाल में धरातल पर उतर रहे हैं।

उन्होंने लोअर पोहंज-रोपरी सड़क और विश्राम गृह की पार्किंग का उल्लेख करते हुए कहा कि इन कार्यों को लेकर पूर्व विधायक केवल राजनीति कर रहे हैं, जबकि अपने कार्यकाल में इन्हें पूरा नहीं किया गया। धरोल सड़क को लेकर उठे विवाद पर उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में बाधा डालना दुर्भाग्यपूर्ण है। पार्किंग में कथित घोटाले के आरोपों पर विधायक ने कहा कि बिना ठोस सबूतों के



प्रेसवार्ता को संबोधित करते विधायक रणजीत सिंह। अनंत ज्ञान

लगाए गए आरोप जनता को गुमराह करने का प्रयास हैं। उन्होंने कहा कि यदि किसी के पास प्रमाण हैं तो उन्हें सार्वजनिक किया जाए। विधायक ने पूर्व विधायक पर तंज कसते हुए कहा कि विकास कार्यों पर सवाल उठाने से पहले अपने कार्यकाल का मूल्यांकन करना चाहिए। साथ ही उन्होंने सुजानपुर को हाईटेक एंबुलेंस मिलने और स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार का भी उल्लेख किया। जोलसप्पर मेडिकल कॉलेज पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि इसका निर्माण मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में तेजी से हो रहा है और भविष्य में इसमें हेलिपैड सुविधा भी उपलब्ध होगी। नगर परिषद चुनाव को लेकर उन्होंने कहा कि अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का निर्वाचन लोकतांत्रिक प्रक्रिया और पार्षदों की एकजुटता का परिणाम है। इस अवसर पर कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।

# गोपाल नगर में लावारिस कुत्ते ने तीन लोगों को किया लहूलुहान

अनंत ज्ञान

हमीरपुर। गोपाल नगर में अशोक के मकान में रहने वाले प्रवासी मेवाराम जो मजदूरी का काम करता है, उसकी 6 वर्ष की बेटी शारदा की टांग को एक कुत्ते ने नोच डाला, उसके बाद कृष्णा नगर वार्ड नंबर 1 की इंदिरा कॉलोनी में राजकुमार के किरायेदार वीरपाल जो कि प्रवासी है, मजदूरी का काम करता है, के दो साल के बच्चे शिवम को कमरे में घुसकर उसके कूल्हों को काट दिया। शिवम को काटने के 5 मिनट बाद ही कुत्ता नजदीक ही मर गया।

रमन कुमार अपनी गाड़ी में बच्चे शिवम को तथा उसके मां-बाप को राधा कृष्ण मेडिकल कॉलेज इमरजेंसी में लेकर गए। मेडिकल कॉलेज में शिवम को टीका लगवाया, उसके बाद ही शारदा के मां-बाप अपनी बच्ची को लेकर इमरजेंसी में टीका लगवाने के लिए आए। कुत्ते ने शारदा की टांग को बहुत बुरी तरह जख्मी कर दिया था। मैंने कुत्ते के काटने के बारे तथा उसके मरने के



बारे में विस्तार से नगर निगम के कमिश्नर को इसकी सूचना दे दी। पशु औषधालय स्थित कृष्णा नगर के डॉक्टर को बताया। डॉक्टर ने नगर निगम के कुत्ता पकड़ने वाले कर्मचारियों की सहायता से आसपास के सभी कुत्तों को टीकाकरण की बात कही। जिला प्रशासन से समाजसेवी संस्था प्रभात सुधार सभा का अनुरोध है कि आवारा कुत्तों के काटने को भांपते हुए जल्द से जल्द इनको ढूंढ ढूंढ कर इन का टीकाकरण किया जाए।

## जड़ोह फाटलियां में तेंदुए के आतंक से ग्रामीण परेशान

अनंत ज्ञान, भोरंज। उपमंडल भोरंज की हनोह पंचायत के जड़ोह फाटलियां गांव में तेंदुए की लगातार आवाजाही से ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है। पिछले कुछ समय से तेंदुआ गांव के आसपास दिखाई दे रहा है, जिससे बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। शाम ढलते ही लोग घरों में रहने को मजबूर हैं। शनिवार को पंचायत में शपथ ग्रहण समारोह के दौरान नवनिर्वाचित प्रधान आशा देवी और उपप्रधान राजेंद्र सिंह ने भी इस मुद्दे को उठाया और वन विभाग से तत्काल पिंजरे लगाने तथा नियमित गश्त की मांग की। ग्रामीणों ने कहा कि पशुओं और खेतों की देखभाल भी जोखिम भरी हो गई है। वन खंड अधिकारी सुनील शर्मा ने बताया कि विभाग स्थिति पर नजर रखे हुए है और आवश्यकता पड़ने पर पिंजरे लगाकर तेंदुए को पकड़ने की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही वन विभाग की टीम लगातार क्षेत्र की निगरानी कर रही है और ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए हर संभव कदम उठाए जाएंगे।

# पहले 4 साल का रिपोर्ट कार्ड दिखाएं फिर अनुराग पर बोलें : राज कुमार

अनंत ज्ञान

भोरंज। भाजपा मंडल भोरंज की ओर से आयोजित एक प्रेस वार्ता में भाजपा सहकारी प्रकोष्ठ के प्रदेश सह-संयोजक राज कुमार ने भोरंज विधायक सुरेश कुमार द्वारा सांसद अनुराग ठाकुर पर दिए गए बयान की कड़ी आलोचना की।

उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों को व्यक्तिगत आरोप-प्रत्यारोप से बचकर अपने विकास कार्यों के आधार पर जनता के बीच जाना चाहिए। राज कुमार ने कहा कि विधायक को अपने चार वर्षों के कार्यकाल का रिपोर्ट कार्ड जनता के सामने रखना चाहिए और यह स्पष्ट करना चाहिए कि उनके कार्यकाल में कौन-सी नई विकास योजनाएं स्वीकृत हुईं और कितनी परियोजनाएं पूरी की गईं। उन्होंने आरोप लगाया कि क्षेत्र में वर्तमान समय में जो भी विकास कार्य चल रहे हैं, उनमें से अधिकांश की आधारशिला पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल में रखी गई थी तथा उनकी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) भी उसी दौरान तैयार की गई थी। उन्होंने दावा किया कि क्षेत्र में सड़क, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य विकास कार्यों में जो भी प्रगति हुई है, वह केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं और पूर्व भाजपा सरकार की नीतियों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार लगातार हिमाचल प्रदेश के विकास के लिए उदारतापूर्वक आर्थिक सहायता उपलब्ध करा रही है और प्रदेश में चल रहे अनेक विकास कार्य उसी सहयोग से पूरे हो रहे हैं।

उन्होंने कहा कि विधायक को सांसद अनुराग पर अनर्गल बयानबाजी करने के बजाय यह बताना चाहिए कि उन्होंने अपने कार्यकाल में भोरंज विधानसभा क्षेत्र के लिए कौन-कौन सी नई योजनाएं स्वीकृत करवाईं, कितनी परियोजनाएं शुरू कीं और कितने विकास कार्य पूरे किए।

# समताना स्कूल में 50 स्टूडेंट्स को वितरित की साइकिलें

अनंत ज्ञान

एसके ठाकुर, बड़सर। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला समताना में आयोजित समारोह के दौरान समाजसेवी अरुण सरीन ने विद्यालय के 50 मेधावी विद्यार्थियों को साइकिलें वितरित कर उन्हें सम्मानित किया। इस सराहनीय पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना तथा उनकी शैक्षणिक यात्रा को और अधिक सुगम बनाना है।

कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों से हुई। बच्चों ने मनमोहक गीत एवं नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया। उनकी शानदार प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया और उपस्थित लोगों ने तालियों की



समाजसेवी अरुण सरीन ने बांटी साइकिलें। अनंत ज्ञान

गड़गड़ाहट के साथ उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अरुण सरीन ने कहा कि मेधावी विद्यार्थियों को समय-समय पर प्रोत्साहन मिलना अत्यंत आवश्यक है। इससे उनका आत्मविश्वास बढ़ता है और वे शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित होते हैं। समारोह में कांग्रेस नेता सुभाष ढटवालिया विशेष अतिथि रूप से उपस्थित रहे। इसके अलावा शिखा सरीन , कांग्रेस पवन कालिया, समताना पंचायत के प्रधान एवं उपप्रधान, अशोक समताना, हरि राम, कैप्टन ज्ञान सिंह सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति, अभिभावक, शिक्षक एवं स्थानीय ग्रामीण भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

## भगवती स्कूल में मनाई संत गुरु कबीर जयंती

अनंत ज्ञान, नादौन। भगवती पब्लिक स्कूल जलाड़ी में संत गुरु कबीर की जयंती मनाई गई। संत कबीर 15वीं सदी के महान रहस्यवादी कवि, संत और समाज सुधारक थे। स्कूल की प्रिंसिपल आरती कटोच ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि संत गुरु कबीर एक महान समाज सुधारक थे जिन्होंने जाति- पाति, ऊंच- नीच और मूर्ति पूजा का विरोध करते हुए मानवता को सर्वोपरि माना और उनके द्वारा दिए गए ज्ञान, आपसी प्रेम व सामाजिक सद्भाव के संदेशों को याद कर उन्हें अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सातवीं कक्षा से पुष्टि अवस्थी, अनिका, अक्षित कोंडल, अलिशका, नवमीं कक्षा से ईशिता, दसवीं कक्षा से कुंजल व ग्यारहवीं कक्षा से इशिता ने संत गुरू कबीर के जीवन, उनके दोहों तथा समाज सुधार में उनके अमूल्य योगदान पर अपने विचार प्रस्तुत किए। संत गुरू कबीर का जन्म 1398 ईस्वी मे काशी (वाराणसी) में हुआ था। अध्यापकों में पूनम, जीवन, अतुल ने बताया कि संत गुरू कबीर जयंती मनाने का मुख्य उददेश्य महान समाज सुधारक और कवि कबीर दास के विचारों को जन- जन तक पहुँचाना है। उन्होंने अपना पूरा जीवन एक बुनकर के रूप में काम करके और सादगी से जीकर बिताया। अध्यापिका पूनम ने बच्चों को दोहों का अर्थ भी बताए दोहा-1 धीरे धीरे रे मना, धीरे सब कुछ होय।

## धनेड़ गांव में विद्या केंद्र का शुभारंभ 25 बच्चों को मिलेगा निशुल्क मार्गदर्शन



भाजपा शहरी निकाय प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक अजमेर रहे मुख्यातिथि। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

हमीरपुर। धनेड़ पंचायत के धनेड़ गांव में विद्या केंद्र का शुभारंभ किया गया। इस दौरान मुख्यातिथि भाजपा शहरी निकाय प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक अजमेर ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि समाजसेवी राम नाथ शर्मा वशिष्ठ अतिथि रहे।

कार्यक्रम में सर्वजनकल्याण सभा के सदस्यों ने अतिथियों का स्वागत किया। अजमेर ठाकुर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पढ़ने वाले बच्चों को स्कूल के बाद उचित मार्गदर्शन नहीं मिल पाता, जिससे उनकी प्रतिभा प्रभावित होती है। उन्होंने विद्या केंद्र की पहल को सराहनीय बताते हुए कहा कि इससे बच्चों का मानसिक विकास होगा और उनका भविष्य बेहतर बनेगा। सभा के प्रदेश अध्यक्ष नवीन शर्मा ने बताया कि गांवों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, लेकिन सही दिशा और मार्गदर्शन जरूरी है। उन्होंने कहा कि विद्या केंद्र में कक्षा पहली से दसवीं तक के 25 से अधिक बच्चों को स्कूल के बाद निशुल्क शिक्षा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और उन्हें सही मार्गदर्शन देने के लिए यह प्रयास किया गया है। इस अवसर पर संस्था के कई पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### लारजी डैम की प्री-मानसून फ्लशिंग आज से

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड के वरिष्ठ अधिशाषी अभियंता ने सूचित किया है कि लारजी जल विद्युत परियोजना के जलाशय की बरसात से पूर्व (प्री-मानसून) फ्लशिंग 28 जून से 29 जून तक निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि लारजी पावर स्टेशन के लारजी स्थित बांध में एकत्रित गाद के प्रक्षालन/निकासी का यह कार्य 28 जून को प्रातः 6 बजे से 29 जून को प्रातः 6 बजे तक निर्धारित किया गया है। इसके लिए लारजी बैराज के सभी गेट खोले जाएंगे। उन्होंने बताया कि सुरक्षा की सभी ज़रूरी सावधानियां बरतते हुए जलाशय से लगभग 2000 क्यूमेक्स तक पानी छोड़ा जाएगा। उन्होंने बांध के निचले क्षेत्रों में ब्यास नदी के समीप रहने वाले लोगों सहित सभी नागरिकों एवं पर्यटकों से आग्रह किया है कि वे नदी के किनारे न जाएं और किसी भी प्रकार की अनावश्यक आवाजाही से बचें। उन्होंने लारजी बांध से लेकर पंडोह बांध तक ब्यास नदी के किनारे पर रहने वाले सभी निवासियों से विशेषतौर पर आग्रह किया है कि इस अवधि के दौरान कोई भी व्यक्ति ब्यास नदी के किनारे न जाए तथा अपने पशुओं को भी न ले जाए, जिससे किसी तरह का जान व माल का नुकसान न हो। उन्होंने बताया कि इस दौरान लारजी पॉवर स्टेशन विद्युत गृह में उत्पादन भी पूरी तरह बंद रहेगा। इस कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न करने के लिए नियमों का पूरी तरह से पालन सुनिश्चित किया जाएगा तथा सायरन और प्रचार वाहन के माध्यम से भी लोगों को सूचित किया जा रहा है।

### हवानी स्कूल में सुषमा बनी एसएमसी अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हवानी में विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) की नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। बैठक की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. प्रवीण लता सूद ने की। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई, जिसमें अभिभावकों, पंचायत प्रतिनिधियों तथा विद्यालय परिवार के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बैठक में सर्वसम्मति से सुषमा देवी को विद्यालय प्रबंधन समिति का अध्यक्ष तथा कमलेश कुमार को उपाध्यक्ष चुना गया। इसके अतिरिक्त कार्यकारिणी में रूबीना ठाकुर, अमृता देवी, मीरा देवी, सोहनलाल, ओमचंद, सुमना देवी, रीनू कुमारी, ममता देवी, बबली देवी एवं हरीश पठानिया सहित अन्य सदस्यों को सम्मिलित किया गया। प्रधानाचार्य डॉ. प्रवीण लता सूद ने नवगठित कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि समिति विद्यालय के सर्वांगीण विकास तथा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए सक्रिय रूप से कार्य करेगी। उन्होंने सभी सदस्यों से विद्यालय की शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों को सुदृढ़ बनाने में सहयोग देने का आह्वान किया।

### जरूरतमंदों-आपदा प्रभावितों की मदद का लिया प्रण

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट कल्याण सभा ने अपना स्थापना दिवस सैन कॉम्प्लेक्स में उत्साह और गरिमापूर्ण माहौल में मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सभा के प्रधान प्रभुदयाल ने की। इस अवसर पर सभा के सभी सदस्य उपस्थित रहे और संस्था की भावी जनकल्याणकारी गतिविधियों को लेकर विस्तृत मंथन किया गया। बैठक में समाजहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुए आगामी समय में जरूरतमंद परिवारों, गरीबों, बुजुर्गों और असहाय लोगों की सहायता के लिए नए कार्यों की रूपरेखा तैयार करने पर विचार-विमर्श किया गया। सदस्यों ने कहा कि संस्था का मुख्य उद्देश्य समाज के हर वर्ग तक सहयोग पहुंचाना और सेवा कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाना है। प्रधान प्रभुदयाल ने कहा कि सरकाघाट कल्याण सभा शुरू से ही सामाजिक सरोकारों के कार्यों में सक्रिय रही है और भविष्य में भी जरूरतमंद लोगों की हरसंभव सहायता के लिए हमेशा तत्पर रहेगी। उन्होंने कहा कि किसी भी प्राकृतिक आपदा, दुर्घटना या संकट की घड़ी में संस्था प्रभावित परिवारों के साथ मजबूती से खड़ी रहेगी और राहत कार्यों में अपना पूरा सहयोग देगी। सभा ने सभी लोगों से भी अपील की कि मानव सेवा के इस अभियान में आगे आएं और जरूरतमंदों की मदद के लिए सहयोग करें। वक्ताओं ने कहा कि समाज के सामूहिक प्रयासों से ही जरूरतमंद लोगों तक समय पर सहायता पहुंचाई जा सकती है। कार्यक्रम का समापन संस्था के उज्ज्वल भविष्य और समाज सेवा के संकल्प के साथ किया गया।

### विद्यार्थियों को बताए नशे के दुष्प्रभाव

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** 'अपना विद्यालय-दि हिमाचल स्कूल एडॉप्शन कार्यक्रम' के अंतर्गत उद्यान विकास अधिकारी सुंदरनगर अनुपमा मैहरा ने शनिवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जैदेवी का दौरा (विजिट) किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानाचार्य धर्मेंद्र शर्मा की उपस्थिति में विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, विद्यार्थियों की प्रगति तथा आधारभूत सुविधाओं का जायजा लिया और विद्यालय प्रबंधन से विभिन्न विषयों पर चर्चा की। दौरे के दौरान अनुपमा मैहरा ने विद्यार्थियों के साथ संवाद स्थापित करते हुए प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे नशा निवारण एवं एंटी चिट्टा अभियान के बारे में जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों, इसके सामाजिक एवं पारिवारिक दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग समाज की सबसे बड़ी शक्ति है और नशामुक्त समाज के निर्माण में विद्यार्थियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वयं नशे से दूर रहने तथा अपने परिवार, मित्रों और आसपास के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयास और जागरूकता के माध्यम से ही समाज को नशे की समस्या से मुक्त किया जा सकता है। इस दौरान अनुपमा मैहरा ने विद्यार्थियों को बेहतर करियर निर्माण के संबंध में भी मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

### धर्मपुर कॉलेज में नशा उन्मूलन पर दिया जोर

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजकीय महाविद्यालय धर्मपुर में अंतर्राष्ट्रीय नशा एवं अवैध तस्करी विरोधी दिवस के उपलक्ष्य में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. रमेश चंद धलारिया ने की। उन्होंने विद्यार्थियों से नशीले पदार्थों से दूर रहने तथा समाज में नशामुक्ति का संदेश फैलाने का आह्वान किया। इस अवसर पर वर्चुअल शपथ ग्रहण समारोह भी आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने नशामुक्त भारत के निर्माण की शपथ ली। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों और अवैध तस्करी से होने वाले सामाजिक नुकसान के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### नबाही स्कूल में दिया नशा मुक्ति का संदेश

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** खंड चिकित्सा अधिकारी बलद्वाड़ा डॉ. अनिल कुमार के सौजन्य से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नबाही में उपप्रधानाचार्य शिव दत्त की अध्यक्षता में अंतर्राष्ट्रीय मादक द्रव्य दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी निरोधक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षित स्वास्थ्य शिक्षक अचला कुमारी ने विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के नशों जैसे शराब, तंबाकू, सिगरेट, गुटखा, पान, भांग, गांजा, चरस, अफीम, हेरोइन, कोकीन, सिंथेटिक ड्रग्स तथा चिकित्सकीय दवाओं के दुरुपयोग के बारे में जानकारी दी। उन्होंने नशे के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इससे हृदय, फेफड़े और यकृत को नुकसान पहुंचता है, मानसिक तनाव बढ़ता है तथा परिवार, शिक्षा और रोजगार पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे से बचने के लिए बुरी संगति से दूर रहने, खेल, व्यायाम और योग अपनाने तथा किसी भी प्रकार के तनाव की स्थिति में परिवार या विशेषज्ञों से परामर्श लेने की सलाह दी। इस अवसर पर भाषण एवं कला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में कंगना प्रथम, प्राची द्वितीय तथा दामिनी और साक्षी तृतीय रहे। कला प्रतियोगिता में रीताक्षी प्रथम, अमन एवं आयुष द्वितीय तथा मानवी तृतीय स्थान पर रहे।

### समाज को नशा मुक्त बनाने का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, पधर।** उपमंडल पधर में बढ़ते नशे की समस्या पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा समाज को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से शनिवार को सामुदायिक भवन पधर में एक विशेष जन-जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक मंडी विनोद कुमार उपस्थित रहे। बैठक में स्कूली विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों, पंचायत प्रतिनिधियों तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के सदस्यों ने भाग लेकर नशे के विरुद्ध सामूहिक लड़ाई का संकल्प लिया। अपने संबोधन में एसपी विनोद कुमार ने कहा कि नशा केवल एक व्यक्ति को नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए परिवार, विद्यालय, पुलिस और समाज सभी की समान जिम्मेदारी है। उन्होंने विद्यार्थियों से जीवन में सकारात्मक लक्ष्य निर्धारित करने, खेलकूद, शिक्षा और रचनात्मक गतिविधियों से जुड़ने का आह्वान किया। साथ ही ग्रामीणों से अपील की कि यदि क्षेत्र में नशे से जुड़ी कोई भी संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके। एसपी ने कहा कि नशे के खिलाफ जनभागीदारी ही इस सामाजिक बुराई पर प्रभावी नियंत्रण का सबसे सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि पुलिस केवल कानून लागू करने तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज को जागरूक कर युवाओं का भविष्य सुरक्षित बनाने के लिए भी लगातार अभियान चला रही है। उन्होंने अभिभावकों से अपने बच्चों की दिनचर्या, मित्र मंडली और व्यवहार पर विशेष ध्यान देने का आग्रह करते हुए कहा कि समय पर संवाद और मार्गदर्शन से कई परिवारों को इस संकट से बचाया जा सकता है। बैठक के दौरान क्षेत्र में बढ़ते नशे के दुष्प्रभाव, इसके सामाजिक और आर्थिक प्रभाव, रोकथाम के उपाय तथा समाज की भूमिका पर चर्चा की गई।

# बरसात से पूर्व पूरा करें सुरक्षा कार्य

## विधायक चंद्रशेखर और दिलीप ने एनएचएआई अधिकारियों को दिए निर्देश

अनंत ज्ञान

**रितेश चौहान, सरकाघाट।** निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्ग-3 (आवाहदेवी से पारच्छू) पर चल रहे निर्माण कार्यों तथा आगामी मानसून के मद्देनजर सुरक्षा एवं बचाव तैयारियों की समीक्षा को लेकर विधायक चंद्रशेखर की अध्यक्षता में प्रशासन एवं भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण एनएचएआई व सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (मॉर्थ) के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे स्थित घरों की सुरक्षा के लिए आवश्यकतानुसार रिटेनिंग वॉल, डंगे, कलवर्ट तथा अन्य तकनीकी सुरक्षा कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा किया जाएगा। विशेष रूप से चोलथरा बाईपास, रखोह तथा अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, ताकि



निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्ग-3 पर चल रहे कार्यों की समीक्षा करते विधायक चंद्रशेखर और विधायक दिलीप ठाकुर। अनंत ज्ञान

बरसात के दौरान संभावित नुकसान को न्यूनतम किया जा सके।

विधायक चंद्रशेखर ने सरकाघाट बाजार में रेस्ट हाउस से जमसाई तक सड़क पर बने गड्ढों की मरम्मत कर टायरिंग कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने नागरिक अस्पताल सरकाघाट के समीप सड़क किनारे सुरक्षा डंगा निर्माण, मसेरन चौक का वैज्ञानिक एवं सौंदर्यपूर्ण विकास तथा रोपड़ी चौक, सरौर चौक, दमसेहड़ा एवं पारच्छू क्षेत्र में प्राप्त जनशिकायतों के आधार पर आवश्यक स्थानों पर रिटेनिंग वॉल एवं अन्य सुरक्षा कार्य प्राथमिकता से करवाने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए। विधायक चंद्रशेखर ने एनएचएआई के अधिकारियों को निर्देशित किया कि मानसून आरंभ होने से पूर्व सभी आवश्यक सुरक्षा एवं निर्माण कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण किए जाएं, ताकि आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा बरसात से होने वाले संभावित नुकसान को प्रभावी रूप से रोका जा सके। सरकाघाट से विधायक दिलीप ठाकुर ने भी अपने बहुमूल्य सुझाव दिए। एसडीएम सरकाघाट राजेंद्र कुमार गौतम ने बताया कि मानसून से पूर्व आवाहदेवी से पारच्छू तक निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे स्थित संभावित रूप से प्रभावित घरों एवं अन्य संवेदनशील स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा बरसात के दौरान उत्पन्न होने वाले संभावित खतरों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है।

बैठक में विधायक दिलीप ठाकुर, एसडीएम सरकाघाट राजेंद्र कुमार गौतम, डीएसपी सरकाघाट, तहसीलदार सरकाघाट, लोक निर्माण विभाग एवं विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता, एनएचएआई व सड़क परिवहन एवंएवं राजमार्ग मंत्रालय (मॉर्थ) के अधिकारी संबंधित क्षेत्रों के पटवारी तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मशीन ऑपरेटर और पैकेजिंग एसोसिएट के भरे जाएंगे 100 पद

अनंत ज्ञान

◆ सरकाघाट में 30 जून और 1 जुलाई को होंगे साक्षात्कार

**ब्यूरो, मंडी।** जिला रोज़गार अधिकारी अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि रोजगार कार्यालय के माध्यम से वर्धमान यान्स एंड थ्रेड्स लिमिटेड, लुधियाना (पंजाब) द्वारा कंपनी में मशीन ऑपरेटर व पैकेजिंग एसोसिएट/सुपरवाइजर के 100 पद भरने के लिए पात्र अभ्यर्थियों के साक्षात्कार आयोजित किए जा रहे हैं। इन पदों के लिए पुरुष व महिला अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं से 12वीं कक्षा उत्तीर्ण तथा आयु सीमा 18 से 33 वर्ष निर्धारित की गई है। चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति लुधियाना (पंजाब) में की जाएगी।

उन्होंने बताया कि कंपनी द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को पहले 3 महीने प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा तथा प्रशिक्षण अवधि में 13,486 रुपए प्रतिमाह तथा प्रशिक्षण उपरांत 15,483 रुपए प्रतिमाह (8 घंटे ड्यूटी) वेतन निर्धारित किया गया है। इसके अतिरिक्त लड़कों को रहने के लिए कॉलोनी व लड़कियों के रहने के लिए होस्टल की सुविधा प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि कंपनी द्वारा ईएसआई, पीएफ, बोनस (नियमानुसार साल में एक बार दीपावली पर अधिकतम एक साल का 30 हजार रुपए से 32 हजार रुपए), ग्रेच्युटी, कैंटीन, चिकित्सा सुविधा एवं अन्य लाभ भी प्रदान किए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी अपने साथ शैक्षणिक प्रमाण-पत्रों की मूल एवं छायाप्रति, आधार कार्ड, रोजगार पंजीकरण कार्ड, बैंक पासबुक की प्रति तथा पासपोर्ट आकार के फोटो व नवीनतम बायोडाटा के साथ साक्षात्कार स्थल पर पहुंचें। यह साक्षात्कार उप रोजगार कार्यालय सरकाघाट में 30 जून को प्रातः 10:30 बजे से तथा जिला रोजगार कार्यालय मंडी में 1 जुलाई को प्रातः 10:30 बजे से आयोजित किए जाएंगे।

# गहरी खाई में गिरी पिकअप एक युवक की मौके पर मौत

अनंत ज्ञान

◆ रोहांडा-औकल मार्ग पर हुआ हादसा, एक गंभीर घायल

**सुंदरनगर।** मंडी जिले के पुलिस थाना बीएसएल कॉलोनी के अंतर्गत पुलिस चौकी निहरी क्षेत्र में शुक्रवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया। रोहांडा-औकल सड़क मार्ग पर एक पिकअप नंबर एचपी-31डी-0825 अचानक अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे गहरी खाई में जा गिरी।

हादसा इतना भीषण था कि वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार दुर्घटना के समय पिकअप में दो लोग सवार थे। हादसे में पुष्पराज (24) पुत्र घनश्याम, निवासी गांव बैहली डाकघर चौकी तहसील निहरी जिला मंडी की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। वहीं धर्मेंद्र कुमार (23) पुत्र शुक्र राम, निवासी गांव टिकरा धार डाकघर चौकी तहसील निहरी जिला मंडी गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस और राहत दल मौके पर पहुंचे तथा घायल को खाई से निकालकर उपचार के लिए नागरिक अस्पताल सुंदरनगर पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस चौकी निहरी की टीम घटनास्थल पर पहुंची और दुर्घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। जानकारी देते हुए एसपी मंडी विनोद कुमार ने बताया कि पुलिस थाना बीएसएल कॉलोनी ने एफआईआर दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

# 210 मामलों में जब्त मादक पदार्थ किए नष्ट

## एसपी बोले-युवाओं के सुरक्षित भविष्य और नशामुक्त समाज के लिए जारी रहेगा अभियान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** प्रदेशभर में मनाए गए 'एंटी चिट्टा दिवस' के अवसर पर जिला पुलिस मंडी ने नशे के विरुद्ध अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। ड्रग डिस्पोज़ल कमेटी के माध्यम से एनडीपीएस अधिनियम के 210 मामलों में जब्त मादक पदार्थों एवं अन्य केस प्रॉपर्टी का विधिवत निस्तारण किया गया। इस दौरान पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) सेंट्रल रेंज मंडी राहुल नाथ, आईपीएस स्वयं मौके पर उपस्थित रहे। उनके साथ पुलिस अधीक्षक मंडी विनोद कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, जिले के सभी उप पुलिस अधीक्षक (एसडीपीओ) तथा थाना प्रभारी भी मौजूद रहे। सभी वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में न्यायालयों के आदेशों एवं निर्धारित



एंटी चिट्टा दिवस के अवसर पर मंडी में ड्रग डिस्पोज़ल कमेटी की निगरानी में जब्त मादक पदार्थों के निस्तारण के दौरान उपस्थित पुलिस अधिकारी।

कानूनी प्रक्रिया के अनुरूप जब्त मादक पदार्थों का निस्तारण किया गया। ड्रग डिस्पोजल अभियान के दौरान 64.733 किलोग्राम चरस, 501.1806 ग्राम हेरोइन (चिट्टा), 105.78 ग्राम स्मैक, 8.566 किलोग्राम चूरा पोस्त एवं अफीम डोडा, 57.530 किलोग्राम भुक्की, 512 ग्राम पोपी स्ट्रॉ, 146 ग्राम गांजा, 1183 अफीम के पौधे तथा 2729 कैनाबिस के पौधों सहित विभिन्न प्रकार की नशीली दवाओं और प्रतिबंधित सामग्री को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार नष्ट किया गया। इसके अलावा 0.886 किलोग्राम अफीम को नियमानुसार गवर्नमेंट ओपियम एंड अल्कलॉइड वर्क्स को स्थानांतरित किए जाने की संस्तुति की गई।

### नशा तस्करों पर रहेगी कड़ी निगरानी

**पुलिस** अधीक्षक विनोद कुमार ने कहा कि नशे के विरुद्ध यह अभियान केवल कानून प्रवर्तन तक सीमित नहीं है, बल्कि युवाओं के सुरक्षित भविष्य और समाज को नशामुक्त बनाने का जनआंदोलन है। उन्होंने कहा कि जिला पुलिस मंडी भविष्य में भी मादक पदार्थों की तस्करी और अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई जारी रखेगी तथा जन जागरूकता अभियानों को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा।

# विधायक ने बढ़ाया खिलाड़ियों का उत्साह

## सरस्वती विद्या मंदिर हटगढ़ में तीन दिवसीय खेल महोत्सव संपन्न

अनंत ज्ञान

**विजय कुमार, हटगढ़।** सरस्वती विद्या मंदिर हटगढ़ में आयोजित तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन समारोह उत्साह और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक बल्ह इंदर सिंह गांधी रहे। विद्यालय पहुंचने पर उनका पारंपरिक स्वागत किया गया तथा विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से अतिथियों का स्वागत किया।

समापन समारोह में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों और विजेता टीमों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में विधायक इंदर सिंह गांधी ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल भावना, अनुशासन और निरंतर मेहनत के साथ जीवन में आगे बढ़ने का आह्वान किया।

प्रतियोगिता के दौरान अंडर-19 कबड्डी और अंडर-17 बास्केटबॉल सहित कई स्पर्धाओं में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। बास्केटबॉल मुकाबले में रोमांचक



खेल देखने को मिला, जिसमें 72-62 के स्कोर के साथ विजेता टीम ने खिताब अपने नाम किया।

इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन की ओर से मुख्य अतिथि को शॉल, टोपी और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं विधायक इंदर सिंह गांधी ने विद्यालय की शैक्षणिक एवं खेल गतिविधियों की सराहना करते हुए विद्यालय प्रबंधन समिति को ₹21,000 की प्रोत्साहन राशि प्रदान की। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक सोहन सिंह ठाकुर, जिला मंत्री गोपाल दास, जिला अध्यक्ष सरस्वती नंदन, युगल किशोर सहित अनेक गणमान्य नागरिक, अभिभावक, शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहे। अंत में विद्यालय प्रशासन ने सभी अतिथियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए सफल आयोजन के लिए सभी प्रतिभागियों को बधाई दी।

### नशेड़ी तत्वों के लिए सुरक्षित ठिकाना बनीं भांग की झाड़ियां

**अनंत ज्ञान, महादेव।** नाचन विधानसभा क्षेत्र का एक बड़ा भाग इन दिनों जंगली घास-फूस, कांग्रेस घास, नीला फुलणू तथा भांग जैसी अवांछित वनस्पतियों की गिरफ्त में है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि क्षेत्र में तेजी से फैली भांग की झाड़ियां नशेड़ी तत्वों के लिए सुरक्षित ठिकाना बनती जा रही हैं। उनका आरोप है कि कई स्थानों पर लोग इन झाड़ियों की आड़ में भांग मलकर सूटे के रूप में उसका सेवन कर रहे हैं, जिससे समाज में गलत संदेश जा रहा है और युवा पीढ़ी पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। लोगों का मानना है कि जब एक ओर प्रशासन और पुलिस चिट्टा तथा अन्य नशों के विरुद्ध व्यापक जनजागरूकता अभियान चला रहे हैं, तो दूसरी ओर सार्वजनिक स्थलों और सरकारी क्षेत्रों में भांग की बेलगाम बढ़ोतरी इन प्रयासों की प्रभावशीलता को कमजोर कर रही है। उनका कहना है कि नशे के विरुद्ध अभियान को सफल बनाने के लिए ऐसे स्थानों की नियमित निगरानी और समय-समय पर सफाई अभियान चलाना बेहद आवश्यक है। क्षेत्रवासियों ने उपायुक्त और संबंधित विभागों से मांग की है कि सरकारी भूमि, सड़क किनारों, सार्वजनिक परिसरों तथा संस्थानों में उगी भांग और अन्य खरपतवारों को प्राथमिकता के आधार पर हटाया जाए।

# लापता बच्चों को ढूंढने को बनेगी कार्ययोजना : एडीसी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** अतिरिक्त उपायुक्त गुरसिमर सिंह की अध्यक्षता में आज यहां बाल देखभाल और संरक्षण से जुड़े सभी हितधारकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों को अक्षरशः धरातल पर उतारने बारे चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि देश में हर वर्ष लगभग 90 हज़ार बच्चे गुम हो जाते हैं जिनमें 70 प्रतिशत के करीब लड़कियां होती हैं। ज्यादातर ये बच्चे मानव तस्करी का शिकार होते हैं। अपरहण किए या चुराए गए इन बच्चों के यौन शोषण, भीख मंगवाने, मानव अंग की अवैध बिक्री या नशीले पदार्थों की तस्करी इत्यादि में धकेलने की संभावनाएं कई गुणा बढ़ जाती हैं। गैरकानूनी कार्य करने वालों के लिए ऐसे बच्चे आसान शिकार (सॉफ्ट टारगेट) होते हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने इसका कड़ा संज्ञान लिया है तथा सभी राज्यों को इसे बड़ी सामाजिक समस्या बताते हुए इससे निपटने के लिए आवश्यक निर्देश दिए हैं।

गुरसिमर सिंह ने कहा कि इस बारे में जिला मंडी में आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं, ताकि बच्चों को इस दल-दल में फंसने से बचाया जा सके। मंडी जिला में लापता बच्चों को जल्दी ढूंढने के लिए प्रभावी कार्य योजना बनाई जा रही है। उन्होंने सभी हितधारकों को अपनी संवैधानिक जिम्मेदारी निभाते हुए इन निर्देशों की अक्षरशः अनुपालना सुनिश्चित करने को कहा है। उन्होंने बताया कि इस तरह के अपराधों से निपटने के लिए मंडी महिला थाने में एक एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग इकाई की स्थापना की गई है। इसके अतिरिक्त जिला के सभी 15 थानों की मिशन वात्सल्य के तहत मैपिंग भी कर ली गई है। बैठक में सहायक आयुक्त कुलदीप सिंह पटियाल, जिला बाल संरक्षण अधिकारी एन. आर. ठाकुर, ज़िला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अरिंदम रॉय, बाल कल्याण समिति की अध्यक्षा अलकनंदा हांडा, पुलिस निरीक्षक पदमा चंदेल, प्रोबेशन ऑफिसर रमा कुमारी के अलावा विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया।

**आस्था** — प्राचीन मान्यताओं और धार्मिक आस्था का संगम बना मधोगन धार, दूर-दराज से पहुंचे श्रद्धालु

# हर्षोल्लास के साथ मनाया मां पार्वती गौरा का वार्षिक मेला

अनंत ज्ञान

**महेंद्र सिंह राणा, भौर।** मां पार्वती गौरा मधोगन का वार्षिक मेला धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो गया। मेले के उपरांत स्थानीय तथा दूर-दराज से पहुंचे श्रद्धालुओं ने मधोगन धार स्थित मां पार्वती मंदिर में शीश नवाकर सुख-समृद्धि की कामना की। चील के घने पेड़ों के बीच स्थित यह प्राचीन मंदिर प्राकृतिक सौंदर्य और आध्यात्मिक शांति का अद्भुत संगम प्रस्तुत करता है।

यहां पहुंचने वाले श्रद्धालुओं का मानना है कि मंदिर परिसर का शांत वातावरण मन को सुकून प्रदान करता है और आत्मा को ईश्वर के निकट ले जाता है।स्थानीय जनश्रुति के अनुसार प्राचीन काल में पांडवों ने अपने वनवास के दौरान इस



मां पार्वती गौरा मधोगन के वार्षिक मेले में उमड़े श्रद्धालु। अनंत ज्ञान

स्थान पर विश्राम किया था तथा मां पार्वती की प्रतिमा स्थापित की थी। वर्तमान समय में यह प्रतिमा क्षेत्रवासियों की अटूट आस्था का केंद्र है और दैवी शक्ति के रूप में पूजी जाती है। इसी मान्यता के कारण हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचकर माता का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। मेले में व्यापार करने पहुंचे पिंटू ने बताया कि मंदिर कमेटी के बेहतर प्रबंधन के कारण व्यापारियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा और सभी ने खुशी-खुशी अपना सामान बेचा। उन्होंने कहा कि पहले की तुलना में अब मेले का स्वरूप काफी बदल गया है। मंदिर कमेटी के अथक प्रयासों, सुव्यवस्थित व्यवस्थाओं और जनसहयोग के कारण यह मेला हर वर्ष नए आयाम स्थापित कर रहा है। क्षेत्र भर में मेले की बढ़ती लोकप्रियता और भव्य आयोजन की चर्चा लोगों की जुबान पर है।

### मां भगवती छंडयारा की ऐतिहासिक रथ यात्रा श्रद्धा और समर्पण के साथ संपन्न

**अनंत ज्ञान, करसोग।** मां भगवती छंडयारा की ऐतिहासिक रथ यात्रा श्रद्धा, विश्वास और समर्पण के अद्भुत वातावरण के बीच सफलतापूर्वक सम्पन्न हो गई। यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने पूरे लाव-लश्कर के साथ दुर्गम पर्वतीय क्षेत्रों में पैदल चलकर मां भगवती के प्रति अपनी निष्ठा और समर्पण का परिचय दिया। ग्राम पंचायत सुई-कुफरीधार के उपप्रधान विजय गुलेरिया ने बताया कि यात्रा के प्रथम दिन श्रद्धालुओं ने छंडयारा से लगभग 70 से 80 किलोमीटर की कठिन पदयात्रा कर सेरीकोठी पहुंचकर मां के चरणों में श्रद्धासुमन अर्पित किए। दूसरे दिन श्रद्धालुओं ने सेरीकोठी से अनुशी तक का दुर्गम मार्ग तय किया। इस दौरान लगातार वर्षा और खराब रास्तों ने यात्रा को और अधिक चुनौतीपूर्ण बना दिया, लेकिन श्रद्धालुओं का उत्साह और आस्था अडिग रही। उन्होंने बताया कि तीसरे दिन यात्रा अनुशी से साझी तथा चौथे दिन साझी से निहरी तक पहुँची। अंतिम दिन श्रद्धालुओं ने निहरी से लगभग 30 से 40 किलोमीटर की पदयात्रा कर पुनः माँ भगवती के पावन धाम छंडयारा पहुँचकर यात्रा का समापन किया। पूरी यात्रा के दौरान खराब मौसम, फिसलन भरे रास्ते तथा अन्य अनेक कठिनाइयाँ सामने आईं, लेकिन इन चुनौतियों के बावजूद श्रद्धालुओं का मनोबल कभी कमजोर नहीं पड़ा। बल्कि इन परिस्थितियों ने माँ भगवती के प्रति उनकी अटूट श्रद्धा, विश्वास और समर्पण को और अधिक प्रगाढ़ रूप से उजागर किया।

> **जैसे** उल्लू को सूर्य नहीं दिखाई देता वैसे ही दुष्ट को सौजन्य दिखाई नहीं देता।
>
> –स्वामी भजनानंद

## संपादकीय

# नशामुक्त भारत का संकल्प

नशा एक ऐसी समस्या है, जो पूरे समाज और राष्ट्र के भविष्य के लिए गंभीर चुनौती बन चुका है। मादक पदार्थों का बढ़ता कारोबार देश की युवा शक्ति को खोखला कर रहा है। जिस युवा वर्ग के कंधों पर देश के विकास और प्रगति की जिम्मेदारी है, वही यदि नशे के दलदल में फंस जाएगा तो विकसित भारत का सपना अधूरा रह जाएगा। यही कारण है कि नशे के खिलाफ निर्णायक लड़ाई समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गई है।

भारत में पिछले चार दशकों के दौरान ड्रग्स की समस्या तेजी से बढ़ी है। पंजाब से लेकर हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, गुजरात और पूर्वोत्तर राज्यों तक मादक पदार्थों का नेटवर्क फैल चुका है। हजारों परिवार उजड़ चुके हैं, अनेक युवाओं ने अपनी जिंदगी बर्बाद कर ली है और माता-पिता अपने बच्चों के भविष्य को लेकर गहरी चिंता में हैं। नशे के कारण अपराध, हिंसा, मानसिक रोग और सामाजिक विघटन जैसी समस्याएं भी लगातार बढ़ रही हैं। ऐसे में केवल कानून-व्यवस्था के नजरिए से नहीं, वरन सामाजिक और मानवीय दृष्टिकोण से भी इस समस्या का समाधान तलाशना होगा।

केंद्र सरकार ने हाल ही में तीन साल के लिए नारकोटिक्स कंट्रोल विजन डॉक्यूमेंट जारी कर नशे के खिलाफ व्यापक रणनीति प्रस्तुत की है। इसका मूल मंत्र है-डिटेक्ट, डिडक्ट और डिस्ट्रॉय अर्थात नशे के नेटवर्क का पता लगाना, उसकी सप्लाई चेन को तोड़ना और पूरे तंत्र को समाप्त करना। यदि इस रणनीति को पूरी ईमानदारी, पारदर्शिता और दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ लागू किया गया तो निश्चित रूप से ड्रग माफिया की कमर टूट सकती है। जब नशीले पदार्थों की आपूर्ति बाधित होगी तो उनकी उपलब्धता कम होगी और धीरे-धीरे मांग पर भी प्रभाव पड़ेगा।

हालांकि यह भी स्वीकार करना होगा कि इस दिशा में और पहले कदम उठाए जाने चाहिए थे। पिछले कई वर्षों से देश में ड्रग्स का कारोबार लगातार फैलता रहा, लेकिन अब सरकार ने जिस गंभीरता से इसे राष्ट्रीय चुनौती माना है, वह स्वागत योग्य है। देर से ही सही, यदि सही दिशा में प्रभावी कार्रवाई होती है तो उसके सकारात्मक परिणाम अवश्य सामने आएंगे। सिर्फ तस्करों को गिरफ्तार कर देना या मादक पदार्थों की खेप पकड़ लेना ही पर्याप्त नहीं होगा। सरकार को उन कारणों पर भी ध्यान देना होगा जिनकी वजह से युवा नशे की ओर आकर्षित होते हैं।

बेरोजगारी, मानसिक तनाव, सामाजिक दबाव, गलत संगति और आसान कमाई की लालसा जैसे कई कारण इस समस्या को बढ़ावा देते हैं। इसलिए नशे के शिकार लोगों को केवल अपराधी मानकर नहीं, बल्कि उन्हें समाज की मुख्यधारा में वापस लाने के लिए पुनर्वास और परामर्श की प्रभावी व्यवस्था भी करनी होगी। सहानुभूतिपूर्ण दृष्टिकोण अपनाए बिना नशामुक्त समाज की कल्पना अधूरी रहेगी।

सरकार ने अगले तीन वर्षों में भारत को नशामुक्त बनाने का लक्ष्य रखा है। यह लक्ष्य महत्वाकांक्षी अवश्य है, लेकिन असंभव नहीं। इसके लिए सबसे जरूरी है जनभागीदारी। जब तक समाज स्वयं नशे के खिलाफ खुलकर आवाज नहीं उठाएगा, तब तक सरकारी अभियान सीमित प्रभाव ही छोड़ पाएंगे। परिवार, विद्यालय, महाविद्यालय, धार्मिक संस्थाएं, सामाजिक संगठन और मीडिया-सभी को इस अभियान का सक्रिय भागीदार बनना होगा। युवाओं में जागरूकता पैदा करना और उन्हें खेल, शिक्षा, कौशल विकास तथा रोजगार की ओर प्रेरित करना भी उतना ही आवश्यक है।

राज्यों की भूमिका भी इस लड़ाई में बेहद महत्वपूर्ण है। ड्रग्स का नेटवर्क किसी एक राज्य तक सीमित नहीं रहता। इसलिए राज्यों के बीच बेहतर समन्वय, खुफिया सूचनाओं का तत्काल आदान-प्रदान और संयुक्त अभियान समय की मांग है। सीमा क्षेत्रों, तटीय इलाकों और अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर निगरानी और अधिक मजबूत करनी होगी। ड्रग्स सिंडिकेट के आर्थिक नेटवर्क पर भी प्रहार करना होगा। सरकार के विजन डॉक्यूमेंट में एनफोर्समेंट, इंटेलिजेंस और ऑपरेशन पर विशेष बल दिया गया है। खुफिया सूचनाओं के आधार पर पूरे नेटवर्क पर लक्षित कार्रवाई करने की रणनीति निश्चित रूप से प्रभावी साबित हो सकती है।

इसके साथ ही पूर्वगामी और सिंथेटिक ड्रग कंट्रोल पर जोर देना भी दूरदर्शी कदम है। यदि नशीले पदार्थों के उत्पादन में इस्तेमाल होने वाले रसायनों और कच्चे माल की उपलब्धता पर ही रोक लगा दी जाए तो ड्रग्स का निर्माण काफी हद तक रोका जा सकता है। नशे के खिलाफ यह लड़ाई केवल सरकार की नहीं, बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारी है। यदि सरकार की सख्त नीति, राज्यों का समन्वय, सुरक्षा एजेंसियों की सर्, यता और समाज की जागरूक भागीदारी एक साथ काम करेगी, तभी नशामुक्त भारत का सपना साकार हो सकेगा। देश की युवा शक्ति को बचाना ही भारत के उज्ज्वल भविष्य की सबसे बड़ी गारंटी है।

## आज की प्रमुख हस्ती

### भारत के महान निशानेबाज

**जसपाल राणा** (28 जून 1976- 12 जून 2026) भारत के महान निशानेबाजों में गिने जाते हैं। उनका जन्म उत्तराखंड के चिलामू, टिहरी, गढ़वाल में हुआ। उनके पिता नारायण सिंह राणा ने बचपन से ही उन्हें निशानेबाजी का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा आईटीबीपी पब्लिक स्कूल, मसूरी, एयरफोर्स स्कूल, कानपुर तथा केंद्रीय विद्यालय, तुगलकाबाद, दिल्ली से प्राप्त की।



जसपाल राणा
जन्म : 28 जून, 1976
मृत्यु : 12 जून, 2026

जसपाल राणा ने कम आयु में ही राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। वर्ष 1994 में विश्व निशानेबाजी चैंपियनशिप 1994 में जूनियर वर्ग में स्वर्ण पदक जीतते हुए विश्व रिकॉर्ड बनाया। वर्ष 1995 की कॉमनवेल्थ शूटिंग चैंपियनशिप 1995 में उन्होंने रिकॉर्ड संख्या में स्वर्ण पदक जीतकर भारत का गौरव बढ़ाया। उन्होंने एशियाई खेल 2006 में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण और एक रजत पदक जीते तथा 25 मीटर सेंटर फायर पिस्टल स्पर्धा में विश्व रिकॉर्ड भी बनाया।

अपने लंबे करियर में उन्होंने 600 से अधिक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पदक जीते। उनकी प्रमुख स्पर्धाएं सेंटर फायर पिस्टल, स्टैंडर्ड पिस्टल, एयर पिस्टल, फ्री पिस्टल और रैपिड फायर पिस्टल रहीं। उनकी उपलब्धियों के लिए उन्हें वर्ष 1994 में अर्जुन पुरस्कार, यश भारती पुरस्कार, बिड़ला फाउंडेशन पुरस्कार तथा अनेक अन्य सम्मानों से सम्मानित किया गया। 12 जून 2026 को नई दिल्ली के एक अस्पताल में 49 वर्ष की आयु में उनका निधन हो गया।



कविता

### आओ उखाड़ फेंकें नशे की जड़ को

-भीम बसेडू राजपूत, महादेव (मंडी)

**नशेड़ी** है मर-मरके जीता,  
खून कर रहा अपने बेगानों का  
रोज जहर है उसको पीता-निगलता।  
मीठा जहर है यह  
वह नशा खून सफेद कर-कर मार रहा है  
चिटटा, सिंथेटिक ड्रग्स हैं लाते; राष्ट्र को कमजोर हैं पाते  
नशा यह है जो चाटते-खाते, बेमौत हैं मारे जाते  
बुरी संगत में पड़कर, हो रही संतान की दुर्दशा  
मां-बाप-परिवार पर आ गिर रहा है दु:खों का पहाड़  
बाहर से आते इस नशे ने  
खुशहाल परिवार की जिंदगी दी है उजाड़  
रोकते जब हैं नशेड़ी को अपने,  
वह करता जा रहा अपने खून की भी दोफाड़  
आओ उखाड़ फेंकें नशे की जड़ को  
मिलजुलकर बचाएं राष्ट्र शक्ति के बड़ को।

# क्या जामुन बन सकता है हिमाचल का अगला 'काला सोना'?

हाल ही में स्थानीय बाजार से 100 रुपए में मात्र 250 ग्राम जामुन खरीदते समय मन में प्रश्न उठा कि जब यह देशज फल 400-600 रुपए प्रति किलोग्राम तक बिक रहा है और इसकी मांग लगातार बढ़ रही है, तो हिमाचल प्रदेश में संगठित जामुन बागान अभी भी दुर्लभ क्यों हैं?



**डॉ. तारा देवी सेन**
सहायक प्रोफेसर, वनस्पति शास्त्र
वल्लभ महाविद्यालय, मंडी

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

जलवायु परिवर्तन, बढ़ती लागत और पारंपरिक खेती से घटते लाभ के बीच जामुन निचले एवं मध्यवर्ती क्षेत्रों के किसानों के लिए आय, पोषण और जैव विविधता संरक्षण का एक टिकाऊ, लाभकारी एवं संभावनाओं से भरपूर विकल्प बन सकता है।

**स्थानीय संसाधनों की अनदेखी क्यों? :** पिछले कुछ वर्षों में किसानों का रुझान विदेशी फल प्रजातियों की ओर बढ़ा है, लेकिन जलवायु अनुकूलता, रोगों और बाजार की अनिश्चितताओं के कारण अपेक्षित सफलता हर जगह नहीं मिली। इसके विपरीत जामुन जैसी देशज प्रजातियां स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप विकसित हुई हैं और जलवायु परिवर्तन के प्रति अधिक सहनशील मानी जाती हैं। इसलिए जलवायु-अनुकूल एवं टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देने के लिए ऐसे स्थानीय संसाधनों का संरक्षण और व्यावसायिक उपयोग समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है।

**पोषण एवं औषधीय महत्व का फल :** आयुर्वेद और आधुनिक विज्ञान दोनों जामुन के पोषण एवं औषधीय महत्व को स्वीकार करते हैं। यह फल विटामिन-सी, एंटीऑक्सीडेंट, आयरन और पोटेशियम से भरपूर है, जबकि इसकी गुठली के जैव सक्रिय यौगिकों पर मधुमेह प्रबंधन संबंधी अध्ययन जारी हैं। स्वास्थ्यवर्धक उत्पादों की बढ़ती मांग के बावजूद हिमाचल प्रदेश में जामुन का संगठित व्यावसायिक उत्पादन अभी भी सीमित है।

**व्यावसायिक खेती की चुनौतियां :** जामुन की व्यावसायिक खेती के विस्तार में कुछ व्यावहारिक चुनौतियां हैं। बीज से तैयार पौधों को फल देने में अधिक समय लगता है और जंगली वृक्षों की अधिक ऊंचाई तुड़ाई को कठिन बनाती है। साथ ही, फलों की कम शेल्फ-लाइफ विपणन और परिवहन में बाधा उत्पन्न करती है। फिर भी, आधुनिक बागवानी तकनीकें इन समस्याओं के प्रभावी समाधान की नई संभावनाएं प्रदान कर रही हैं।

**कृषि-वानिकी के लिए आदर्श वृक्ष :** जामुन कृषि-वानिकी के लिए एक उपयुक्त वृक्ष है। खेतों की मेड़ों पर लगाए गए इसके वृक्ष प्राकृतिक वायुरोधक का कार्य करते हैं और कृषि प्रणाली को सुदृढ़ बनाते हैं। शुरुआती वर्षों में इनके बीच अदरक, हल्दी, अरबी तथा अन्य छाया-सहिष्णु फसलें उगाकर अतिरिक्त आय प्राप्त की जा सकती है। साथ ही, यह कम देखभाल में विकसित होता है तथा आवारा पशुओं और बंदरों से अपेक्षाकृत कम प्रभावित होता है।



**जंगली जामुन संसाधनों का वैज्ञानिक घरेलूकरण :** हिमाचल प्रदेश में वनों और कृषि परिदृश्यों में उपलब्ध जंगली जामुन के वृक्ष मूल्यवान स्थानीय आनुवंशिक संसाधन हैं। सॉफ्टवुड ग्राफ्टिंग, वेज ग्राफ्टिंग और पैच बडिंग जैसी वानस्पतिक तकनीकों से उत्कृष्ट वृक्षों का गुणन कर शीघ्र फलन वाले पौधे तैयार किए जा सकते हैं। नियमित छंटाई से वृक्षों की ऊंचाई नियंत्रित रखकर प्रबंधन और तुड़ाई भी आसान बनती है। स्थानीय श्रेष्ठ जर्मप्लाज्म का वैज्ञानिक चयन, संरक्षण और उपयोग हिमाचल में संगठित जामुन बागवानी की मजबूत आधारशिला बन सकता है।

**मूल्य संवर्धन : अधिक लाभ की कुंजी :** जामुन की कम शेल्फ-लाइफ को देखते हुए मूल्य संवर्धन अत्यंत आवश्यक है। इससे रस, सिरका, जैम, जेली, कैंडी और गुठली पाउडर जैसे उत्पाद तैयार कर किसानों की आय बढ़ाई जा सकती है। स्थानीय प्रसंस्करण इकाइयां और महिला स्वयं सहायता समूह ग्रामीण रोजगार, उद्यमिता तथा आर्थिक सशक्तिकरण को भी प्रोत्साहित कर सकते हैं।

**आर्थिक लाभ से आगे : पारिस्थितिक महत्व :** जामुन का महत्व केवल आर्थिक नहीं, बल्कि पारिस्थितिक भी है। इसके पुष्प परागणकर्ताओं तथा फल पक्षियों और वन्यजीवों के लिए महत्वपूर्ण खाद्य स्रोत हैं। साथ ही, परिपक्व वृक्ष कार्बन संचयन, मृदा संरक्षण और जैव विविधता संवर्धन में योगदान देते हैं, जिससे पर्यावरणीय स्थिरता और टिकाऊ कृषि को बढ़ावा मिलता है।

**आगे की राह :** जामुन सिर्फ मौसमी फल नहीं है। यह पोषण, स्वास्थ्य, जैव विविधता संरक्षण और ग्रामीण विकास को एक साथ जोड़ने का अवसर प्रदान करता है। हिमाचल प्रदेश में हजारों जामुन वृक्ष पहले से ही वन क्षेत्रों, सामुदायिक भूमि और कृषि परिदृश्यों में मौजूद हैं। इनका वैज्ञानिक सर्वेक्षण, चयन और संरक्षण स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप रोपण सामग्री विकसित करने तथा जलवायु-अनुकूल कृषि प्रणालियों को सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हो सकता है।

आवश्यकता इस बात की है कि बागवानी विभाग, कृषि विज्ञान केंद्र, अनुसंधान संस्थान, स्वयं सहायता समूह तथा स्थानीय समुदाय मिलकर गुणवत्तायुक्त रोपण सामग्री, प्रशिक्षण, मूल्य संवर्धन और विपणन व्यवस्था के विकास की दिशा में कार्य करें।

जिस जामुन को आज हम एक सामान्य जंगली वृक्ष समझकर अनदेखा कर रहे हैं, वही कल किसानों की आय, महिला उद्यमिता, पोषण सुरक्षा और जैव विविधता संरक्षण का आधार बन सकता है। यदि वैज्ञानिक हस्तक्षेपों और सामुदायिक सहभागिता के साथ इस दिशा में कार्य किया जाए, तो जामुन वास्तव में हिमाचल की ग्रामीण अर्थव्यवस्था का अगला 'काला सोना' सिद्ध हो सकता है।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

# जलवायु परिवर्तन: बढ़ती जीवनयापन लागत का नया आर्थिक संकट

लंबे समय तक जलवायु परिवर्तन को केवल पर्यावरणीय समस्या माना जाता रहा, लेकिन आज यह आम नागरिकों की आय, आजीविका और जीवन स्तर को प्रभावित करने वाला गंभीर आर्थिक संकट बन चुका है। भारत में बढ़ती गर्मी, अनियमित मानसून, बाढ़, सूखा और अन्य चरम मौसमी घटनाएं भोजन, पानी, बिजली, स्वास्थ्य और रोजगार जैसी मूलभूत आवश्यकताओं की लागत लगातार बढ़ा रही हैं।




**विशाल कल्याण**
सहायक प्रोफेसर, महाराजा अग्रसेन यूनिवर्सिटी, सोलन

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

जलवायु परिवर्तन का सबसे स्पष्ट प्रभाव खाद्य मुद्रास्फीति के रूप में दिखाई देता है। भारत के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में खाद्य एवं पेय पदार्थों की हिस्सेदारी लगभग 46 प्रतिशत है। ऐसे में कमजोर मानसून, भीषण गर्मी और फसलों की क्षति के कारण कृषि उत्पादन घटने पर अनाज, सब्जियां, दालें और खाद्य तेल महंगे हो जाते हैं। इससे आम परिवारों, विशेषकर निम्न और मध्यम आय वर्ग की क्रय शक्ति प्रभावित होती है। कृषि क्षेत्र इस संकट का सबसे बड़ा शिकार है। बढ़ते तापमान, अनियमित वर्षा, सूखा और बाढ़ के कारण उत्पादकता घट रही है तथा किसानों की आय पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

कृषि संकट का सीधा असर खाद्य सुरक्षा पर पड़ता है। जब उत्पादन कम होता है तो आपूर्ति बाधित होती है, जमाखोरी और सट्टेबाजी को बढ़ावा मिलता है तथा खाद्य मुद्रास्फीति और बढ़ जाती है। इस प्रकार जलवायु परिवर्तन खाद्य उपलब्धता के साथ-साथ उसकी वहनीयता को भी चुनौती देता है। इसका प्रभाव केवल खेती तक सीमित नहीं है। आय में कमी और खर्च में वृद्धि के कारण गरीब परिवारों को भोजन, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे आवश्यक खर्चों में कटौती करनी पड़ती है। कई बार कर्ज और मजबूरन पलायन जैसी परिस्थितियां भी उत्पन्न हो जाती हैं। विभिन्न अध्ययनों के अनुसार यदि वर्तमान प्रवृत्ति जारी रही तो आने वाले दशकों में भारत की आर्थिक वृद्धि और करोड़ों लोगों के जीवन स्तर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।



ऊर्जा क्षेत्र भी तेजी से प्रभावित हो रहा है। लगातार बढ़ती गर्मी के कारण पंखे, कूलर और एयर कंडीशनर अब आवश्यकता बन गए हैं। इससे बिजली की मांग और उत्पादन लागत बढ़ती है, जिसका भार अंततः उपभोक्ताओं पर अधिक बिजली बिल के रूप में पड़ता है। निम्न आय वर्ग के परिवारों के लिए इसका अर्थ अन्य आवश्यक खर्चों में कटौती करना होता है। जल संकट भी जलवायु परिवर्तन की गंभीर चुनौती बन चुका है। अनियमित वर्षा और भूजल स्तर में गिरावट के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में पानी लाने के लिए अधिक दूरी तय करनी पड़ती है, जबकि शहरों में टैंकरों पर निर्भरता बढ़ रही है। इससे घरेलू खर्च बढ़ता है और महिलाओं पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है।

स्वास्थ्य क्षेत्र में भी इसके व्यापक प्रभाव दिखाई दे रहे हैं। भीषण गर्मी, वायु प्रदूषण तथा डेंगू, मलेरिया और हीट स्ट्रोक जैसी जलवायु-संवेदनशील बीमारियों के कारण स्वास्थ्य व्यय बढ़ रहा है। बीमारी से कार्य दिवसों की हानि होती है और परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ता है।

जलवायु परिवर्तन का बोझ सभी पर समान रूप से नहीं पड़ता। छोटे किसान, भूमिहीन मजदूर, महिलाएं और कमजोर समुदाय सिंचाई, बीमा, आधुनिक तकनीक तथा वित्तीय संसाधनों की कमी के कारण अधिक प्रभावित होते हैं। इस दृष्टि से जलवायु परिवर्तन सामाजिक और आर्थिक असमानताओं को और गहरा करता है।

यद्यपि सरकार राहत पैकेज, खाद्य प्रबंधन, फसल बीमा और आपदा सहायता जैसी पहलें कर रही है, फिर भी दीर्घकालिक समाधान के लिए जलवायु-लचीली कृषि, जल संरक्षण, सिंचाई विस्तार, नवीकरणीय ऊर्जा, मौसम पूर्वानुमान प्रणाली, सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं तथा जलवायु न्याय आधारित नीतियों में निवेश आवश्यक है। विशेष रूप से छोटे किसानों, महिलाओं और कमजोर समुदायों को विकास योजनाओं के केंद्र में रखना होगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# टूटते संयुक्त परिवार व बुजुर्ग मां-बाप के प्रति संतानों की ओर से की जा रही उपेक्षा

अगर हम कुछ समय पूर्व जाएं, तो पाते हैं कि पहले संयुक्त परिवारों का चलन था और आपस में मधुरता एवं सामंजस्य का वातावरण विद्यमान रहता था। उस दौरान यदि परिवार का कोई सदस्य कुछ समय के लिए भी इधर-उधर नहीं दिखाई देता था, तो सभी सदस्य चिंतित हो उठते थे। उस समय वृद्ध माता-पिता की देखभाल संतानें अपना केवल नैतिक नहीं बल्कि परम कर्तव्य समझती थीं।



**तुलसी राम डोगरा**
स्वतंत्र लेखक, पालमपुर

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

संयुक्त परिवार संस्कार और सामूहिक जीवन की आधारशिला हुआ करता था, जहां परिवार मात्र एक इकाई नहीं बल्कि आपसी सुख-दुख का मजबूत सहारा होता था। उस समय परिवार की यह व्यवस्था सभी सदस्यों के सहयोग, समर्पण और सहभागिता से चलती थी। बुजुर्गों का स्नेह और अनुभव बच्चों के चरित्र निर्माण में सहायक होता था, जिससे उनमें संस्कार, अनुशासन और नैतिक मूल्यों का विकास होता था। आर्थिक दृष्टि से भी संयुक्त परिवार उपयोगी था, क्योंकि अनेक कमाने वाले सदस्यों के कारण जिम्मेदारियां विभाजित रहती थीं और जीवन अपेक्षाकृत सरल होता था। समय के साथ सामाजिक संरचना में परिवर्तन आया। शिक्षा, रोजगार, शहरीकरण और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की चाह ने संयुक्त परिवारों की जगह एकल परिवारों को बढ़ावा दिया। इसके साथ ही रिश्तों में दूरी बढ़ने लगी और पारिवारिक संवाद कमजोर पड़ता गया। आज की युवा पीढ़ी अनेक बार माता-पिता के साथ रहना बोझ या बाधा के रूप में देखने लगी है, जिसके कारण पारिवारिक एकता पर प्रभाव पड़ा है।

इस बदलाव का सबसे अधिक प्रभाव वृद्ध माता-पिता पर पड़ा है। जीवनभर जिन संतान के भविष्य के लिए उन्होंने अपना सब कुछ समर्पित किया, वही वृद्धावस्था में उपेक्षा का सामना कर रहे हैं। कई मामलों में आर्थिक निर्भरता के बावजूद बुजुर्ग मानसिक और भावनात्मक सुरक्षा से वंचित रह जाते हैं। यह स्थिति समाज के नैतिक ढांचे पर गंभीर प्रश्न खड़े करती है। आज वृद्ध माता-पिता की उपेक्षा और उनके प्रति दुर्व्यवहार के मामले समय-समय पर सामने आते रहते हैं। इसी कारण सरकारों को उनके संरक्षण हेतु कई कानून बनाने पड़े हैं। हिमाचल प्रदेश सहित अनेक राज्यों तथा केंद्र सरकार ने 'वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण कानून' जैसे प्रावधान लागू किए हैं, जिनका उद्देश्य बुजुर्गों के अधिकारों की रक्षा करना है। फिर भी कानूनों का अस्तित्व यह दर्शाता है कि सामाजिक संवेदनशीलता में कमी आई है।



माता-पिता अपने जीवन की समस्त पूंजी बच्चों के पालन-पोषण, शिक्षा और भविष्य निर्माण में लगा देते हैं, यह आशा रखते हुए कि वृद्धावस्था में संतान उनका सहारा बनेगी, परंतु आधुनिक समय में बदलते मूल्य और व्यक्तिगत स्वार्थ के कारण कई बार यह अपेक्षा टूट जाती है, जिससे बुजुर्ग अकेलेपन, असुरक्षा और मानसिक पीड़ा का अनुभव करते हैं। वृद्धावस्था केवल शरीर की कमजोरी नहीं, बल्कि अनुभव, ज्ञान और जीवन के गहन सत्य का संगम होती है। बुजुर्ग परिवार की धरोहर होते हैं और उनका अनुभव नई पीढ़ी के लिए मार्गदर्शन का कार्य करता है। उनके बिना परिवार केवल भौतिक इकाई रह जाता है, जिसमें भावनात्मक गहराई और संस्कारों की कमी महसूस होती है।

समाज के लिए यह आवश्यक है कि बुजुर्गों को केवल देखभाल का विषय न मानकर सम्मान और सहभागिता का केंद्र माना जाए। उनके अनुभवों को नई पीढ़ी तक पहुंचाना, उनसे संवाद बनाए रखना और उन्हें परिवार का सक्रिय हिस्सा बनाए रखना समय की आवश्यकता है। सार्वजनिक स्थानों, परिवहन और सेवाओं में भी वरिष्ठ नागरिकों के प्रति संवेदनशील व्यवहार आवश्यक है। संयुक्त परिवार के मूल मूल्यों-सहयोग, सम्मान और सामंजस्य को पुन: सशक्त किया जाए, तो बुजुर्गों की उपेक्षा की समस्या काफी हद तक कम हो सकती है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# आस्था के घर में सेंधमारी और हाशिए पर सामाजिक सरोकार

जिस राममंदिर को पांच सौ सालों के संघर्ष के बाद, करोड़ों लोगों की आस्था से सींच कर बनाया गया है, आज उसे अपने ही धर्म के लोग सेंधमारी के लिए इस्तेमाल करने लगें तो भला किसे दुख नहीं होगा।



**डॉ. दमन आहूजा**
'सफलता से सार्थकता तक' किताब के लेखक

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

सवाल ये भी है कि बाहरी मंदिर तो बनाने में हम सफल हो गए लेकिन भीतरी मंदिर बनाने से चूक गए हैं। भीतरी मंदिर अर्थात सामाजिक संस्कार। चोरी करना, झूठ बोलना, दूसरे की संपत्ति पर गलत नजर रखना, किसी भी गैरकानूनी ढंग से दौलत इकट्ठा करना, टैक्स चोरी करना-ये सब सामाजिक संस्कारों की ही परिधि में आते हैं। इन सब से हमारा सामाजिक चरित्र बनता है, यदि यही छिन्न-भिन्न हो गया तो पूरे समाज का ताना-बाना ही टूट जाएगा। इस ताने-बाने को मजबूत करने में स्कूली शिक्षा का सबसे बड़ा योगदान होता है। स्कूली शिक्षा सामाजिक चरित्र को गढ़ती है और पारिवारिक मूल्यों को स्थापित करने में भी अपनी भूमिका निभाती है लेकिन जब शिक्षा व्यवस्था में संसाधनों की कमी हो, तो चरित्र निर्माण की यह नींव भी कमजोर पड़ने लगती है।

एक आकलन के अनुसार केवल अयोध्या के राम मंदिर में सालभर में तीन सौ से सात सौ करोड़ चढ़ावा आता है। दक्षिण के तिरुपति मंदिर में साल का लगभग एक हजार से पंद्रह सौ करोड़ चढ़ावा आता है, उत्तर के मां वैष्णो देवी मंदिर में सालभर में पांच सौ से आठ सौ करोड़ एवं दक्षिण के शिरडी साई बाबा मंदिर में भी लगभग चार सौ से आठ सौ करोड़ का चढ़ावा आता है।

ये तो केवल चार मंदिर हैं जिन्हें हम जानते हैं, लेकिन हमारे देश में आधिकारिक रूप से दर्ज लगभग छह लाख चालीस हजार मंदिर एवं अनाधिकारिक रूप से बीस लाख से ज्यादा मंदिर हैं, जिनमें से केवल चार लाख मंदिरों का प्रबंधन विभिन्न राज्यों की सरकारों के पास है। यदि देश के सबसे प्रतिष्ठित मंदिर में सेंधमारी हो सकती है तो बाकी मंदिरों के तो फिर हाल ही क्या होंगे, क्योंकि भगवान को तो हमने बोलने लायक छोड़ा नहीं, न ही उसकी दिखाई ईमानदारी की राह पर हम चलते हैं। इसके विपरीत अपने देश में अब भी प्राथमिक विद्यालयों में लगभग एक लाख पांच हजार स्कूल ऐसे हैं जिनमें कक्षा एक से पांच तक मात्र एक अध्यापक पढ़ाता है। एक लाख बीस हजार स्कूलों में बिजली का अपना कनेक्शन नहीं है, लगभग एक लाख स्कूलों में हमारी बेटियों के लिए शौचालय चालू हालत में नहीं हैं, पंद्रह हजार स्कूलों में पीने वाले पानी की किल्लत है।



तीसरी तरफ अभी भी 16 करोड़ लोग गरीबी रेखा के नीचे जीवन जीने को मजबूर हैं। ऐसे में प्रश्न यह उठता है कि हमारी प्राथमिकताएं आखिर कहां हैं और हम किस दिशा में जा रहे हैं? क्या मंदिरों के चढ़ावे से भी मंदिरों में बेहतर प्रबंध व्यवस्था के इलावा विभिन्न सामाजिक सरोकारों को सींचा जा सकता है? क्या आस्था का यह प्रवाह यदि सही दिशा में सामाजिक विकास की ओर मोड़ा जाए तो शिक्षा, स्वास्थ्य और गरीबी उन्मूलन जैसे क्षेत्रों में अधिक प्रभावी परिणाम नहीं दे सकता?

कुल मिलाकर, यह प्रश्न केवल व्यवस्था का नहीं, बल्कि हमारे सामाजिक विवेक और नैतिक चेतना का भी है, जहाँ आस्था और विकास के बीच संतुलन स्थापित करना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुकी है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद धर्मशाला न्यायालय के अधीन होंगे।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# भारतीय हॉकी टीम की ऐतिहासिक वापसी, पाकिस्तान को 7-1 से रौंदा

## पिछड़ने के बाद लगातार दागे 7 गोल, सभी गोल अलग-अलग प्लेयर्स ने किए

**एजेंसी, लंदन**

भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने एफआईएच प्रो लीग में अपने चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 7-1 से करारी शिकस्त दी। शुक्रवार रात को लंदन में भारतीय टीम एक समय 0-1 से पीछे चल रही थी। फिर उसने लगातार 7 गोल करके न केवल दमदार वापसी की, बल्कि पाकिस्तान को मैच से पूरी तरह बाहर कर दिया।

टीम इंडिया की ओर से सुखजीत सिंह (20वें मिनट), हरमनप्रीत सिंह (26वें मिनट), हार्दिक सिंह (34वें मिनट में), जुगराज सिंह, अभिषेक (41वें मिनट), राजकुमार पाल (44वें मिनट) और दिलप्रीत सिंह (54वें मिनट ) ने एक-एक गोल दागे। पाकिस्तान से इकलौता गोल अबू महमूद (13वें मिनट) ने किया। अब भारतीय टीम लंदन चरण के अपने अंतिम मुकाबले में रविवार को इंग्लैंड से भिड़ेगी।

पाकिस्तान ने 13वें मिनट में अबू महमूद के पेनल्टी कॉर्नर पर किए गए गोल से बढ़त बनाई। हालांकि, भारत ने जल्दी ही जवाब दिया। 20वें मिनट में सुखजीत सिंह ने हरमनप्रीत सिंह की पेनल्टी कॉर्नर पर आई गेंद को डिफ्लेक्ट कर स्कोर 1-1 कर दिया। (अनंत ज्ञान)



### कप्तान हरमन के गोल से आगे हुआ इंडिया

**हाफ** टाइम से पहले भारतीय टीम ने पाकिस्तान पर 2-1 की बढ़त हासिल कर ली। मैच के 26वें मिनट में कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल स्कोर किया और भारतीय टीम को आगे कर दिया। मैच के तीसरे क्वार्टर में भारत ने दबदबा और बढ़ा दिया। 34वें मिनट में मिले पेनल्टी स्ट्रोक पर हार्दिक सिंह ने गोल किया। इसके तुरंत बाद पाकिस्तान के पेनल्टी कॉर्नर विफल होने पर हुए जवाबी हमले में जुगराज सिंह ने चौथा गोल दागा।

### अभिषेक ने शानदार रिवर्स हिट से फील्ड गोल दागा

**41वें** मिनट में अभिषेक ने शानदार रिवर्स हिट से भारत की बढ़त 5-1 कर दी। 44वें मिनट में लगातार मिले पेनल्टी कॉर्नर के बाद राजकुमार पाल ने रीबाउंड पर गोल किया। 54वें मिनट में दिलप्रीत सिंह ने मंदीप सिंह के पास पर गोल कर भारत की 7-1 की जीत तय कर दी।

# सीरीज बचाने उतरेगा भारत बल्लेबाजी में सुधार जरूरी

**एजेंसी, बेलफास्ट**



आयरलैंड के खिलाफ दो मैचों की टी20 शृंखला के पहले मुकाबले में चौंकाने वाली हार के बाद भारतीय टीम पर रविवार को होने वाले दूसरे मैच में वापसी का दबाव बढ़ गया है।

विश्व चैंपियन भारत को 182 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 148 रन पर सिमटना पड़ा, जो किसी भी प्रारूप में आयरलैंड के खिलाफ उसकी पहली हार थी। नए कप्तान श्रेयस अय्यर की अगुवाई में टीम की शुरुआत निराशाजनक रही और शीर्ष बल्लेबाज़ी क्रम पूरी तरह बिखर गया। संजू सैमसन, ईशान किशन और अय्यर खुद बड़ा योगदान नहीं दे सके, जबकि अभिषेक शर्मा ने तेज शुरुआत जरूर दी लेकिन उन्हें समर्थन नहीं मिला।

आयरलैंड के पदार्पण करने वाले गेंदबाज़ जय मूंद्रा और मैट हॉलार्ड ने भारतीय शीर्ष क्रम को झकझोर दिया। गेंदबाज़ी में हर्षित राणा ने 3 विकेट लेकर वापसी की झलक दिखाई, जबकि अर्शदीप सिंह और अक्षर पटेल ने भी नियंत्रण बनाए रखा। हालांकि वॉशिंगटन सुंदर और प्रसिद्ध कृष्णा महंगे साबित हुए। अब टीम प्रबंधन शीर्ष क्रम में बड़े बदलाव के मूड में नहीं है और युवा वैभव सूर्यवंशी को इंतजार करना होगा। भारत रविवार को शृंखला बराबर करने के इरादे से मैदान में उतरेगा। (अनंत ज्ञान)

**मैच : शाम 6.00 बजे से**

**संभावित टीमें**

**भारत:** श्रेयस अय्यर (कप्तान), तिलक वर्मा (उपकप्तान), रवि बिश्नोई, अभिषेक शर्मा, सुर्यांश शेडगे, प्रसिद्ध कृष्णा, संजू सैमसन, अक्षर पटेल, हर्षित राणा, ईशान किशन, वॉशिंगटन सुंदर, अर्शदीप सिंह, शिवम दुबे, प्रिंस यादव, वैभव सूर्यवंशी।

**आयरलैंड:** लोर्कान टकर (कप्तान और विकेटकीपर), रॉस एडेयर, बेन कैलिट्ज़, गैरेथ डेलानी, जॉर्ज डॉकरेल, स्टीफन डोहनी, मैथ्यू हंपहरेज, गेविन होई, मैथ्यू हॉलार्ड, लियाम मैकार्थी, जय मूंद्रा, हैरी टेक्टर, टिम टेक्टर, रूबेन विल्सन।

### 'मात्सुदा' खूबसूरत ओलंपिक एथलीट

**जापान** की शिनो मात्सुदा महिला सर्फिंग की दुनिया में उभरा हुआ है नाम बन चुकी हैं। सिर्फ सर्फिंग ही नहीं शिनो अपनी खूबसूरती के लिए भी जानी जाती हैं। शिनो सबसे खूबसूरत ओलंपिक एथलीट्स में से एक करार दिया गया है।



## स्पोर्ट्स विंडो

### भारत बैडमिंटन एशिया जूनियर टीम प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में

**एजेंसी, तोक्यो।** भारतीय टीम ने जापान के यात्सुशिरो में खेली जा रही बैडमिंटन एशिया जूनियर मिश्रित टीम प्रतियोगिता के ग्रुप सी के अपने पहले मैच में कजाकिस्तान पर 2-0 (55-31, 55-21) की शानदार जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। भारत ने ग्रुप विजेता का फैसला करने के लिए चीनी ताइपे के खिलाफ होने वाले महत्वपूर्ण मुकाबले को ध्यान में रखते हुए कुछ बदलाव किए। दुर्गा ईशा कंद्रपु और कीर्ति मंचला की महिला युगल जोड़ी ने एलिसा कुलेशोवा और डायना नामेनोवा पर 11-5 से जीत हासिल करके भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई। इसके बाद पुनीत सुरेश और दीप्ति राज अदिति को मुस्तफा मलिकझ़ान और कुलेशोवा ने कड़ी टक्कर दी, लेकिन भारतीय जोड़ी 11-10 से जीत हासिल करने में सफल रही। इससे भारत ने स्कोर 22-15 कर दिया। भारतीय खिलाड़ियों ने अगली तीन श्रेणियों में दबदबा बनाए रखा और पहला सेट अपने नाम कर दिया। भारतीय टीम ने दूसरे सेट में भी दबदबा बनाए रखा तथा उसके किसी भी खिलाड़ी ने छह से अधिक अंक नहीं गंवाए। (अनंत ज्ञान)

### मैच के दौरान सालाह के घुटने में लगी चोट, बीच मैच से लौटे बाहर

**एजेंसी, सिएटल।** मिस्र के स्टार स्ट्राइकर मोहम्मद सालाह विश्व कप में ईरान के खिलाफ खेले गए मुकाबले के दौरान बाएं घुटने में चोटिल हो गए। चोट लगने के बाद उन्हें मैच के 57वें मिनट में



मैदान छोड़ना पड़ा। उनकी जगह मुस्तफा ज़िको को उतारा गया। मुकाबला 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुआ, लेकिन सालाह की चोट ने टीम की चिंता बढ़ा दी है। मैच के बाद मुख्य कोच होसाम हसन ने बताया कि सालाह के घुटने में चोट लगी है और टीम का मेडिकल स्टाफ उनकी स्थिति का आकलन कर रहा है। हालांकि कोच ने कहा कि शुरुआती जानकारी के अनुसार चोट गंभीर नहीं लग रही है। हसन ने बताया कि उन्होंने सालाह से बात की और खिलाड़ी ने खुद भरोसा जताया कि वह जल्द फिट हो जाएगा। कोच के अनुसार अगले मुकाबले से पहले टीम के पास पर्याप्त समय है, जिससे उनके पूरी तरह स्वस्थ होने की उम्मीद है। इस बीच मिस्र ने ईरान के खिलाफ ड्रॉ खेलकर पहली बार विश्व कप के नॉकआउट चरण में जगह बनाई है। अब टीम का सामना अगले शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया से होगा, जहां सालाह की उपलब्धता पर सभी की नजर रहेगी। (अनंत ज्ञान)

### वैभव सूर्यवंशी को मौका मिला तो खुद को साबित करेगा: वेंगसरकर

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत के पूर्व कप्तान और पूर्व मुख्य चयनकर्ता दिलीप वेंगसरकर ने 15 वर्षीय युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी की



जमकर तारीफ करते हुए कहा कि उनकी बल्लेबाजी बेहतरीन हैंड-आई कोऑर्डिनेशन और शानदार बैट स्विंग के कारण बेहद खास और अविश्वसनीय नजर आती है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे पर भारतीय टीम में पदार्पण का अवसर मिलने पर सूर्यवंशी खुद को साबित करेंगे। ब्रिटेन दौरे पर मुंबई क्रिकेट संघ की टीम के साथ मौजूद वेंगसरकर ने कहा कि वैभव बेहद प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं और उनके पास अपार क्षमता है। उन्होंने कहा कि सूर्यवंशी ऐसे शॉट खेलते हैं, जिन पर यकीन करना मुश्किल होता है और वह आसानी से गेंद को मैदान के बाहर पहुंचाने की क्षमता रखते हैं। टेस्ट क्रिकेट में उनके भविष्य को लेकर वेंगसरकर ने कहा कि उन्होंने उन्हें लंबे प्रारूप में नहीं देखा है, लेकिन उन्हें भरोसा है कि मौका मिलने पर वह वहां भी सफल रहेंगे। उन्होंने सूर्यवंशी को सचिन तेंदुलकर से अनुशासन, समर्पण और मानसिक मजबूती सीखने की सलाह दी। साथ ही श्रेयस अय्यर की कप्तानी की भी सराहना की। (अनंत ज्ञान)

### देविका, रौनक और श्रीकांत अमेरिकी ओपन बैडमिंटन के सेमीफाइनल में

**एजेंसी, फुलर्टन (अमेरिका)।** भारत की देविका सिहाग, रौनक चौहान और अनुभवी खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अमेरिकी ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। थाईलैंड मास्टर्स की विजेता देविका ने महिला एकल क्वार्टर फाइनल में जापान की तीसरी वरीय रिको गुंजी को 22-20, 21-19 से हराकर बड़ा उलटफेर किया। उन्होंने दोनों गेम के अंतिम क्षणों में संयम बनाए रखते हुए यादगार जीत दर्ज की। पुरुष एकल में रौनक चौहान ने इजरायल के मिशा जिल्बरमैन को केवल 38 मिनट में 23-21, 21-11 से हराकर पहली बार बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सुपर 300 प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बनाई। वहीं किदांबी श्रीकांत ने चीनी ताइपे के लियाओ झूओ-फू को 21-9, 12-21, 21-8 से हराकर अंतिम चार में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में रौनक का मुकाबला चीनी ताइपे के सु ली यांग से, जबकि श्रीकांत का सामना जापान के युदाई ओकिमोतो से होगा। देविका अब दूसरी वरीय डेनमार्क की लाइन क्रिस्टोफरसन से भिड़ेंगी। दूसरी ओर तन्वी शर्मा और रक्षिता श्री को अपने-अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा। (अनंत ज्ञान)

# फीफा विश्व कप 2026 : मिस्र ने ईरान से 1-1 से ड्रॉ खेलकर नॉकआउट चरण में किया प्रवेश

**एजेंसी, सिएटल**

फीफा विश्व कप 2026 के ग्रुप-जी के अंतिम मुकाबले में मिस्र और ईरान के बीच शनिवार को रोमांचक मैच 1-1 से ड्रॉ रहा। इस परिणाम के साथ मिस्र ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहते हुए नॉकआउट चरण में पहुंच गया, जबकि ईरान की अंतिम-32 में जगह बनाने की उम्मीदें सर्वश्रेष्ठ तीसरे स्थान वाली टीमों में शामिल होने पर टिकी हैं।



मुकाबले की शुरुआत बेहद तेज रही। मिस्र ने पांचवें मिनट में महमूद साबेर के गोल से बढ़त बना ली। इसके बाद नौवें मिनट में ईरान को पेनाल्टी मिली, लेकिन मेहदी तारेमी उसे गोल में नहीं बदल सके। मिस्र के गोलकीपर मोस्तफा शुबीर ने शानदार बचाव किया। हालांकि, ईरान ने केवल पांच मिनट बाद ही वापसी कर ली। मिलाद मोहम्मदी का पहला प्रयास शुबीर ने रोक दिया, लेकिन रीबाउंड पर रामिन रेजाइयान ने 14वें मिनट में गेंद को जाल में पहुंचाकर स्कोर 1-1 कर दिया। दूसरे हाफ में दोनों टीमों ने जीत के लिए लगातार प्रयास किए। ईरान को अंतिम मिनटों में कई बेहतरीन मौके मिले। स्टॉपेज टाइम में शोजा खलीलजादेह ने गेंद को गोल में पहुंचा भी दिया और ईरानी खिलाड़ियों ने जश्न मनाना शुरू कर दिया, लेकिन वीडियो सहायक रेफरी (वीएआर) की समीक्षा में उन्हें ऑफसाइड पाया गया और गोल रद्द कर दिया गया। उधर, दूसरे मुकाबले में बेल्जियम ने न्यूजीलैंड को 4-1 से हराकर ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। इसके चलते मिस्र दूसरे स्थान पर खिसक गया। अब मिस्र अंतिम-32 में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा। वहीं, ईरान को अब अन्य ग्रुपों के परिणामों का इंतजार करना होगा। यदि वह सर्वश्रेष्ठ आठ तीसरे स्थान वाली टीमों में शामिल रहता है तो उसका सामना स्विट्जरलैंड से हो सकता है। (अनंत ज्ञान)

## महिला टी20 विश्व कप: ऑस्ट्रेलिया से जीत ही दिलाएगी अंतिम चार का टिकट

# जीत ही दिलाएगी भारत को सेमीफाइनल का टिकट

**एजेंसी, लंदन**

मध्यक्रम के बल्लेबाजों के नहीं चल पाने और खराब क्षेत्ररक्षण के कारण अब तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाने वाली भारतीय टीम को अगर महिला टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बनानी है तो उसे ऑस्ट्रेलिया की मजबूत टीम के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले ग्रुप ए के अपने अंतिम मैच में खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा।



भारतीय टीम के लिए यह मैच करो या मरो जैसा है। इस ग्रुप के अंतिम दो मैच से सेमीफाइनल में पहुंचने वाली टीमों का निर्धारण होगा। इन मैच में दक्षिण अफ्रीका (छह अंक) लॉर्ड्स में बांग्लादेश (चार) से भिड़ेगा, जिसके बाद भारत (छह) का सामना अपराजित ऑस्ट्रेलिया (आठ) से होगा। दक्षिण अफ्रीका के बांग्लादेश के खिलाफ शानदार रिकॉर्ड (12 मैचों में 9-2) को देखते हुए भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच होने वाला मुकाबला क्वार्टर फाइनल जैसा होने की उम्मीद है। अगर पिछली बार फाइनल में पहुंचने वाली दक्षिण अफ्रीका की टीम उम्मीद के मुताबिक जीत जाती है, तो भारत को क्वालीफाई करने के लिए ऑस्ट्रेलिया को हराना होगा। ऐसी स्थिति में इस मैच में हार से मौजूदा वनडे विश्व चैंपियन की उम्मीदें खत्म हो जाएंगी।

दूसरी तरफ ऑस्ट्रेलिया आठ अंकों और 4.724 के बेहतर नेट रन रेट की बदौलत हार के बावजूद भी आगे बढ़ सकता है।

बांग्लादेश अगर दक्षिण अफ्रीका को हरा देता है तो भारत पर से दबाव कम हो जाएगा क्योंकि हार के बावजूद भी हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम अंतिम चार में जगह बना सकती है। (अनंत ज्ञान)

**मैच : शाम 7.00 बजे से**

**संभावित टीमें**

**भारत:** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), ऋचा घोष (विकेटकीपर), जेमिमा रोड्रिग्स, भारती फुलमाली, शेफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, क्रांति गौड़, रेणुका सिंह ठाकुर, प्रेमा रावत, अरुंधति रेड्डी, नंदनी शर्मा, श्री चरणी, राधा यादव।

**ऑस्ट्रेलिया:** सोफी मोलिनी (कप्तान), फीबी लिचफील्ड, बेथ मूनी (विकेटकीपर), जॉर्जिया वोल, ताहलिया मैकग्रा (उप-कप्तान), एशले गार्डनर, किम गार्थ, लूसी हैमिल्टन, ग्रेस हैरिस, अलाना किंग, एलिसे पेरी, एनाबेल सदरलैंड, निकोला कैरी, मेगन शट, जॉर्जिया वेयरहैम।

## केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गांधीनगर में 'भारत टैक्सी' सेवा का किया शुभारंभ

# बोले-दो साल में 500 शहरों व गांवों तक पहुंचेगी सेवा

**एजेंसी, गांधीनगर**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र के सांसद अमित शाह ने शनिवार को गांधीनगर स्थित महात्मा मंदिर में सहकारी मॉडल आधारित 'भारत टैक्सी' सेवा का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि दो वर्ष में यह सेवा 500 शहरों और गांवों तक पहुंचेगी। इस अवसर पर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान वडोदरा, अहमदाबाद, राजकोट और सूरत एयरपोर्ट सहित कई सरकारी संस्थानों के साथ विभिन्न एमओयू (समझौता ज्ञापन) पर हस्ताक्षर किए गए।



अपने संबोधन में अमित शाह ने कहा कि भारत टैक्सी का उद्देश्य यात्रियों और ड्राइवरों दोनों का शोषण रोकना है। उन्होंने बताया कि यह सेवा सहकारी मॉडल पर आधारित है, जिसमें ड्राइवर केवल वाहन चालक नहीं बल्कि संस्था के भागीदार और मालिक भी होंगे। उन्होंने कहा कि अगले दो वर्षों में भारत टैक्सी सेवा को देश के 500 छोटे-बड़े शहरों और गांवों तक विस्तार दिया जाएगा, जहां दोपहिया और चारपहिया दोनों प्रकार की सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा कि निजी ऐप आधारित टैक्सी सेवाओं में अत्यधिक कमीशन, नए ड्राइवरों का पंजीकरण बंद करने और भुगतान में देरी जैसी शिकायतें लगातार मिल रही थीं। इन्हीं समस्याओं के समाधान के लिए भारत टैक्सी की शुरुआत की गई है। उन्होंने कहा कि इस मॉडल में चालक को 'सारथी' कहा जाएगा, जो सेवा देने के साथ-साथ सहकारी संस्था का मालिक भी होगा।

उन्होंने बताया कि भारत टैक्सी के तीन प्रमुख उद्देश्य हैं—सारथियों और ग्राहकों का शोषण रोकना, सारथियों को सम्मान एवं स्वामित्व देना तथा सुरक्षित और समृद्ध परिवहन व्यवस्था विकसित करना। वर्तमान में देशभर में 7 लाख से अधिक सारथी इस सहकारी संस्था से जुड़े हैं और 37 लाख से अधिक लोग इस सेवा का लाभ उठा चुके हैं। अमित शाह ने यह भी कहा कि कुछ लोग भारत टैक्सी के किराए को लेकर भ्रम फैला रहे हैं, जबकि वास्तविकता यह है कि इसके किराए प्रतिस्पर्धी हैं। उन्होंने दावा किया कि भारत टैक्सी के शुरू होने के बाद निजी कंपनियों ने भी अपने किराए कम करना शुरू कर दिया है। भविष्य में सारथियों को ऋण, बीमा और व्यवसाय विस्तार जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने कहा कि सहकारिता गुजरात की पहचान है और भारत टैक्सी केवल एक नई परिवहन सेवा नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूत करने वाली महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने विश्वास जताया कि सहकारी भावना के कारण गुजरात में यह मॉडल सबसे अधिक सफल होगा। उन्होंने कहा कि अब तक निजी कंपनियों में निश्चित आय पर काम करने वाले ड्राइवर सहकारी व्यवस्था के तहत लाभ में भी भागीदार बनेंगे। (अनंत ज्ञान)

# सोनिया गांधी बोलीं—गाजा में हो रही हिंसा पर भारत मौन क्यों?

**एजेंसी, नई दिल्ली**

कांग्रेस सांसद सोनिया गांधी ने गाजा में इजराइल की सैन्य कार्रवाई पर मोदी सरकार के स्टैंड पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने लिखा, 'संयुक्त राष्ट्र की स्वतंत्र अंतरराष्ट्रीय जांच आयोग की जून 2026 की रिपोर्ट बताती है कि इजराइल गाजा में फिलिस्तीनियों के अस्तित्व को खत्म करने के इरादे से बच्चों को निशाना बना रहा है। इतनी गंभीर रिपोर्ट आने के बाद भी मोदी सरकार चुप है।'



सोनिया ने लिखा कि इस आयोग की अगुआई अब भारत के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस एस. मुरलीधर कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में जारी 94 पन्नों की रिपोर्ट में कहा गया है कि इजराइल की कार्रवाई का मकसद गाजा में फिलिस्तीनियों के अस्तित्व को खत्म करना है और इसके लिए बच्चों को निशाना बनाया जा रहा है।

सोनिया गांधी ने कहा कि जब पूरी दुनिया में इजराइल के खिलाफ विरोध बढ़ रहा है और अंतरराष्ट्रीय समुदाय गाजा में हुई तबाही को गंभीरता से देख रहा है, तब भारत सरकार अकेली ऐसी आवाज बन गई है, जिसने चुप्पी साध रखी है। उन्होंने कहा कि जस्टिस एस. मुरलीधर की रिपोर्ट पर भी मोदी सरकार ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। उन्होंने अपने लेख में जस्टिस मुरलीधर के दिल्ली हाईकोर्ट से तबादले का भी जिक्र किया। उन्होंने लिखा कि उनका तबादला उस समय हुआ था, जब उन्होंने 2020 के दिल्ली दंगों से पहले बीजेपी नेताओं के कथित भड़काऊ बयानों पर दिल्ली पुलिस की कार्रवाई को लेकर सवाल उठाए थे। (अनंत ज्ञान)

अनंत Classifieds

**नाम दुरूस्ती**

**मैं सैना देवी** उम्र 56 वर्ष पत्नी वाली राम निवासी गांव व डाकघर भलाड तहसील ज्वाली जिला कांगड़ा हि.प्र. घोषणा करती हूँ कि मेरा नाम सभी दस्तावेजों में सैना देवी है। जबकि आधार कार्ड में सेनो देवी दर्ज है जो कि गलत है। कृपया इसे दरुस्त किया जाए।

**कार्यालय ग्राम पंचायत दनोआ**
**विकास खंड**

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत दनोआ वित्त वर्ष 2026-27 मनरेगा, 16वां वित्त व अन्य मद के कार्यो की कुटेशन आमंत्रित करने बारे । यह कि ग्राम पंचायत दनोआ के विकास कार्यो के लिए निम्नलिखित सामग्री हेतु निविदाएं आमंत्रित की जानी हैं जिनका विस्तृत ब्यौरा निम्न प्रकार से है :-

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | दर |
|---|---|---|
| 1. | रेत क्रैशर | प्रति घन मीटर |
| 2. | बजरी क्रैशर | प्रति घन मीटर |
| 3. | गटका क्रैशर | प्रति घन मीटर |
| 4 | टूटा पत्थर | प्रति पत्थर |
| 5. | सीमेंट ढुलवाई | प्रति बैग |
| 6. | शटरिंग | प्रति वर्ग फीट |
| 7. | शटरिंग भवन | प्रति वर्ग फीट |
| 8. | पौधारोपण | प्रति पौधा |
| 9. | पार्क आइटम | प्रति आइटम |
| 10. | वाटर कूलर | प्रति संख्या |
| 11. | डस्टबिन | प्रति संख्या |
| 12. | खाड़ू पत्थर | प्रति संख्या |
| 13. | मिक्सचर मशीन | प्रति दिन |
| 14. | बोर्ड लिखवाई | प्रति बोर्ड |
| 15. | रेडीमेड बोर्ड | प्रति बोर्ड |
| 16. | ईंट | प्रति ईंट |
| 17. | वाटर टैंक | प्रति टैंक |
| 18. | जेसीबी | प्रति घंटा |
| 19. | सामग्री ढुलाई भण्डार से कार्य स्थल तक | प्रति खच्चर/घोड़ा |

अतः इच्छुक निविदाकर्ता बंद लिफाफे में स्वयं या डाक के माध्यम से साधारण तौर पर ग्राम पंचायत दनोआ डाक घर बड़ोह में दिनांक 02/07/2026 शाम 4:00 बजे तक जमा कर सकता है। उसके बाद प्राप्त कुटेशन अमान्य होगी। कुटेशन खोलने की दिनांक 03/07/2026 होगी। सामग्री को कार्य स्थल तक पहुंचाना अनिवार्य होगा। सामग्री के भुगतान हेतु सप्लायर के पास M फॉर्म व X फॉर्म के अंतर्गत 2% राशि भी पंचायत में जमा करवानी होगी । सप्लायर के पास G.S.T. नंबर का होना अनिवार्य होगा । निविदाओं को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार पंचायत के पास होगा ।

सचिव
ग्राम पंचायत दनोआ, विकास खंड बड़ोह जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

**कार्यालय ग्राम पंचायत हरी बैहना**
**विकास खंड गोपालपुर तहसील सरकाघाट जिला मंडी हि. प्र.**

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत हरी बैहना के अंतर्गत वित वर्ष 2026-27 के लिए निविदाएं आमंत्रित करने बारे :-वित वर्ष 2026-27 हेतु निम्न सामग्री के लिए कुटेशन / निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदाएं लेने की दिनांक 27/06/2026 निविदाएं 06/07/2026 को 11:00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में डाक के माध्यम से या व्यक्तिगत रूप से जमा करवाएं। निविदाएं /कुटेशन ग्राम पंचायत में दिनांक 07/07/2026 दोपहर 12:00 बजे समय कमेटी के समक्ष खोली जाएगी। **सामग्री विवरण :** रेता क्रशर प्रतिघन मी., रेता प्लांट प्रति घन मी., पक्की ईंट (ABC ग्रेड) 1000No, बजरी क्रशर प्रति घन मी., पत्थर (cut store) प्रतिघन मी, सोलिंग / बोल्डर पत्थर प्रति घन भी, J.C.B. मशीन द्वारा कटान प्रति घंटा / प्रति घन मी., शटरिंग( भवन निर्माण / अन्य प्रति वर्ग मीटर व रनिंग मीटर , सामग्री ढुलान, सीमेंट, प्रति कि.मी., Sign Board) standard Size per board, water cooler 20,40,60,80 Ltr. with & without fiting., Segregation shed, cement/concrete Bench, steel benches, painting & writiing of sign board, Mixture machine, dustbins in liters **नियम व शर्तें**- 1. निविदादाता के पास Active GSTपंजीकरण होना चाहिए 2. निविदादाता को अपनी निविदा लैटर पैड पर संबंधित पंचायत को भेजनी होगी। 3. निविदादाता को बिल के साथ Valid ratelist Pass From X और W जमा करवाने होंगे। 4. सभी करों का लेन देन सरकार के प्रावधानों अनुसार होगा 5. सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग की स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होगी। 6. दरें अंकों /शब्दों में लिखी होनी चाहिए । 7. निर्माण सामग्री कार्यस्थल सड़क तक उपलब्ध करवानी होगी। 8. पारित निविदादाता को मु. 20,000/- अग्रिम / सुरक्षित राशी के रूप में जमा करवाने होंगे व साथ में मु0 1,000/- रु. (नॉन रिफंडेबल) आवेदन शुल्क संबंधित पंचायत में जमा करवाने होंगे। 9. निविदादाता यदि सामाग्री आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता है, तो उसकी दी गई सुरक्षित राशी वापिस नहीं होगी व सुरक्षित राशी में से ही बाजार भाव पर सामग्री क्रय की जाएगी तथा उसकी निविदा रदद कर दी जाएगी 10. किसी भी निविदा को बिना कारण बताए स्वीकृत / अविकृत करने, समान दर रहने की स्थिती में एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने सामग्री की गुणवता के चयन तथा निविदाएं किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत विभाग के पास सुरक्षित होगा। 11. सामग्री राशी की अदायगी TA/JE की पैमाइश के उपरांत की जाएगी तथा बिलों के साथ मात्रा सहित Valid Transit Pass form X और W होना जरूरी है अन्यथा बिलों की अदायगी नहीं की जाएगी। 12.सामग्री लेने का अंतिम मूल्य / निर्माण विभाग की Justification व पारित निविदादाता के साथ negotiation उपरांत किया जाएगा तथा पारित निविदादाता को undertaking देनी होगी।

*प्रधान/सचिव*
*ग्राम पंचायत हरी बैहना विकास खंड गोपालपुर तहसील सरकाघाट जिला मंडी हि. प्र.*

**कार्यालय ग्राम पंचायत दसेहड़ा विकास खण्ड, बल्ह, जिला मण्डी, (हि0प्र0)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सर्व साधरण को सूचित किया जाता है की ग्राम पंचायत दसेहड़ा द्वारा वितीय वर्ष 2026-27 के लिए मनरेगा 15वां वितायोग, वाटर मेड SPM अन्य समस्त मदों के विकास कार्यो में प्रयोग होने वाली सामग्री के क्रय/सप्लाई हेतू इच्छुक फर्म/एजेंगी अपनी निविदाएं/कुटेशन निर्धारित दिनांक / समय/ स्थान पर सील बंद लिफाफे में संबन्धित प्रधान ग्राम पंचायत सचिव के पास पंचायत कार्यालय में प्रस्तुत कर कर सकते है। निर्धारित दिनांक/समय/के बाद व स्थान के अलावा कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। सील बंद प्राप्त निविदाओं को पंचायत कार्यकारिणी गठित कमेटी के ममक्ष निर्धारित समय पर खोला जाएगा । **आवश्यक नियम व शर्ते**1 निविदादाता के पाम अपना पंजीकरण नम्बर निविदा पर भरना सुनिशिचित करे। इसके साथ R.C.NO..GST,CST.NO. व् बैंक खाता की छाया प्रति लगाना अति आवश्यक है 12. साम्रगी दर क्यूविक. मी. के हिसाव में होनी चाहिए, दरमभी प्रकार के टैक्स आदि महित होनी चाहिए 13. ठेकेदार आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग से हस्ताक्षरित M-FROM उपलब्ध न करवाने की स्थिति में सामग्री सम्बन्धी रॉयल्टी वर्तमान में मु0 (वर्तमान में M-FORM का उपलब्ध करवाना अनिवार्य है। 4. सभी निविदाएं सील बन्द लिफाफे में देनी अनिवार्य होगी। अधूरी खुली रूपये प्रति घन मीटर के हिसाब से काटी जाएगी । निविदाएं मान्य नहीं होगी 5.GST/CST दरें निविदा प्रपत्र में भरी गई दरों में ही शामिल होगी 6. पंचायत पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के परिवार से सम्बन्धित सदस्यों की निविदाएं मान्य नहीं होगी 7. सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग के स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होगी 8. दर अंको व शब्दों दोनों में लिखी होनी चाहिए 9. निर्माण सामग्री कार्य स्थल सड़क तक उपलब्ध करवानी होगी । 10. पारित निविदादाता को मु0-30000/-रूपये धरोहर / सुरक्षित राशि के रूप में ग्राम पंचायत के पास जमा करने होगे 11. ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्रधिकार में एक ही मूल्य देय होगा व अस्वीकृत सामग्री की अदायगी देव नहीं होगी 12. निविदादाता यदि सामग्री आपूर्ति समयानुमार नहीं कर पाता है तो उसकी गत समय में दी गई सामग्री की देय राशी का भुगतान नहीं किया जायेगा और न ही अग्रिम / सुरक्षित राशी वापिस होगी 13. किसी भी निविदा को बिना कारण बताए स्वीकृत / अस्वीकृत करने, सशर्त निविदा समान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादताओं के लिए कार्य आदेश निगर्त करने सामग्री की गुणवता के चयन तथा निविदाएं किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत विभाग के पास सुरक्षित रहेगा। 14. सामग्री लेने का अंतिम मूल्य / निर्णय विभाग की Justification व् पारित निवितादाता के साथ Negotiation अनुसार/उपरान्त किया जायेगा । **समय सारिणी** पंचायत का नाम दसेहड़ा, कुटेशन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 14 जुलाई 2026, समय व स्थान 3:00 बजे तक पंचायत कार्यालय, कुटेशन खोलने की तिथि, समय व स्थान 15 जुलाई 2026, 12:00 बजे दोपहर, पंचायत कार्यालय, धरोहर राशी जमा करने का समय 20 जुलाई 2026 अंतिम, नई दरों के लागू होने का समय व अवधि 21 जुलाई 2026 से 20 जुलाई 2027 तक । **सामग्री विवरण :-** 1. रेत (खड्डु / नदी) 2. रेत (क्रशर) 3. बजरी (20mm, 40mm खड्डु/ नदी) 4. बजरी (20mm, 40mm क्रशर) 5. सोलिंग बोल्डर पत्थर 6. पत्थर (Cut Stone) 7. पक्की ईंटि (2nd Class) 8. मशीन द्वारा कटान (Cutting Through JCB) 9. सामग्री ढुलान ट्रेक्टर /जीप/अन्य वाहन 10. शटरिंग 11. टोर सरिया (ISI Marked) 12. दिवार लेखनी (Wall Writting) 13. दरवाजा/खिड़की के पल्ले 2nd क्लास देवदार लकड़ी 35mm, 40mm 14. दरवाज़ा/खड़की चौखट 2nd क्लास देवदार लकड़ी 15. सीमेंट ढुलाई HPSCSC डिपो मे विकासकार्य स्थल तक 16. PVCपाईप100mm, 150mm Dia. 6kg/सकम, CM17. RCC/HumeNP2,150mm, 200mm, 300mm, 3000mm, 6000mm, 750mm, 900mm or 1200mm (रनिंग मीटर) 18. लोहे की ग्रिल व अन्य लोहे का सामान (प्रति किलो) 19. पेंट सामग्री (सभी प्रकार की ) 20. साईन बोर्ड (3*2,4*5) with all Merarial (प्रति साईन बोर्ड) 21. Steel TMT ISI Marka सभी साईज 22. पानी का टैंकर 23. पेवर ब्लॉक/फ्लोर टाईल/बाल टाईल 40/60/80MM (ISI) Marka

*प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत दसेहड़ा विकास खण्ड, बल्ह, जिला मण्डी, (हि0प्र0)*

## न्यूज ब्रीफ

### बाशिंग में आज लगेगा हेल्थ चेकअप कैंप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू वैली हॉस्पिटल और कार सेवा दल संस्था के सौजन्य से रविवार को ललित महाजन सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल, बाशिंग में निःशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप आयोजित किया जाएगा। इसमें विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा मरीजों की जांच की जाएगी। सुबह 9:30 बजे बीपी और शुगर जांच तथा पर्ची बनाना शुरू होगा, जबकि 11 बजे से परामर्श मिलेगा। कैंप में ईसीजी, दवाइयां और आयुष्मान योजना के तहत सर्जरी सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। विभिन्न विशेषज्ञ डॉक्टर सेवाएं देंगे। संस्था ने लोगों से अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की है।

### एनजेडसीसी का सांस्कृतिक कार्यक्रम 29 को

**अनंत ज्ञान, मनाली।** उत्तरी क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र (एनजेडसीसी) द्वारा मनाली में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। मनु रंगशाला मनाली में सात राज्यों मणिपुर, उड़ीसा, महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, पंजाब सहित हिमाचल के कलाकार धमाल मचाएंगे। लोक गायिका मान कली भी अपनी मधुर आवाज से सांस्कृतिक संध्या में रंग जमाएगी। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी बालक राम ठाकुर ने कहा कि 29 जून को देश भर के कलाकार मनाली में धमाल मचाएंगे। उन्होंने कहा कि वशिष्ठ कला संगम मथियान के कलाकार भी कुल्लवी नाटी की प्रस्तुति देंगे। उन्होंने मनाली घाटी के लोगों से आग्रह किया कि 29 जून को आयोजित होने जा रही संस्कृतिक संध्या में भाग लें।

### हिडिम्बा मंदिर में देवी पंचायतन महायज्ञ संपन्न



**अनंत ज्ञान, मनाली।** कुल्लू की आराध्य देवी माता हिडिम्बा मंदिर परिसर में आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण कथा एवं देवी पंचायतन महायज्ञ शनिवार को पूर्णाहुति के साथ विधिवत संपन्न हुआ। इस अवसर पर हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे और पूरा परिसर भक्ति व श्रद्धा से सराबोर रहा। पूर्णाहुति से पूर्व 108 कन्याओं का विधिवत पूजन किया गया तथा वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच महायज्ञ संपन्न हुआ। शंखनाद, नगाड़ों और पारंपरिक वाद्ययंत्रों की गूंज से वातावरण भक्तिमय हो उठा। दोपहर बाद कथा की भावपूर्ण विदाई हुई, जिससे श्रद्धालु भावुक हो गए। समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

### अमर सिंह नेगी को एसएमसी की कमान



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** साई स्टार सीनियर सेकेंडरी स्कूल, ढालपुर में स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) का गठन संपन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता पूर्व एसएमसी अध्यक्ष चंदन शर्मा ने की। सर्वसम्मति से अमर सिंह नेगी को नया अध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक व मुख्याध्यापिका अंजना ठाकुर सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहे। अभिभावकों ने विद्यालय विकास पर सुझाव दिए। नवगठित समिति ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन और आधुनिक सुविधाओं के विस्तार का संकल्प लिया। अध्यक्ष ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए बेहतर समन्वय और शिक्षा सुधार का आश्वासन दिया।

# चुनाव टालने के विरोध में भाजपा ने सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा

## कुल्लू जिला परिषद व निरमंड पंचायत समिति चुनाव में देरी पर भाजपा ने दी आंदोलन की चेतावनी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** जिला परिषद कुल्लू और पंचायत समिति निरमंड के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के चुनावों में लगातार हो रही देरी को लेकर हिमाचल प्रदेश की सियासत गरमा गई है। इस प्रशासनिक देरी के विरोध में भाजपा ने शनिवार को जिला डीसी कार्यालय कुल्लू के बाहर जोरदार धरना-प्रदर्शन किया।

भाजपा नेताओं ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को जानबूझकर बाधित करने और अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए चुनाव टालने का गंभीर आरोप लगाया है। इस विशाल प्रदर्शन में स्थानीय विधायक, पूर्व मंत्री, जिला पदाधिकारी और भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने कांग्रेस सरकार पर तीखे हमले किए। नेताओं ने कहा है कि कांग्रेस के पास जिला परिषद और पंचायत समिति में पर्याप्त बहुमत नहीं है, जिसके कारण अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव जानबूझकर लटकाए जा रहे हैं। वहीं, इसी गतिरोध को लेकर आनी के विधायक लोकेंद्र कुमार और बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी ने जिला उपायुक्त कुल्लू से विशेष मुलाकात की और चुनाव तुरंत करवाने की पुरजोर मांग उठाई। इस मौके पर पूर्व विधायक गोविंद सिंह ठाकुर सहित बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी, आनी के विधायक लोकेंद्र कुमार सहित भाजपा के जिला कुल्लू के अध्यक्ष अमित सूद व नवनिर्वाचित जिप सदस्यों ने कहा कि



डीसी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते हुए। अनंत ज्ञान

### उपायुक्त के माध्यम से राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

**धरने** में पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर, भाजपा के वर्तमान व पूर्व जिला अध्यक्ष, जिला पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। नेताओं ने प्रशासन को दो टूक चेतावनी देते हुए कहा कि यदि नियमों के अनुसार जल्द चुनाव की तारीखें घोषित नहीं की गईं, तो इसे 'लोकतंत्र की हत्या' माना जाएगा। धरने के समापन के बाद भाजपा के एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने जिला उपायुक्त के माध्यम से महामहिम राज्यपाल को ज्ञापन भेजा।

प्रशासन को किसी भी राजनीतिक दबाव से मुक्त होकर, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से अपनी संवैधानिक जिम्मेदारी निभानी चाहिए।

# कुल्लू अस्पताल में लेप्रोस्कोपी से अल्सर का सफल ऑपरेशन



डॉ. प्रीत व उनकी टीम की मेहनत लाई रंगा। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू अस्पताल में लेप्रोस्कोपी से अल्सर का सफल ऑपरेशन किया गया है। अस्पताल के सर्जन डॉ. प्रीत व उनकी टीम की मेहनत रंग लाई है। खराहल घाटी के 19 वर्षीय युवा ज्ञान चंद अल्सर की बीमारी से पीड़ित था।

ओपन सर्जरी संभव नहीं थी। ऐसे में डॉ. प्रीत ने सूझबूझ से काम लेते हुए लेप्रोस्कोपी से सफल ऑपरेशन किया। डॉ. प्रीत सहित उनके सहयोगी डॉ. ईशा, ओटीए निर्मला, स्टाफ नर्स पूनम व लता सहित सर्जरी वार्ड के समस्त स्टाफ की मेहनत रंग लाई। डॉ. प्रीत ने कहा कि लेप्रोस्कोपी से बड़े चीरे के बजाय छोटे-छोटे कट लगाकर कैमरा और उपकरणों की मदद से अल्सर को ठीक किया जाता है। इससे मरीज को कम दर्द होता है और तेजी से रिकवरी होती है। ओपन सर्जरी की तुलना में लैप्रोस्कोपी से अस्पताल में कम दिन बिताना पड़ता है। छोटे चीरे लगने से पोस्ट-ऑपरेटिव दर्द बहुत कम होता है। घाव के संक्रमण की संभावना काफी कम होती है। मरीज बहुत जल्दी अपने सामान्य कामकाज पर लौट आते है।

# सरसेई पंचायत में कैंची मोड़ और रांगड़ी क्षेत्र से हटाया कचरा



कचरा फेंकने वालों को दी चेतावनी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**पतलीकूहल।** राम पंचायत सरसेई के अंतर्गत कैंची मोड़ और रांगड़ी जायरू क्षेत्र में अज्ञात लोगों द्वारा फैलाए गए कचरे को लेकर बड़ी कार्रवाई की गई। खंड विकास अधिकारी मुकेश कुमार ने मौके पर स्थिति का संज्ञान लेते हुए तत्काल सफाई के निर्देश दिए। इसके बाद ग्राम पंचायत सरसेई ने इंसेंटिव आधारित कार्य योजना के तहत युद्ध स्तर पर सफाई अभियान चलाकर दोनों स्थानों को पूरी तरह कचरा मुक्त कर दिया। अभियान की निगरानी प्रधान प्रोमिला देवी और पंचायत सचिव सुंदर सिंह ने की। प्रधान प्रोमिला देवी ने कहा कि स्वच्छ और सुंदर ग्राम बनाना सभी की जिम्मेदारी है, इसलिए नागरिकों को सहयोग करना चाहिए। उन्होंने अपील की कि सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी न फैलाएं। पंचायत प्रशासन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि कोई व्यक्ति भविष्य में कचरा फेंकते हुए पाया गया तो उसके खिलाफ पंचायत नियमों के तहत सख्त दंडात्मक और कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# खस्ताहाल सड़कों के दर्द से कराह रही पार्वती घाटी

## शीघ्र सुधार के लिए ग्रामीणों ने डीसी कुल्लू के माध्यम से प्रदेश सरकार को भेजा ज्ञापन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** विश्व प्रसिद्ध पर्यटन एवं धार्मिक स्थल पार्वती घाटी की जीवन रेखा कही जाने वाली भुंतर-मणिकरण-बरशैणी मुख्य सड़क पिछले लगभग चार वर्षों से अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही है। सड़क की अत्यंत दयनीय स्थिति और जगह-जगह से क्षतिग्रस्त हो चुके मार्ग के कारण घाटी में विकास के दावे हवा होते नजर आ रहे हैं। इस समस्या से तंग आकर शनिवार को घाटी के लोगों और विभिन्न संगठनों का एक प्रतिनिधिमंडल स्थानीय निवासी एवं वरिष्ठ नेता नरोत्तम ठाकुर के नेतृत्व में डीसी कुल्लू से मिला।

इस मौके पर प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासन के माध्यम से सरकार को एक ज्ञापन भेजकर संपर्क सड़कों के शीघ्र सुधार की पुरज़ोर मांग उठाई है। ग्रामीणों ने मांग की है कि भुंतर से बरशैणी तक मणिकर्ण मुख्य सड़क की तत्काल प्रभाव से मरम्मत की जाए और अत्यधिक क्षतिग्रस्त हो चुके हिस्सों का पुनर्निर्माण किया जाए। मणिकर्ण-बरशैणी सड़क के मालिकाना हक और जिम्मेदारी को स्पष्ट किया जाए। यदि यह सड़क पार्वती जलविद्युत परियोजना के अधीन है तो प्रबंधन इस पर तुरंत काम शुरू करे, अन्यथा इसे लोक निर्माण विभाग को हस्तांतरित कर नियमित रखरखाव सुनिश्चित किया जाए। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत स्वीकृत की जा चुकीं 17 ग्रामीण सड़कों का निर्माण कार्य बिना किसी देरी के धरातल पर शुरू किया जाए। पार्वती घाटी की सभी छोटी-बड़ी संपर्क एवं ग्रामीण सड़कों की मरम्मत कर उन पर टारिंग की जाए। जाम की स्थायी समस्या से निपटने के लिए सड़कों का चौड़ीकरण किया जाए और पीक सीजन के दौरान कड़े यातायात प्रबंधन के नियम लागू किए जाएं।स्थानीय जनता को उम्मीद है कि सरकार इस ज्ञापन का कड़ा संज्ञान लेते हुए पार्वती घाटी की जनता को इस नारकीय स्थिति से जल्द निजात दिलाएगी। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी निम्नलिखित जायज मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो वे आंदोलन का रास्ता चुनने पर मजबूर होंगे।



प्रतिनिधिमंडल घाटी की मांगों को लेकर डीसी कुल्लू से चर्चा करते हुए। अनंत ज्ञान

### दैनिक जीवन हुआ दूभर, पर्यटकों और मरीजों पर भारी मार

**ज्ञापन** में स्थानीय लोगों ने रोष प्रकट करते हुए कहा कि सड़क की खस्ताहाल स्थिति के कारण क्षेत्र में प्रतिदिन घंटों लंबा ट्रैफिक जाम लग रहा है। इस जाम की वजह से स्कूली बच्चों, कर्मचारियों, व्यापारियों और स्थानीय ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे गंभीर स्थिति मरीजों की है, जिन्हें समय पर अस्पताल पहुंचाना भी एक बड़ी चुनौती बन गया है। इसके अलावा, देश-विदेश से आने वाले पर्यटक भी इस बदहाली को देखकर बीच रास्ते से ही वापस लौटने को विवश हो रहे हैं, जिससे स्थानीय पर्यटन व्यवसाय को भारी नुकसान पहुंच रहा है। आए दिन होने वाले हादसों से लोगों की जान-माल पर भी लगातार खतरा मंडरा रहा है।

# स्पीति की 17 वर्षीय बेटी तंजिन नॉरडन ने कनिमो चोटी फतह कर रचा इतिहास

◆ **5,970 मीटर ऊंचे शिखर पर तिरंगा फहराने वाली घाटी की पहली महिला पर्वतारोही**



अनंत ज्ञा

**ब्यूरो, काजा।** जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति की 17 वर्षीय बेटी तंजिन नॉरडन ने साहस, दृढ़ संकल्प और अथक परिश्रम का एक अद्भुत उदाहरण पेश किया है। तंजिन ने 5,970 मीटर (19,587 फुट) ऊंची कनिमो पीक को सफलतापूर्वक फतह कर एक नया इतिहास रच दिया है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के साथ ही वह स्पीति घाटी की पहली ऐसी महिला पर्वतारोही बन गई हैं, जिन्होंने इस अत्यंत दुर्गम और चुनौतीपूर्ण शिखर पर सफलतापूर्वक देश का तिरंगा फहराया है। इतनी कम आयु में प्राप्त यह असाधारण उपलब्धि न केवल तंजिन के परिवार, बल्कि पूरे स्पीति क्षेत्र, लाहौल-स्पीति जिले और हिमाचल प्रदेश के लिए बड़े गर्व का विषय है।

दुर्गम रास्तों और विपरीत मौसम की परवाह न करते हुए तंजिन ने यह साबित कर दिया है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और उसे पाने का दृढ़ संकल्प हो, तो कठिन से कठिन चुनौतियां भी सफलता की राह नहीं रोक सकतीं। तंजिन की इस सफलता ने प्रदेश की बेटियों के लिए प्रेरणा की एक नई मिसाल पेश की है। लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने तंजिन नॉरडन को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है।

**भविष्य के ऊंचे हौसले, परिवार ने जताई खुशी:** इस ऐतिहासिक सफलता पर तंजिन के परिवार में जश्न का माहौल है। परिजनों ने अपार प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि तंजिन का खेल के प्रति समर्पण, अनुशासन और कठिन परिश्रम पूरे परिवार को गौरवान्वित करने वाला है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह तो तंजिन की पर्वतारोहण यात्रा की महज एक शुरुआत है। आने वाले समय में वह देश-विदेश की कई अन्य ऊंची चोटियों पर विजय प्राप्त कर हिमाचल प्रदेश और पूरे देश का नाम वैश्विक स्तर पर रोशन करेंगी।

# चंद्रा-ब्यास नदी संपर्क परियोजना का निष्पक्ष मूल्यांकन जरूरी: गौतम

**अनंत ज्ञान, मनाली।** प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गौतम ठाकुर ने कहा कि अटल टनल के बाद लाहौल घाटी में पर्यटन, कृषि, बागवानी और बुनियादी ढांचे में बड़े बदलाव आए हैं। इसी क्रम में प्रस्तावित 'चंद्रा-ब्यास नदी संपर्क' परियोजना पर चर्चाएं तेज हैं। उन्होंने कहा कि यह परियोजना केवल राष्ट्रीय रणनीतिक दृष्टि से नहीं, बल्कि लाहौल और कुल्लू-मनाली के प्राकृतिक, सामाजिक और पर्यावरणीय हितों को ध्यान में रखकर आंकी जानी चाहिए। विशेषज्ञों के अनुसार यदि यह योजना वैज्ञानिक रूप से सुरक्षित साबित होती है तो इससे जल संसाधन, सिंचाई और जलविद्युत उत्पादन में लाभ मिल सकता है। हालांकि उन्होंने चेताया कि बिना समुचित अध्ययन के कार्य शुरू होने पर लाहौल और कुल्लू-मनाली की नाजुक पारिस्थितिकी, हिमनद, जैव विविधता और नदी तटीय व्यवस्था पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। गौतम ठाकुर ने कहा कि भू-वैज्ञानिक स्थिरता, आपदा जोखिम, पर्यटन, कृषि, बागवानी और जनजातीय समुदायों के हितों का स्वतंत्र वैज्ञानिक मूल्यांकन आवश्यक है, ताकि विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन बना रहे।



# नग्गर कैसल के जीर्णोद्धार में सुस्ती होटल संचालक और पर्यटकों में रोष



अनंत ज्ञान

**पतलीकूहल।** ऐतिहासिक नग्गर कैसल के जीर्णोद्धार का कार्य एक साल से सुस्त पड़ा हुआ है, जिससे स्थानीय होटल संचालक और पर्यटक नाराज हैं गौर रहे कि बीते साल जून से नग्गर कैसल बंद पड़ा है और नग्गर कैसल के बाहर( पार्किंग स्थल) का डंगा भी साल भर से नहीं लग पाया है, जिससे पर्यटक प्रभावित हुआ है। व्यवसायों की आय पर भी असर पड़ा है। होटल संचालक आदित्य कुमार शर्मा, अभिनव कायस्था, अभिषेक शर्मा, संत कुमार शर्मा, रामेश्वर परसाद भल्ला, जीवन भल्ला, सुमित भल्ला, मनोज कायस्था का कहना है कि कैसल बंद रहने के कारण पर्यटकों की ठहराव अवधि घट गई है और बुकिंग्स में कमी आई है। कई संचालकों ने प्रशासन से शीघ्र खुलने और जीर्णोद्धार कार्य तेज करने का अनुरोध किया है।स्थानीय निवासियों ने बताया कि जीर्णोद्धार स्थल पर मजदूरों की कमी और सामग्री की समय पर आपूर्ति नहीं होने से प्रोजेक्ट धीमा पड़ा है। होटल मालिकों और व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि यदि कैसल खोलने की प्रक्रिया में जल्द सुधार नहीं हुआ तो वे संयुक्त रूप से विरोध प्रारंभ कर सकते हैं।

> **नग्गर** कैसल एक विश्व धरोहर है, जिसके लिए जीर्णोद्धार में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग से अनापति प्रमाण पत्र लेने में समय लगा, उसके उपरांत कार्य निरंतर जारी है । अगले वर्ष 2027 जून के अंतिम सप्ताह के लगभग कार्य पूरा होने का अनुमान हैं।
>
> **-पुनीत, सहायक अभियंता एशियन डेवलपमेंट प्रोजेक्ट**

# जिन्दौड में नवनिर्वाचित वार्ड सदस्यों ने ली पद एवं गोपनीयता की शपथ



प्रधान सहित अन्य सभी नव-निर्वाचित वार्ड सदस्य। अनंत ज्ञान

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** जिला कुल्लू की ग्राम पंचायत जिन्दौड में नव-निर्वाचित प्रधान वीना ठाकुर ने पंचायत के सभी नव-निर्वाचित वार्ड सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। यह गरिमामय कार्यक्रम पंचायत कार्यालय में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों तथा बड़ी संख्या में उपस्थित पंचायतवासियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर प्रधान वीना ठाकुर ने सभी वार्ड सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जनता ने जो विश्वास व्यक्त किया है, उस पर खरा उतरना हम सभी की सर्वोच्च जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि पंचायत का विकास, पारदर्शिता, जनकल्याण और प्रत्येक पंचायतवासी की समस्याओं का समाधान उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगा।उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों से आपसी समन्वय, ईमानदारी और सेवा-भाव के साथ कार्य करने का आह्वान करते हुए कहा कि हम सभी मिलकर ग्राम पंचायत जिन्दौड को विकास, सुशासन और जनभागीदारी का आदर्श बनाएंगे। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ तथा उपस्थित लोगों ने नव-निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

**बैठक** वित्तीय देनदारियों को लटकाने पर पेंशनर्स में गहरा रोष, पेंशनभोगी संघ का महाधिवेशन आयोजित

# पेंशनर्स के वित्तीय भुगतान में दोहरी नीति अपना रही सरकार: गुलशन

अनंत ज्ञान

**मनाली।** हिमाचल प्रदेश पेंशनभोगी संघ का महाधिवेशन (फैडरल हाउस) मनाली में आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्रदेशाध्यक्ष एलआर गुलशन ने की। बैठक में पेंशनरों के ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा की गई।

प्रदेश सरकार की ओर से पेंशनर्स की वित्तीय देनदारियों को अनावश्यक रूप से लटकाने पर गहरा रोष व्यक्त किया गया।हिमाचल प्रदेश पेंशनभोगी संघ के प्रदेशाध्यक्ष एलआर गुलशन ने कहा कि प्रदेश सरकार पिछले करीब चार सालों से पेंशनर्स की देनदारियों का भुगतान नहीं कर पाई है। जिससे बुजुर्ग एवं बीमार पेंशनर्स हताश और निराश हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पेंशनरों के वित्तीय भुगतान करने में दोहरी नीति अपना रही है। एक तरफ़ मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू 65 से 70 वर्ष आयु के पेंशनरों को एक जनवरी 2016 से 31 जनवरी 2022 तक संशोधित वेतनमान के बकाया एरियर का जुलाई माह में एकमुश्त भुगतान करने की बात करते हैं, जबकि 22 जून को वित्त विभाग द्वारा जारी अधिसूचना में केवल प्री-2016 के पेंशनरों को ही एरियर के भुगतान की बात कही गई है। उन्होंने राज्य सरकार से इस तुगलकी फरमान को तुरंत निरस्त कर सभी पेंशनरों को वित्तीय देनदारियों का एकमुश्त भुगतान करने की मांग की है। पेंशनर नेताओं ने आरोप लगाया कि अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ और समानांतर पेंशनर गुटों के नेता सरकार की गोद में बैठकर राजनीतिक रोटियां सेंक रहे हैं। विगत चार सालों से न तो अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ और न ही पेंशनर नेताओं ने सरकार से संयुक्त सलाहकार समिति की बैठक आयोजित करवाई है। इससे प्रदेश के लाखों कर्मचारी और पेंशनर ठगे से महसूस कर रहे हैं। संघ के प्रदेशाध्यक्ष ने बताया पेंशनरों के संघर्ष को धार देने के लिए फैडरल हाउस की अनुमति से 'ज्वॉइंट पेंशनर फैडरेशन' का गठन किया गया, जिसमें एलआर गुलशन को प्रदेशाध्यक्ष, नरेंद्र कुमार (कांगड़ा) को प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष, खुशहाल चंद नेगी को प्रदेश महासचिव, एसपी सागर, नील चंद को उपाध्यक्ष, बोधराज को संयुक्त सचिव, लीला डोगरा को महिल विंग की प्रदेश अध्यक्ष, चिंत पूर्णा शर्मा को प्रदेश उपाध्यक्ष, मनोरमा डोगरा को संगठन सचिव महिला (विंग मनोरमा) नियुक्त किया गया। उन्होंने बताया कि बाकी पदाधिकारी संगठन में यथावत कार्य करते रहेंगे। ज्वॉइंट पेंशनर फैडरेशन के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष एलआर गुलशन ने कहा कि वह सबको साथ लेकर पेंशनर हितों की जोरदार ढंग से पैरवी करेंगे। उन्होंने कहा कि ज्वॉइंट पेंशनर फैडरेशन में सभी विभागों, बोर्डों, निगमों के लाइक माइंडिड पेंशनरों को जोड़ा जाएगा और ज्वॉइंट पेंशनर फैडरेशन के बैनर तले पेंशनरों के संघर्ष को और तेज़ किया जाएगा। इस दौरान प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार, महासचिव खुशहाल चंद नेगी, उपाध्यक्ष एसपी सागर, सुरेश कुमार शर्मा, नील चंद, महिला विंग की प्रदेशाध्यक्ष लीला डोगरा, उपाध्यक्ष (महिला विंग) चिंतपूर्णा शर्मा, संगठन सचिव मनोरमा डोगरा, संयुक्त सचिव बोधराज, भुंतर खंड के अध्यक्ष ओंकार दत्त शर्मा, कुल्लू शहरी इकाई के अध्यक्ष तेज सिंह ठाकुर, जिला मंडी के अध्यक्ष शारदा नंद शर्मा, कांगड़ा के महासचिव राजेश कुमार सहित अनेक पेंशनर मौजूद रहे।



बैठक के दौरान पेंशनभोगी संघ के सभी पदाधिकारी अनंत ज्ञान

# नशे के खिलाफ लड़ाई में हर नागरिक की भागीदारी जरूरी : अश्विनी कुमार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** जिले की नशा प्रभावित व संवेदनशील ग्राम पंचायतों में 'एंटी चिट्टा अभियान' तथा 'नशा मुक्त भारत अभियान' के अंतर्गत विशेष ग्राम सभाओं और 'नशा निवारण समितियों' की बैठकों का व्यापक आयोजन किया गया। कल्याण विभाग के सौजन्य से आयोजित इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर नशे की सामाजिक बुराई को जड़ से समाप्त करना और सामुदायिक निगरानी तंत्र को मजबूत करना है।

अभियान के तहत मौहल पंचायत में आयोजित विशेष कार्यक्रम की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त अश्वनी कुमार ने की। उन्होंने ग्रामीणों और पंचायत प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई में हर नागरिक की भागीदारी जरूरी है। युवाओं को खेल, सांस्कृतिक और कौशल विकास गतिविधियों से जोड़कर ही इस लत से दूर रखा जा सकता है। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव चौहान ने भी अपने विचार रखे। वहीं, ग्राम पंचायत कटराईं में जिला कल्याण अधिकारी गिरधारी लाल शर्मा की विशेष उपस्थिति में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान नुक्कड़ नाटक से ग्रामीणों, युवाओं और महिलाओं को नशे के खतरनाक शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्प्रभावों के बारे में सरल और प्रभावी ढंग से जागरूक किया गया। बैठकों में 14 बिंदुओं की विशेष कार्यसूची पर चर्चा की गई, जिसके तहत पंचायत क्षेत्रों में भांग, अफीम व अन्य मादक पदार्थों की अवैध खेती, भंडारण और तस्करी की गोपनीय सूचनाएं पुलिस व संबंधित विभागों को दी जाएंगी। ऐसे हॉटस्पॉट भी चिन्हित किए, जहां नशे की खरीद-फरोख्त या सेवन के लिए लोग इकट्ठा होते हैं। आमजन को राष्ट्रीय नशामुक्ति हेल्पलाइन नंबर 14446 तथा एंटी चिट्टा हेल्पलाइन नंबर 112 के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रमों के दौरान उपस्थित स्थानीय पंचायतों के प्रधानों, उप-प्रधानों, वार्ड सदस्यों, महिला व युवक मंडलों और आम जनता को देश व समाज को नशा मुक्त बनाने की सामूहिक शपथ दिलाई गई।



बैठक के दौरान नशे के दुष्प्रभावों बारे चर्चा करते हुए। अनंत ज्ञान

## नवनिर्वाचित वार्ड सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई

अनंत ज्ञान

**दाड़लाघाट।** विकास खंड कुनिहार की ग्राम पंचायत दाड़लाघाट में पंचायत की प्रथम बैठक एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान पंचायत प्रधान श्याम सिंह चौधरी ने पंचायत के 11 नवनिर्वाचित वार्ड सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ लेने वाले सदस्यों में वार्ड गवाह-1 से सुनीता, निचली नौणी वार्ड-2 से गीता देवी, उपरली नौणी वार्ड-3 से मीरा देवी, दाड़ला वार्ड-4 से कर्म चंद, दाड़ला वार्ड-5 से प्रेम चंद, दाड़ला वार्ड-6 से राज कुमारी, कोटला पुजारिया वार्ड-7 से राजेश कुमार, काकड़ा वार्ड-8 से मंजू देवी, कोटला नुम्हाल वार्ड-9 से तरुणा शुक्ला, स्यार वार्ड-10 से तिलक राज तथा जावी वार्ड-11 से श्याम लाल शामिल रहे। बैठक की कार्यवाही पंचायत सचिव धनी राम तथा सहसचिव मीरा की देखरेख में संपन्न हुई। इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित प्रवक्ता विजय सिंह चंदेल ने नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों को नशे के बढ़ते दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रखने में पंचायतों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए इस दिशा में सामूहिक प्रयास करने की आवश्यकता पर बल दिया। इसके साथ ही उन्होंने इन दिनों चल रही जनगणना संबंधी गतिविधियों की जानकारी देते हुए पंचायत प्रतिनिधियों से जनगणना कार्य में सहयोग करने का आग्रह किया। पंचायत प्रधान श्याम सिंह चौधरी ने बताया कि बैठक का प्रमुख मुद्दा स्वच्छता रहा। उन्होंने कहा कि पंचायत के सभी सदस्यों ने दाड़लाघाट क्षेत्र को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया है। शपथ ग्रहण समारोह में पंचायत उपप्रधान हेमराज गौतम, पंचायत समिति सदस्य संगीता सोनी, पंचायत चौकीदार पवन शर्मा सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण भी उपस्थित रहे।

### शूलिनी मेले की पहली सांस्कृतिक संध्या में पवन दीप का धमाल -पंजाबी गीतों, नाटी और गिद्दा ने बांधा समां

# स्वास्थ्य मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने किया सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन।** राष्ट्रीय स्तरीय माँ शूलिनी मेला-2026 की पहली सांस्कृतिक संध्या शनिवार को ऐतिहासिक ठोडो मैदान में संगीत, लोक संस्कृति और उत्साह का अद्भुत संगम बन गई। हजारों दर्शकों की मौजूदगी में आयोजित कार्यक्रम में बॉलीवुड गायक पवनदीप राजन, युवा गायक कुमार साहिल, नितिश राजपूत और स्थानीय कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से माहौल को देर रात तक संगीतमय बनाए रखा। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर दून के विधायक राम कुमार चौधरी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। डॉ. शांडिल ने सभी को माँ शूलिनी मेले की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह मेला सोलन की सांस्कृतिक पहचान है और इसे और अधिक भव्य स्वरूप देने के प्रयास किए जा रहे हैं। सांस्कृतिक संध्या में सबसे अधिक उत्साह युवा गायक कुमार साहिल की प्रस्तुति को लेकर देखने को मिला। उन्होंने 'मैनू पता बस लारे हां', 'तू जट्ट दा प्यार गोरिये', 'गड्डी विच बेस चलदा', 'इलाही मेरा जी' और चर्चित गीत 'सैयारा' प्रस्तुत कर युवाओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। अपने शहर के प्रति प्रेम व्यक्त करते हुए उन्होंने 'सोलन, हमें तुमसे प्यार कितना' गाकर दर्शकों का दिल जीत लिया। उनकी प्रस्तुति के दौरान पूरा ठोडो मैदान तालियों, सीटियों और मोबाइल फ्लैशलाइट्स से गूंज उठा। इंडियन आइडल विजेता पवनदीप राजन ने भी अपनी मधुर आवाज में लोकप्रिय बॉलीवुड गीत सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया, जबकि नितिश राजपूत की ऊर्जावान प्रस्तुति को भी दर्शकों ने खूब सराहा। स्थानीय कलाकारों ने पारंपरिक हिमाचली नाटी, पंजाबी गीतों और गिद्दा की रंगारंग प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में लोक संस्कृति की सुंदर छटा बिखेरी। इससे पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धनीराम शांडिल ने विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनियों का उद्घाटन कर स्टॉलों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि प्रदर्शनियों के माध्यम से आम लोगों तक सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रभावी ढंग से पहुंचाई जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग इनका लाभ उठा सकें। कार्यक्रम में मेला समिति के अध्यक्ष एवं उपायुक्त मनमोहन शर्मा ने मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि का हिमाचली परंपरा के अनुसार सम्मान किया। बड़ी संख्या में प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक भी इस अवसर पर मौजूद रहे।



मेले का शुभारंभ करते स्वास्थ्य मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल।



पहली सांस्कृतिक संध्या में समां बांधते पवनदीप राजन।

## न्यूज ब्रीफ

### सोलन कॉलेज में नशामुक्त भारत अभियान के तहत विद्यार्थियों ने ली सामूहिक शपथ

**अनंत ज्ञान, सोलन।** राजकीय महाविद्यालय सोलन में नशामुक्त भारत अभियान के तहत नशीली दवाओं के दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस के समापन अवसर पर सामूहिक शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्रहरी क्लब द्वारा बैडमिंटन कोर्ट में किया गया।इस अवसर पर महाविद्यालय की कार्यकारी प्राचार्या डॉ. निवेदिता पाठक ने विद्यार्थियों, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। उन्होंने युवाओं से नशीले पदार्थों से दूर रहकर स्वस्थ, जागरूक एवं जिम्मेदार समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रहरी क्लब के सदस्य डॉ. गगनदीप एवं प्रो. कनुप्रिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही। समापन अवसर पर प्रहरी क्लब के संयोजक डॉ. सतीश ठाकुर ने कार्यकारी प्राचार्या, प्राध्यापकों, विद्यार्थियों तथा एनएसएस इकाई का आभार व्यक्त किया।उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में पूरे शैक्षणिक सत्र के दौरान नशा जागरूकता से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन निरंतर किया जाएगा, ताकि विद्यार्थियों में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके और नशामुक्त समाज के निर्माण में उनकी भागीदारी सुनिश्चित हो।

### प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से देश की 11 करोड़ गरीब महिलाओं को मिले मुफ्त गैस कनेक्शन रावत



**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर भाजपा जिला प्रवक्ता प्रताप सिंह रावत ने जारी बयान में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उज्ज्वला योजना के तहत देश की 11 करोड़ गरीब महिलाओं को मुफ्त गैस कनेक्शन वितरित किए हैं रावत ने बताया कि इतना ही नहीं इसी योजना के तहत हिमाचल में भी एक लाख चालीसा हजार गरीब महिलाओं को मुफ्त गैस कनेक्शन वितरित किए गए हैं। रावत ने बताया कि इसी तर्ज पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने भी मुख्यमंत्री गृहिणी सुविधा योजना चलाई थी जिसके तहत हिमाचल की ऐसी गरीब महिलाओं को दो लाख 76 हजार मुफ्त गैस कनेक्शन वितरित किए गए जिनके पास अपना गैस कनेक्शन नहीं था जिससे देश व प्रदेश की महिलाओं को शवास संबंधी बीमारियों में 20 प्रतिशत की कमी आई है। इतना ही नहीं स्वास्थ्य संबंधी अन्य समस्याएं भी कम हुई है इसके साथ-साथ स्कूल जाने वाले बच्चों एवं कामगारों को भी समय पर भोजन मिल रहा है और जंगल कटान से भी निजात मिली है। जिससे हमारा पर्यावरण भी सुधर रहा है। रावत ने बताया कि यूपीए सरकार में देश की गरीब महिलाओं के लिए इस प्रकार की कोई भी योजना नहीं थी उनके समय में गैस कनेक्शन लेने के लिए सांसद एवं विधायक की सिफारिश लगानी पड़ती थी उसके उपरांत भी उन्हीं लोगों को गैस कनेक्शन मिलते थे जिनकी राजनीतिक पहुंच होती थी। रावत ने बताया कि जब से नरेंद्र मोदी ने देश के प्रधानमंत्री की बागडोर संभाली है तब से उन्होंने देश के गरीब लोगों के लिए बहुत सारी जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई है जिसका लाभ आज अंतिम पंक्ति में बैठा व्यक्ति भी ले रहा है।

### एनसीसी प्रशिक्षण शिविर में धुन्दन स्कूल के एनसीसी के 23 कैडेट्स ने लिया हिस्सा

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धुन्दन के एनसीसी के 23 कैडेटों ने चितकारा यूनिवर्सिटी बद्दी में आयोजित 10 दिवसीय वार्षिक एनसीसी प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया। यह शिविर प्रथम एनसीसी वाहिनी सोलन द्वारा कमान अधिकारी कर्नल राजीव थॉमस के नेतृत्व में आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न प्रशिक्षण एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियां करवाई गईं।विद्यालय के कैडेटों ने एनसीसी अधिकारी सेकंड ऑफिसर सुमन बट्टू के नेतृत्व में शिविर की विभिन्न गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान कैडेटों ने अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और शारीरिक दक्षता से जुड़ी गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। शिविर में कैडेट सिद्धार्थ भारद्वाज ने जूनियर डिवीजन ड्रिल प्रशिक्षण टेस्ट में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं फायरिंग परीक्षा में कैडेट इशिता ने शानदार प्रदर्शन किया। टैलेंट हंट प्रतियोगिता में कैडेट इशिता और कैडेट लता शर्मा ने मेडल प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

## पाइनग्रोव स्कूल सुबाथू में 'कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम' पर आधारित सीबीएसई की कार्यशाला

अनंत ज्ञान



कार्यशाला में पहुंचे प्रतिभागी। अनंत ज्ञान

**सोलन।** पाइनग्रोव स्कूल सुबाथू में सीबीएसई 'कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम' सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। देवेंद्र गुमरा और श्रीमती सोनिया कपूर के नेतृत्व में हुई इस कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को निजी और पेशेवर ज़िंदगी में तनाव के कारणों और उसके असर को समझने में मदद करना था। दिलचस्प प्रेजेंटेशन, इंटरैक्टिव गतिविधियों, माइंडफुलनेस एक्सरसाइज और ग्रुप डिस्कशन के ज़रिए, प्रतिभागियों ने तनाव को मैनेज करने और भावनात्मक रूप से स्वस्थ रहने के असरदार तरीकों के बारे में जानकारी प्राप्त की । रिसोर्स पर्सन ने स्कूल में स्वस्थ माहौल बनाने के लिए खुद का ख्याल रखने, मुश्किल हालात का सामना करने की क्षमता और सकारात्मक सोच के महत्व पर ज़ोर दिया। यह कार्यशाला बहुत जानकारीपूर्ण रही और इसने शिक्षकों को अपनी भलाई को बेहतर बनाने और सीखने-सिखाने का सहयोगी माहौल बनाने के लिए व्यावहारिक तरीके सिखाए।आज के सत्र में 35 शिक्षकों सहित सहायक निर्देशक श्रीमती श्रेया, हेड ऑफ़ स्कूल रेणु शर्मा, हेड टीचर, पंकज शर्मा, दिगंबर भट्ट, वीरेंद्र चौहान, राजेंद्र सिंह, उदय कटोच, राज लाल शर्मा, रविंद शर्मा, वर्षा लिहांतु, अनीता भट्ट, बिंदेश्वरी डोड, मुकेश मिश्रा, भावेश तिवारी, नीरज आहूजा, संदीप शर्मा, नीरू शर्मा, दीपानेगी, संदीप कुमार, वेणी नेगी, सलोनी पुरी, अजेश राणा, शेर सिंह, , शिफा सिकरी, एद्रेल्ला, निधि शर्मा, मीनू बराड़, कीर्तिका बिरला, पंकज वर्मा, अंकुश कुमार और मोनालिसा ने भाग लिया 7 तनाव जीवन का एक सामान्य हिस्सा है, लेकिन इसे सही तरीके से संभालना आवश्यक है। नियमित व्यायाम, संतुलित आहार, पर्याप्त नींद और सकारात्मक सोच तनाव को कम करने में मदद करते हैं। समय का सही प्रबंधन करें, अनावश्यक चिंताओं से बचें और अपने प्रियजनों के साथ समय बिताएँ। आवश्यकता पड़ने पर अपनी भावनाएँ किसी विश्वसनीय व्यक्ति से साझा करें। शांत मन, स्वस्थ शरीर और सकारात्मक दृष्टिकोण ही सफल और सुखी जीवन की कुंजी हैं।

### गोपियों की निष्काम भक्ति भाव सर्वोच्च प्रेम का प्रतीक: रवि गौतम

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** ग्राम पंचायत कश्लोग में चल रही श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के छठे दिन कथा स्थल पर पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा और श्रद्धालु बड़ी संख्या में बड़ी संख्या में कथा श्रवण के लिए पहुंचे। कथा व्यास रवि गौतम ने भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं का वर्णन करते हुए गोपियों के निष्काम भक्ति भाव को सर्वोच्च प्रेम का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण की लीलाएं जीवन को धर्म, सत्य और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती हैं। कथा प्रसंग में भगवान श्रीकृष्ण द्वारा विभिन्न असुरों के संहार का उल्लेख करते हुए बताया गया कि जब-जब पृथ्वी पर अधर्म बढ़ता है, तब-तब भगवान विभिन्न रूपों में अवतरित होकर धर्म की स्थापना करते हैं और भक्तों की रक्षा करते हैं। साथ ही योगेश्वर श्रीकृष्ण के माध्यम से योग, ध्यान और आत्मिक साधना के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया।

## मिल्ला स्कूल प्रबंधन समिति का गठन, सुनील राणा बने अध्यक्ष व दिनेश राणा उपाध्यक्ष



अनंत ज्ञान

**शिलाई।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मिल्ला में अभिभावकों की आम सभा का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य गिरिधारी लाल ने की। इस दौरान शैक्षणिक सत्र 2026-27 एवं 2027-28 के लिए स्कूल प्रबंधन समिति का सर्वसम्मति से गठन किया गया। निर्विरोध हुए चुनाव में सुनील राणा (मिल्ला-डाडो) को समिति का अध्यक्ष तथा दिनेश राणा (मिल्ला-टैक) को उपाध्यक्ष चुना गया। नए नियमों के अनुसार दोनों का कार्यकाल दो वर्ष का होगा। समिति में इसके अलावा 18 अन्य सदस्यों का भी चयन किया गया। विद्यालय परिसर में राजकीय प्राथमिक विद्यालय और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एक ही कैंपस में संचालित होने के कारण यह समिति केजी से कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए प्रभावी रहेगी। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों से अभिभावकों और स्थानीय लोगों ने उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में समिति विद्यालय के विकास, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार, विद्यार्थियों के सर्वांगीण उत्थान तथा विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय भूमिका निभाएगी। उनका मानना है कि यदि स्कूल प्रबंधन समिति अपने दायित्वों का प्रभावी ढंग से निर्वहन करे तो विद्यालय के साथ-साथ पूरे क्षेत्र के शैक्षणिक वातावरण में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है।

## 12वें विशाल भंडारे एवं माता की चौकी में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



अनंत ज्ञान

**सोलन।** नये बस स्टैंड के समीप शनिवार को शूलिनी मंडल द्वारा 12वें विशाल भंडारे एवं माता की चौकी का आयोजन श्रद्धा एवं उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया। शनिवार सुबह 10 बजे से महामाई का जागरण आरंभ हुआ, जो दोपहर 3 बजे तक चला। जागरण के दौरान भक्तिमय भेंटों की प्रस्तुतियों के साथ विभिन्न आकर्षक झांकियां निकाली गईं, जिन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। कार्यक्रम के समापन पर माता रानी की आरती की गई और श्रद्धालुओं ने परिवार की सुख-समृद्धि एवं क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। इसके उपरांत श्रद्धालुओं एवं बाहर से आए भक्तों के लिए प्रसाद स्वरूप पारंपरिक बिलासपुरी धाम का आयोजन किया गया। विशेष आकर्षण यह रहा कि धाम पारंपरिक बर्तनों में तैयार की गई थी तथा भोजन परोसने के लिए टौर के पत्तलों उपयोग किया गया। सभी श्रद्धालुओं एवं भक्तजनों ने पंक्तिबद्ध बैठकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया और आयोजन की सराहना की। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज में भाईचारे, आस्था और सांस्कृतिक परंपराओं को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



शूलिनी माता मेले में मुस्लिम समुदाय ने दिखाया सामाजिक सौहार्द.. माता शूलिनी की पालकी में की पुष्प वर्षा।







## राष्ट्रीय शूलिनी मेले में सक्रिय चेन स्नैचर और जेबकतरों का गिरोह, भीड़ का उठा रहे फायदा


अनंत ज्ञान



**सोलन।** राष्ट्रीय शूलिनी मेले में उमड़ी भारी भीड़ के बीच चेन स्नैचिंग और जेबतराशी की घटनाओं की शिकायतें सामने आ रही हैं। मेले में आयोजित भव्य झांकियों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के दौरान कई लोगों के मोबाइल फोन, पर्स तथा सोने के आभूषण चोरी होने की बातें सामने आई हैं। पीड़ितों ने पुलिस के पास शिकायतें भी दर्ज करवाई हैं। हालांकि, इन घटनाओं की आधिकारिक संख्या और सभी मामलों की पुष्टि पुलिस की ओर से अभी नहीं की गई है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि भीड़भाड़ का फायदा उठाकर कुछ शातिर चेन स्नैचर और जेबकतरे वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। लोगों को अपने सामान के चोरी होने का पता तब चला, जब भीड़ से बाहर निकलने के बाद उनके मोबाइल, पर्स या गले की चेन गायब मिली। इससे मेले में आए श्रद्धालुओं और पर्यटकों के बीच चिंता का माहौल है। पुलिस और प्रशासन ने मेले में आने वाले सभी लोगों से विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है। लोगों से कहा गया है कि वे अनावश्यक रूप से भारी और कीमती आभूषण पहनकर मेले में न आएं। मोबाइल फोन और पर्स को सुरक्षित स्थान पर रखें तथा भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में अतिरिक्त सावधानी बरतें। किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस या मेले में तैनात सुरक्षा कर्मियों को दें। जनहित में यह भी अपील की गई है कि यदि किसी के पास चेन स्नैचिंग, जेबकतरी या चोरी की घटना से संबंधित कोई वीडियो या महत्वपूर्ण जानकारी हो, तो उसे पुलिस के साथ साझा करें, ताकि आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जा सके। प्रशासन ने लोगों से आग्रह किया है कि सतर्क रहकर ही मेले का आनंद लें और अपने कीमती सामान की सुरक्षा को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें।



## न्यूज ब्रीफ

### घनारी में नवनिर्वाचित वार्ड पंचों ने ली शपथ



**अनंत ज्ञान, घनारी।** घनारी पंचायत में नवनिर्वाचित वार्ड पंचों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर पंचायत प्रधान पूजा देवी ने सभी वार्ड पंचों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाईशपथ ग्रहण के उपरांत पंचायत प्रधान पूजा देवी ने सभी जनप्रतिनिधियों से ईमानदारी, पारदर्शिता और जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पंचायत का समग्र विकास तभी संभव है जब सभी जनप्रतिनिधि आपसी सहयोग और समर्पण की भावना से कार्य करें।इस अवसर पर प्रधान ने पर्यावरण संरक्षण का विशेष संदेश देते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने, जल स्रोतों के संरक्षण, स्वच्छता बनाए रखने तथा प्लास्टिक के उपयोग को कम करने की अपील की। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण देना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

### लाल सिंघी में 25 झुग्गियां जलकर राख

**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना के लाल सिंघी क्षेत्र में शनिवार को एक बार फिर प्रवासी मजदूरों की झुग्गियों में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और करीब 25 झुग्गियां जलकर राख हो गईं। आग की चपेट में आने से झुग्गियों में रखा घरेलू सामान, कपड़े, राशन व अन्य जरूरी सामान पूरी तरह नष्ट हो गया। आग लगने के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत आग बुझाने का प्रयास किया और दमकल विभाग को सूचना दी। दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, जिससे आग आसपास की अन्य झुग्गियों तक फैलने से रोकी जा सकी।

### चन्नी देवी-चौआर-दलोह सड़क खस्ताहाल

**अनंत ज्ञान, अंब।** चन्नी देवी से चौआर, अरढ़ोह व दलोह को जोड़ने वाली सड़क की बदहाल स्थिति लोगों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे होने के कारण थोड़ी सी बारिश में पानी भर जाता है और मार्ग दलदल में तब्दील हो जाता है। इससे वाहन चालकों और पैदल राहगीरों का सफर जोखिम भरा हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि चौआर स्थित प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय के सामने सड़क की स्थिति सबसे अधिक खराब है। इस विद्यालय में चौआर, टकोली, कन्यारी, चन्नी देवी और दलोह सहित कई गांवों के बच्चे पढ़ने आते हैं। बारिश के मौसम में बच्चों को स्कूल पहुंचने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। महाकाल युवा क्लब चौआर के प्रधान रमन जसवाल, उपप्रधान, सचिव अर्पित गर्ग सहित अन्य सदस्यों और स्थानीय लोगों ने बताया कि यह कई गांवों को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है, लेकिन लंबे समय से इसकी मरम्मत नहीं हो पाई है। ग्रामीणों का आरोप है कि चौआर निवासी अर्पित गर्ग पिछले पांच वर्षों में इस सड़क की खराब हालत को लेकर मुख्यमंत्री सेवा संकल्प हेल्पलाइन 1100 पर कई बार शिकायत दर्ज करवा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकला। मानसून सीजन को देखते हुए ग्रामीणों ने सड़क निर्माण की मांग तेज करते हुए आंदोलन की चेतावनी दी है। उधर, लोक निर्माण विभाग भरवाईं मंडल के एसडीओ नीरज ठाकुर ने बताया कि संबंधित सड़क का विवादित हिस्सा वन भूमि में आता है। वन विभाग की स्वीकृति के बिना वहां निर्माण कार्य संभव नहीं है।



# पिपलू मेला : नाटी किंग कुलदीप और गुलाब सिद्धू ने नचाए दर्शक

## मुख्य सचेतक केवल पठानिया चीफ गेस्ट, अटॉर्नी जनरल अनूप रहे विशेष अतिथि

अनंत ज्ञान

**बंगाणा ( ऊना )।** जिला स्तरीय तीन दिवसीय पिपलू मेले में आयोजित स्टार नाइट में जनसैलाब उमड़ पड़ा। देर रात तक चले सांस्कृतिक कार्यक्रम में हजारों लोगों ने उत्साह के साथ भाग लिया। प्रदेश के प्रसिद्ध नाटी गायक कुलदीप शर्मा और पंजाबी कलाकार गुलाब सिद्धू ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से पूरे पंडाल को झूमने पर मजबूर कर दिया। दोनों कलाकारों के लोकप्रिय गीतों पर युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों ने जमकर नृत्य किया और पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

स्टार नाइट में मुख्यतिथि के रूप में राज्य सरकार के मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया तथा विशेष अतिथि के रूप में राज्य सरकार के अटॉर्नी जनरल अनूप रत्न पहुंचे। कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने दोनों अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया तथा उन्हें शॉल, टोपी और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि पिपलू मेला क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है और इसका उद्देश्य लोक संस्कृति, पारंपरिक विरासत तथा आपसी भाईचारे को बढ़ावा देना है। उन्होंने सभी कलाकारों, अतिथियों और जनता का आभार व्यक्त किया।



पिपलू मेले में लोगों का अभिवादन स्वीकार करते मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया, अटॉर्नी जनरल अनूप और स्थानीय विधायक विवेक शर्मा। अनंत ज्ञान

### सीएम पिपलू मेले को देंगे राज्य स्तरीय दर्जा

**बंगाणा** स्टार नाइट में मुख्यतिथि पहुंचे केवल सिंह पठानिया ने घोषणा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू की मंशा पिपलू मेले को भविष्य में राज्य स्तरीय मेला बनाने की है, ताकि इसकी पहचान पूरे हिमाचल प्रदेश में और अधिक मजबूत हो सके। उन्होंने कहा कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों की संस्कृति और लोक परंपराओं को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले वर्षों में पिपलू मेला और अधिक भव्य स्वरूप में आयोजित होगा तथा प्रदेश भर से श्रद्धालु और पर्यटक यहां पहुंचेंगे। केवल सिंह पठानिया ने स्टार नाइट के सफल आयोजन के लिए अपनी ओर से एक लाख रुपए की शगुन राशि देने की भी घोषणा की। इस घोषणा पर पंडाल में मौजूद लोगों ने जोरदार तालियों से उनका स्वागत किया।

# ट्रैफिक नियम तोड़ने पर काटा 10,500 रुपए का चालान

## अनंत ज्ञान में खबर छपते ही पुलिस ने की कड़ी कार्रवाई

अनंत ज्ञान


यातायात नियम तार-तार, एक बाइक पर चार-चार सवार

अनंत ज्ञान समाचार पत्र में छपी खबर।

**घनारी।** घनारी क्षेत्र में बाइक सवारों द्वारा ट्रैफिक नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाने की खबर समाचार पत्रों में प्रकाशित होने और सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद गगरेट पुलिस हरकत में आई। मामले का संज्ञान लेते हुए पुलिस ने जांच की और संबंधित नाबालिगों के विरुद्ध विभिन्न प्रासंगिक धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए 10,500 रुपए का चालान किया। पुलिस ने कहा कि बिना लाइसेंस और हेलमेट के वाहन चलाना, ओवरलोडिंग, बुलेट पटाखे या ध्वनि प्रदूषण फैलाना और नाबालिगों द्वारा वाहन चलाना गंभीर उल्लंघन हैं, जो न केवल चालक बल्कि अन्य राहगीरों के जीवन को भी खतरे में डालते हैं। उल्लेखनीय है कि इस खबर को घनारी क्षेत्र में ट्रैफिक नियमों की लगातार हो रही अनदेखी, एक बाइक पर चार सवार, नाबालिग चालकों की बढ़ती संख्या तथा बिना साइलेंसर और तेज रफ्तार वाहनों के कारण आम लोगों में बढ़ रही चिंता को प्रमुखता से उठाया गया था। इसके बाद सोशल मीडिया पर वायरल हुई वीडियो ने पूरे मामले को और गंभीर बना दिया।

अनंत ज्ञान इंपैक्ट

स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस कार्रवाई का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई कि यह अभियान केवल एक दिन तक सीमित न रहे, बल्कि नियमित रूप से जारी रखा जाए, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति ट्रैफिक नियमों की अवहेलना करने का साहस न कर सके। सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लगातार निगरानी और निष्पक्ष कार्रवाई ही प्रभावी समाधान मानी जा रही है।

# नाला नुमा खड्ड पर पुल बनाने के लिए डीसी से लगाई गुहार

अनंत ज्ञान

**टाहलीवाल।** राष्ट्रीय दलित मानवाधिकार अभियान के राज्य महासचिव राज महे की अध्यक्षता में शनिवार को एक प्रतिनिधिमंडल ने जिला उपायुक्त ऊना से मुलाकात कर गांव जलग्रां टब्बा (तहसील व जिला ऊना) की लंबे समय से चली आ रही समस्या के समाधान की मांग उठाई।

इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने गांव की निवासी रतनी देवी पत्नी स्वर्गीय जगत राम एवं अन्य ग्रामीणों की ओर से उपायुक्त को एक मांग पत्र सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से राज महे ने बताया कि गांव के बीच से गुजरने वाले नाला नुमा खड्ड पर आज तक कोई पक्का पुल या पुली नहीं बनाई गई है। इसके कारण ग्रामीणों को वर्षों से भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के मौसम में खड्ड का जलस्तर अचानक बढ़ जाने से गांव का मुख्य मार्ग से संपर्क पूरी तरह कट जाता है, जिससे लोगों का आवागमन बाधित हो जाता है।

उन्होंने कहा कि जलभराव के कारण स्कूली बच्चों को स्कूल जाने में कठिनाई होती है और कई बार उन्हें पढ़ाई छोड़कर घरों में ही रहना पड़ता है। वहीं, यदि किसी व्यक्ति की तबीयत अचानक खराब हो जाए या गर्भवती महिला को तत्काल अस्पताल पहुंचाने की जरूरत पड़े, तो ऐसी स्थिति में चिकित्सा सुविधा तक पहुंचना लगभग असंभव हो जाता है। उन्होंने इसे ग्रामीणों के बुनियादी अधिकारों और सुरक्षा से जुड़ा गंभीर मामला बताया।

# 'वीबी-जी राम जी' ग्रामीण विकास के लिए वरदान : कंवर

## पूर्व मंत्री बोले-राज्य की कांग्रेस सरकार को हर योजना में नुक्ताचीनी करने की आदत

अनंत ज्ञान

**बंगाणा।** राज्य के पूर्व मंत्री एवं राष्ट्रीय वॉलीबॉल फेडरेशन के अध्यक्ष वीरेंद्र कंवर ने कहा कि केंद्र सरकार की 'वीबी-जी राम जी' योजना ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि यह योजना गांवों में आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के साथ-साथ रोजगार और विकास के नए अवसर भी उपलब्ध कराएगी। कंवर ने कहा कि योजना का वित्तीय स्वरूप मनरेगा की तर्ज पर रखा गया है, जिसमें 90 प्रतिशत राशि केंद्र सरकार और 10 प्रतिशत राशि राज्य सरकार द्वारा वहन की जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि हिमाचल सरकार इस योजना को सकारात्मक सोच के साथ लागू करे तो गांवों में सड़क, नालियां, सामुदायिक भवन, जल संरक्षण और अन्य विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। उनका कहना था कि केंद्र सरकार लगातार राज्यों के विकास के लिए नई-नई योजनाएं लेकर आ रही है, लेकिन हिमाचल की कांग्रेस सरकार हर केंद्रीय योजना में अनावश्यक आपत्तियां और नुक्ताचीनी करने में लगी रहती है।



◆ **कहा- पक्की नौकरी की गारंटी देने वाली सरकार दिहाड़ी पर रख रही कर्मचारी**

पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने कहा कि प्रदेश सरकार को जनता के हितों को प्राथमिकता देने के बजाय केंद्र सरकार की योजनाओं का विरोध करना आदत बन गया है। उन्होंने कहा कि चाहे कोई भी जनकल्याणकारी योजना हो, कांग्रेस सरकार पहले उसमें कमियां ढूंढने का प्रयास करती है, जबकि उसका उद्देश्य प्रदेश की जनता को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाना होना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार द्वारा भेजे जाने वाले विकासात्मक संसाधनों का सही उपयोग करने के बजाय प्रदेश सरकार राजनीतिक बयानबाजी में अधिक समय व्यतीत कर रही है। कंवर ने कहा कि भाजपा सरकार के समय प्रदेश में विकास कार्यों को प्राथमिकता दी गई थी और केंद्र तथा राज्य के बेहतर समन्वय से अनेक परियोजनाएं धरातल पर उतरी थीं।

उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस ने युवाओं को 58 वर्ष तक पक्की नौकरी की गारंटी देने का वादा किया था, लेकिन आज वास्तविक स्थिति इसके बिल्कुल विपरीत दिखाई दे रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार विभिन्न विभागों में नियमित नियुक्तियां करने के बजाय दिहाड़ी और अस्थायी आधार पर कर्मचारियों की नियुक्ति कर रही है। परिवहन विभाग का उल्लेख करते हुए कहा कि आज वहां दिहाड़ी पर चालकों की नियुक्ति की जा रही है, जो कांग्रेस के चुनावी वादों की वास्तविकता को उजागर करता है।

### नवनिर्वाचित वार्ड सदस्यों ने ली शपथ

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** ग्राम पंचायत मोरसिंघी में शनिवार को नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। प्रधान सीमा देवी और उपप्रधान रमेश गर्ग ने सभी वार्ड सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। सभी ने पारदर्शी विकास और जनहित को प्राथमिकता देने का संकल्प लिया। प्रधान ने आपसी सहयोग और सकारात्मक सोच पर जोर दिया, वहीं उपप्रधान ने विकास कार्यों में तेजी लाने की बात कही। शपथ लेने वालों में शकुन्तला देवी, बाबू राम, लता देवी, सुनील कुमार, अनीता कुमारी, अंजना कुमारी और कामराज शामिल रहे। समारोह के बाद सभी ने पंचायत परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और ग्रामीणों से अधिक पौधे लगाने की अपील की। इस अवसर पर गणमान्य नागरिक और स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।



### युवाओं से की नशा न करने की अपील

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर (जुखाला) के सीएच मारकंड में 27 जून को अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस मनाया गया। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेंद्र सिंह बावा के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य शिक्षक मस्तराम ने कहा कि भारत में 25 करोड़ से अधिक लोग तंबाकू का सेवन करते हैं और विश्व के 12% धूम्रपान करने वाले भारत में हैं, जिससे प्रतिवर्ष 50 लाख मौतें होती हैं। उन्होंने नशा माफिया से बचने, युवाओं से नशा न करने और नशेड़ियों को जिला अस्पताल बिलासपुर स्थित नशा मुक्ति केंद्र तक पहुंचाने की अपील की। भाषण व पोस्टर प्रतियोगिता में 14 प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर आशा वर्कर सहित 42 लोग उपस्थित रहे तथा फल वितरित किए गए।

### घुमारवीं पुलिस ने 24 घंटे में 11 लाख के चोरी आभूषण किए बरामद, चार गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** घुमारवीं पुलिस थाना ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी के एक मामले का मात्र 24 घंटे के भीतर खुलासा कर लगभग 11 लाख रुपए मूल्य के सोने और चांदी के आभूषण बरामद कर लिए हैं। पुलिस ने इस मामले में हरियाणा के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। 26 जून 2026 को एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि घुमारवीं बस अड्डा क्षेत्र में उसके बैग से उसकी पत्नी के आभूषण चोरी हो गए हैं। शिकायत मिलते ही पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान तकनीकी साक्ष्यों और मानवीय सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तेज कार्रवाई करते हुए चोरी की वारदात का पर्दाफाश किया। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी किए गए सभी सोने-चांदी के आभूषण बरामद कर लिए। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अजीत, विनय कुमार, राकेश कुमार और सूरजभान के रूप में हुई है, जो सभी हरियाणा के अलग-अलग जिलों से हैं। पुलिस अब आरोपियों के आपराधिक रिकॉर्ड और अन्य संभावित मामलों में उनकी संलिप्तता की जांच कर रही है। इस त्वरित कार्रवाई को पुलिस की बड़ी सफलता माना जा रहा है।

# जुखाला कॉलेज में साइंस व कॉमर्स विषय बहाल करने की मांग को मिला विधायक त्रिलोक जम्वाल का समर्थन



मांग को लेकर धरने पर बैठे विधायक त्रिलोक जम्वाल, रणधीर शर्मा व अन्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** सदर विधायक त्रिलोक जम्वाल ने जुखाला कॉलेज में साइंस व कॉमर्स विषय बंद किए जाने के विरोध में चल रहे आंदोलन का समर्थन किया। शनिवार को उन्होंने नयनादेवी विधायक रणधीर शर्मा और आंदोलनरत ग्रामीणों के साथ धरने में भाग लिया।

त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि जुखाला कॉलेज में दर्जनों पंचायतों के सैकड़ों विद्यार्थी अध्ययन करते हैं, जिनमें सदर विधानसभा क्षेत्र की कई पंचायतों के छात्र भी शामिल हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार ने बिना विद्यार्थियों के हितों का ध्यान रखे साइंस और कॉमर्स विषय बंद कर दिए हैं, जिससे छात्रों के लिए विषयों के विकल्प सीमित हो गए हैं।

उन्होंने कहा कि पहले प्रदेश में अनेक स्कूल बंद किए गए और अब कॉलेजों में भी विज्ञान व वाणिज्य संकाय समाप्त किए जा रहे हैं। इससे विद्यार्थियों की संख्या घटने का खतरा है और भविष्य में कॉलेजों के अस्तित्व पर भी संकट आ सकता है।

जम्वाल ने कहा कि पिछले चार दिनों से क्षेत्रवासी चिलचिलाती धूप में धरना देकर विषय बहाल करने की मांग कर रहे हैं, लेकिन सरकार उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दे रही। उन्होंने आंदोलन को अपना पूरा समर्थन देते हुए कहा कि विद्यार्थियों के हितों की इस लड़ाई को हर स्तर पर मजबूती से लड़ा जाएगा।

### नशा उन्मूलन अभियान में संयुक्त संघर्ष मोर्चा प्रशासन का करेगा पूरा सहयोग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति, जनजाति, ओबीसी एवं अल्पसंख्यक वर्ग संयुक्त संघर्ष मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य सलाहकार जे.आर. बंसल के नेतृत्व में नव नियुक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक धीमान से उनके कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की। प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए बधाई देते हुए बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा, भारतीय संविधान की प्रति एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने समाज में बढ़ते नशे, विशेषकर चिट्टा, को गंभीर चुनौती बताते हुए इसके खिलाफ पुलिस के साथ मिलकर काम करने की बात कही। मोर्चा ने आश्वासन दिया कि वह नशा उन्मूलन अभियान में प्रशासन को पूरा सहयोग देगा। साथ ही जातीय भेदभाव और उत्पीड़न के मामलों में त्वरित कार्रवाई और न्याय सुनिश्चित करने की मांग भी रखी गई।

### बिलासपुर को मिली तीसरी पोर्टेबल एक्स-रे मशीन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला बिलासपुर में टीबी उन्मूलन अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से उपायुक्त राहुल कुमार ने एनटीपीसी के सीएसआर के तहत उपलब्ध कराई गई लगभग 30 लाख रुपये की अल्ट्रा पोर्टेबल एक्स-रे मशीन का शुभारंभ किया। एआई तकनीक से लैस यह मशीन टीबी के अलावा निमोनिया, फेफड़ों के कैंसर और अन्य फेफड़ों संबंधी बीमारियों की शुरुआती पहचान करने में सक्षम है। जिले में अब तीन पोर्टेबल एक्स-रे मशीनें उपलब्ध हैं, जिनकी मदद से दूरदराज क्षेत्रों में घर-घर जाकर जांच की जा रही है। प्रतिदिन लगभग 300 लोगों की जांच संभव होगी, जिससे संदिग्ध मरीजों की समय पर पहचान और उपचार सुनिश्चित हो सकेगा और टीबी मुक्त भारत अभियान को गति मिलेगी।

### नम्होल स्कूल एसएमसी के प्रधान बने सुरेश



**अनंत ज्ञान, नम्होल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, नम्होल (बिलासपुर) में एसएमसी बैठक हुई, जिसमें सुरेश कुमार को सर्वसम्मति से समिति का प्रधान चुना गया। बैठक में शैक्षणिक गुणवत्ता, बुनियादी सुविधाओं व विद्यार्थियों के हितों पर चर्चा हुई। प्रधानाचार्य प्रीत लाल व स्टाफ उपस्थित रहे। नवनियुक्त प्रधान ने विद्यालय के सर्वांगीण विकास का भरोसा दिया। बैठक सकारात्मक माहौल में संपन्न हुई।

### मनोहर लाल को मिली अध्यक्ष की कमान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय उच्च पाठशाला, लुहारड़ा में विद्यालय प्रबंधन समिति की आम सभा संपन्न हुई। इसमें अभिभावकों और गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा सर्वसम्मति से आगामी दो वर्षों के लिए नई कार्यकारिणी का चुनाव किया गया। समिति का अध्यक्ष मनोहर लाल ठाकुर तथा उपाध्यक्ष दीपिका देवी को चुना गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने विद्यालय के सर्वांगीण विकास और छात्रहित के लिए पूर्ण निष्ठा से कार्य करने का संकल्प लिया। विद्यालय परिवार ने नई टीम को बधाई देते हुए उनके नेतृत्व में उज्ज्वल भविष्य की उम्मीद जताई है।

### राम मंदिर चढ़ावा मामले की हो निष्पक्ष जांच

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** प्रदेश कांग्रेस के पूर्व मीडिया कॉर्डिनेटर संदीप सांख्यान ने राम मंदिर में चढ़ावे के कथित गबन के आरोपों को गंभीर बताते हुए इसकी जांच उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश की निगरानी में कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यह मामला करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़ा है, इसलिए इसकी निष्पक्ष और पारदर्शी जांच आवश्यक है। उन्होंने आरोप लगाया कि चढ़ावे और दान की राशि के रखरखाव में अनियमितताएं सामने आई हैं। साथ ही मंदिर ट्रस्ट के पुनर्गठन की मांग करते हुए कहा कि इसमें संतों, पुजारियों और धर्माचार्यों को अधिक प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए। उन्होंने केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार से इस मामले पर स्पष्ट जवाब देने की मांग भी की।

# झंडूता कॉलेज में साइंस विषय की बहाली को लेकर भाजपा का प्रदर्शन




प्रदर्शन करते हुए विधायक जीतराम कटवाल व अन्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**झंडूता।** झंडूता कॉलेज में साइंस विषय बंद किए जाने के विरोध में शनिवार को झंडूता और शाहतलाई भाजपा मंडलों के संयुक्त तत्वावधान में विधायक जीतराम कटवाल की अगुवाई में रैली निकालकर प्रदर्शन किया गया। स्थानीय बाजार और कॉलेज से होते हुए एसडीएम कार्यालय तक पहुंचे प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर साइंस विषय को तुरंत बहाल करने की मांग की। जीतराम कटवाल ने कहा कि वर्ष 2007 से झंडूता कॉलेज करीब 30 पंचायतों के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा उपलब्ध करा रहा है। ऐसे में साइंस संकाय बंद करने का निर्णय ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। प्रदर्शन में भाजपा मंडल अध्यक्ष रसम सिंह चंदेल, डॉ. रामप्रकाश शर्मा, पंचायत प्रतिनिधियों, बीडीसी सदस्यों, पार्टी कार्यकर्ताओं और बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भाग लिया।

# पीजीडीएम से मिल रहे बेहतर करियर अवसर

## इंटर्नशिप में 40 हजार रुपए तक का स्टाइपेंड : प्रो. कपिल पांडला

अनंत ज्ञान

**अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर।** एसोसिएशन ऑफ इंडियन मैनेजमेंट स्कूल एवं पीएमएल एसडी बिजनेस स्कूल, सेक्टर-32 सी, चंडीगढ़ के निदेशक प्रो. कपिल पांडला ने बिलासपुर में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी दौर में केवल डिग्री नहीं, बल्कि स्किल्स और व्यावहारिक ज्ञान भी सफलता की कुंजी हैं। उनका संस्थान विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ उद्योग आधारित प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें रोजगार के लिए तैयार कर रहा है।

उन्होंने बताया कि संस्थान का एआईसीटीई अनुमोदित दो वर्षीय पीजीडीएम कार्यक्रम उद्योग की जरूरतों के अनुरूप तैयार किया गया है। इसमें विभिन्न विशेषज्ञताओं के साथ केस स्टडी, लाइव प्रोजेक्ट, वर्कशॉप, रोल प्ले और इंडस्ट्री एक्सपोजर के माध्यम से विद्यार्थियों के नेतृत्व, संचार और विश्लेषणात्मक कौशल का विकास किया जाता है। प्रो. पांडला ने बताया कि संस्थान के छात्र देश-विदेश की प्रतिष्ठित कंपनियों में इंटर्नशिप कर रहे हैं, जहां उन्हें 40 हजार रुपये या उससे अधिक का मासिक स्टाइपेंड भी मिल रहा है।



पत्रकारों को संबोधित करते प्रो. कपिल पांडला व अन्य। अनंत ज्ञान

उन्होंने कहा कि संस्थान की शैक्षणिक साझेदारी एआईएमएस, आईआईएम नागपुर के आइवे केस रिसर्च सेंटर, लॉरेन्शियन यूनिवर्सिटी (कनाडा) सहित कई प्रतिष्ठित संस्थानों से है, जबकि सीआईआई, पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स, बीएफएसआई सेक्टर स्किल काउंसिल जैसे उद्योग संगठनों का सहयोग भी विद्यार्थियों को मिलता है। उन्होंने अभिभावकों और विद्यार्थियों से करियर का चयन सोच-समझकर करने तथा ऐसे संस्थानों को प्राथमिकता देने की अपील की, जो शिक्षा के साथ बेहतर रोजगार और इंटर्नशिप के अवसर भी उपलब्ध कराते हों। इस अवसर पर डॉ. मीनाक्षी नेगी, आशिफा कुमारी, डॉ. अग्रिम वर्मा तथा कुमारी अंकुश सहित स्थानीय शिक्षाविद और विद्यार्थी भी उपस्थित रहे।

### घुमारवीं पुलिस ने 4.100 किलोग्राम चरस संग 3 पकड़े

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** घुमारवीं पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक कार से 4.100 किलोग्राम चरस बरामद कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार 26 जून को पुलिस थाना घुमारवीं की टीम बलोह फोरलेन स्थित मल्यावर लिंक रोड के समीप नाकाबंदी कर वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान मंडी की ओर से आ रही कार (अस्थायी नंबर टी ओ 226 सीएच 2598) को जांच के लिए रोका गया। तलाशी लेने पर वाहन से 4.100 किलोग्राम चरस बरामद हुई। आरोपियों की पहचान लेखराज (34) पुत्र तुलसी राम निवासी गांव सुराड़ी, डाकघर खड़याड़, तहसील कोटली, राज कुमार (36) पुत्र राम दास निवासी गांव एवं डाकघर बालीचौकी, रोहित कुमार (25) पुत्र दिनेश कुमार निवासी गांव देवधार, डाकघर तल्याहड़, जिला मंडी के रूप में हुई है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के विरुद्ध पुलिस थाना घुमारवीं में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले के सभी पहलुओं की गहनता से जांच कर रही है।

# चूड़ी स्कूल में एसएमसी का गठन, मानसिंह बने अध्यक्ष



चूड़ी स्कूल में एसएमसी की आम सभा का आयोजन। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**चंबा।** जिला चंबा के शिक्षा खंड मैहला के अंतर्गत राजकीय उच्च विद्यालय चूड़ी में शनिवार को स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) की आम सभा का सफल आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता कार्यकारी मुख्याध्यापक राज कुमार ने की। इसमें लगभग 25 अभिभावकों एवं सदस्यों ने भाग लेकर विद्यालय के विकास और विद्यार्थियों की शिक्षा से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

आम सभा में सर्वसम्मति से मानसिंह को एसएमसी अध्यक्ष तथा रीता कुमारी को उपाध्यक्ष चुना गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का उपस्थित सदस्यों ने फूल-मालाओं से स्वागत किया और शुभकामनाएं दीं। कार्यकारी मुख्याध्यापक ने एसएमसी की भूमिका को विद्यालय के समग्र विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया और अभिभावकों से सक्रिय सहयोग का आह्वान किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष मानसिंह और उपाध्यक्ष ने आभार व्यक्त करते हुए विद्यालय के शैक्षिक स्तर को सुदृढ़ करने, अनुशासन बनाए रखने तथा आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने का संकल्प लिया। बैठक का समापन शुभकामनाओं और सहयोग के संकल्प के साथ हुआ।

# 15 साल बाद मैहला ब्लॉक समिति में कांग्रेस की वापसी, अध्यक्ष-उपाध्यक्ष पद पर किया कब्जा

## विधायक नीरज नैय्यर बोले—जनता ने विकास की राजनीति पर लगाई मुहर

अनंत ज्ञान

**राहुल सहगल, मैहला।** करीब 15 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद मैहला ब्लॉक समिति में कांग्रेस ने शानदार वापसी करते हुए अध्यक्ष और उपाध्यक्ष दोनों पदों पर जीत दर्ज कर अपना परचम लहरा दिया।

इस जीत को कांग्रेस संगठन के लिए बड़ी राजनीतिक उपलब्धि माना जा रहा है। अध्यक्ष पद पर कुमारी सोनू तथा उपाध्यक्ष पद पर शिव दत्त निर्वाचित हुए। परिणाम घोषित होते ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह की लहर दौड़ गई।

कार्यकर्ताओं ने मिठाइयां बांटकर और एक-दूसरे को बधाई देकर जीत का जश्न मनाया। चुनावी परिणामों के अनुसार अध्यक्ष पद पर कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार को 13 मत, जबकि भाजपा प्रत्याशी को 8 मत मिले। वहीं उपाध्यक्ष पद के चुनाव में कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार को 12 मत, जबकि भाजपा को 9 मत प्राप्त हुए। इन नतीजों के साथ कांग्रेस ने मैहला ब्लॉक समिति के दोनों शीर्ष पदों पर कब्जा जमाते हुए 15 वर्षों बाद सत्ता में वापसी का इतिहास रच दिया। सदर विधायक नीरज नैय्यर ने इस जीत को जनता के विश्वास, विकास और जनसेवा की राजनीति की जीत बताते हुए कहा कि प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों और क्षेत्र में हुए विकास कार्यों पर जनता ने अपनी स्पष्ट मुहर लगाई है। उन्होंने कहा कि मैहला की जनता ने कांग्रेस पर जो भरोसा जताया है, उस विश्वास पर पूरी तरह खरा उतरते हुए विकास कार्यों को और अधिक गति दी जाएगी। उन्होंने नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष को बधाई देते हुए कहा कि पंचायत समिति जनहित के कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाएगी।



कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह की लहर। अनंत ज्ञान

एपीएमसी चेयरमैन ललित ठाकुर ने इस ऐतिहासिक जीत पर प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व, पारदर्शी प्रशासन और जनहितैषी नीतियों के कारण प्रदेशभर में कांग्रेस के प्रति लोगों का विश्वास मजबूत हुआ है।

उन्होंने कहा कि मैहला ब्लॉक समिति की यह जीत मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हो रहे विकास कार्यों पर जनता की मुहर है। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी चंबा के अध्यक्ष सुरजीत शर्मा भरमौरी, संजीव सूरी, सरोल वार्ड से जिला परिषद लियाकत खान सहित कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विद्यार्थियों को नशे से दूर रहकर स्वस्थ जीवन अपनाने का दिलाया संकल्प

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, चंबा।** राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बढ़िया कोठी में शनिवार को बैग रहित दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता, सामान्य ज्ञान और नशामुक्ति के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

इस दौरान नशीली दवाओं के दुरुपयोग पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने प्रभावशाली विचार प्रस्तुत किए। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। पर्यावरण संरक्षण विषय पर बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तरी भी आयोजित हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों ने हिमाचली और केरल के पारंपरिक व्यंजनों की जानकारी साझा कर सांस्कृतिक विविधता में एकता का संदेश दिया। प्रधानाचार्य ज्योति राणा ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही और विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह से भाग लेकर दिवस को यादगार बनाया।




◆ नशामुक्ति विषय पर भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने रखे प्रभावशाली विचार

# बनीखेत बस अड्डा क्षेत्र में अवैध जल कनेक्शनों का जाल?

◆ वन भूमि पर अतिक्रमणों तक पहुंची सरकारी पेयजल आपूर्ति पर उठे सवाल

◆ हर जल कनेक्शन की जांच और मिलीभगत की परतें खोलने की मांग

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, चंबा।** बनीखेत बस अड्डा क्षेत्र में जल शक्ति विभाग के कथित अवैध जल कनेक्शनों को लेकर स्थानीय स्तर पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि कई कनेक्शन बिना निर्धारित प्रक्रिया के संचालित हो रहे हैं और कुछ सीधे सरकारी पेयजल लाइनों से जोड़ दिए गए हैं।



लोगों का कहना है कि यदि जांच में यह सही पाया जाता है तो यह केवल संसाधनों के दुरुपयोग का मामला नहीं होगा, बल्कि विभागीय निगरानी व्यवस्था पर भी गंभीर प्रश्न खड़े होंगे। सबसे गंभीर आरोप यह है कि कुछ कनेक्शनों के माध्यम से वन भूमि पर बने कथित अतिक्रमणों तक भी पानी पहुंचाया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने कहा कि प्रदेश में वन अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई जारी है और ऐसे में यदि सरकारी जलापूर्ति इन क्षेत्रों तक पहुंच रही है तो यह गंभीर जांच का विषय है। उन्होंने सवाल उठाया कि यह सुविधा किसके निर्देश या कथित मिलीभगत से उपलब्ध कराई जा रही है। क्षेत्रवासियों ने आरोप लगाया कि इतने बड़े पैमाने पर कथित अवैध कनेक्शनों का लंबे समय तक सक्रिय रहना विभागीय लापरवाही या संरक्षण के बिना संभव नहीं है। उनका कहना है कि यह मामला केवल अवैध कनेक्शनों तक सीमित नहीं, बल्कि राजस्व हानि और संसाधनों के दुरुपयोग से भी जुड़ा हो सकता है। लोगों ने जिला प्रशासन, जल शक्ति विभाग और वन विभाग से संयुक्त जांच अभियान चलाने की मांग की है। इसमें प्रत्येक कनेक्शन का भौतिक सत्यापन, पाइपलाइन स्रोत, स्वीकृति दस्तावेज और संभावित अवैध टैपिंग की जांच शामिल हो। स्थानीय नागरिकों ने यह भी मांग की है कि जांच में जिम्मेदार अधिकारियों, कर्मचारियों और अन्य संबंधित व्यक्तियों की भूमिका स्पष्ट की जाए तथा दोष सिद्ध होने पर सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। लोगों ने कहा कि सरकारी संसाधन जनता के हित के लिए हैं और इनके दुरुपयोग को किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता।

# डिजिटल साक्षरता और ब्रांड बिल्डिंग पर उद्यमियों को मिला प्रशिक्षण




एक दिवसीय जागरुकता कार्यशाला आयोजित। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**चंबा।** उद्योग विभाग द्वारा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के रेजिंग एंड एक्सेलेरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस (रैंप) कार्यक्रम के अंतर्गत चंबा में एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य एमएसएमई और स्वयं सहायता समूहों की डिजिटल साक्षरता बढ़ाना, ब्रांड बिल्डिंग को मजबूत करना और जेम पोर्टल के माध्यम से सरकारी खरीद में उनकी भागीदारी बढ़ाना रहा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला उद्योग केंद्र चंबा के अजीत कुमार रहे। इसमें 50 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं और स्थानीय उद्यमी शामिल रहे। प्रथम सत्र में सकीना ठाकुर ने ई-कॉमर्स, डिजिटल मार्केटिंग, बैंकिंग और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। द्वितीय सत्र में संजय कुमार ने गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (जेम) पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया और ऑन-द-स्पॉट पंजीकरण भी करवाया। मुख्य अतिथि ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण ग्रामीण उद्यमियों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाते हैं और स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय पहचान दिलाने में मदद करते हैं। प्रतिभागियों ने कार्यशाला को अत्यंत उपयोगी बताया।

# लंबे इंतजार के बाद मिली राहत, राडी भटवाड़ा को जोड़ने वाला मार्ग बहाल

अनंत ज्ञान

**देशराज कश्यप, धरवाला।** विकास खंड मैहला के तहत आती राडी भटवाड़ा पंचायत को जोड़ने वाला एकमात्र जनसंपर्क मार्ग जो गत वर्ष आई प्राकृतिक आपदा में बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका था, उसे बहाल कर दिया है। मार्ग के क्षतिग्रस्त होने से स्थानीय लोगों को आवागमन में बेहद समस्याएं पेश आ रही थी। यह मार्ग न केवल राडी भटवाड़ा पंचायत को जोड़ता है बल्कि राजकीय प्राथमिक पाठशाला गुंआं से महज चंद मीटर की दूरी पर बंद पड़ा था, जिससे नौनिहालों को लेकर अभिभावकों की चिंता और बढ़ गई थी। हालांकि स्थानीय लोगों ने अपने स्तर पर रास्ते को खोला था, लेकिन इस संकरे वह जानलेवा रास्ते पर नौनिहालों को लेकर खतरा हर पल बना हुआ था जिससे प्रतिदिन सुबह शाम स्कूली बच्चों को लेकर चिलचिलाती धूप में अभिभावकों के पसीने छूट रहे थे। वहीं, राडी भटवाड़ा पंचायत के दर्जनों गांव वासियों को भी एक लंबा व घुमावदार रास्ता तय कर अपने गंतव्य तक पहुंचाना पड़ रहा था स्थानीय लोगों ने इस जन संपर्क मार्ग को लेकर प्रिंट मीडिया व सोशल मीडिया के माध्यम से आवाज उठाई थी। हालांकि लंबे समय बाद ही सही लेकिन बहुत ही शानदार पैदल मार्ग बनकर पूरी तरह तैयार है जिससे न केवल राडी भटवाड़ा के स्थानीय लोगों बल्कि विद्यालय पहुंचने वाले नौनिहालों का सफर भी सहज व सुरक्षित होगा।



राडी भटवाड़ा को जोड़ने वाला एकमात्र जनसंपर्क मार्ग बनकर तैयार।

# वार्ड नंबर 26 में लगाई मीठे पानी की छबील और लंगर



अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ नगर निगम के अधीन आते वार्ड नंबर 26 में बाबा बन्दा सिंह बहादुर के शहीदी दिवस को समर्पित मीठे पानी की छबील और काले चने का लंगर लगाया गया। लंगर सेवा में ब्लॉक प्रधान सरदार हरजिंदर सिंह प्रिंस ने शिद्दत से सेवा निभाई। इस अवसर पर विनोद कुमार बिट्ठू, भूपिंदर सिंह, प्रयाग चंद, जसविंदर कौर, नवजोत सिंह, सर्वजोत कौर, गुरप्रीत सिंह, अंग्रेज सिंह, विजय सिंह गीताराम और रेखा रानी ने भी लंगर प्रसाद बांटने में सेवा की।

हरजिंदर सिंह प्रिंस ने बाबा बंदा सिंह बहादुर की शहादत और उनके ऐतिहासिक योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनकी शहादत सिख इतिहास में अटूट विश्वास, दृढ़ता और सर्वोच्च बलिदान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि बाबा बंदा सिंह बहादुर ने सिख राज की स्थापना कर इतिहास में अमिट छाप छोड़ी। उन्होंने सिख युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेने और उनके आदर्शों पर चलने का संदेश दिया। बाबा बंदा सिंह बहादुर जी के शहीदी दिवस (जून के महीने) पर गुरुद्वारों और सार्वजनिक स्थानों पर उनकी अदम्य वीरता और बलिदान को याद करते हुए छबील (ठंडा, मीठा जल) का आयोजन किया जाता है। इस दौरान राहगीरों को भीषण गर्मी में ठंडी मीठी जल-छबील और प्रसाद वितरित किया जाता है।

# चंडीगढ़ में बनेगा पहला सरकारी वैक्सीनेशन क्लिनिक

## बुजुर्गों व वयस्कों के लिए प्रिवेंटिव हेल्थ में नई पहल, उत्तर भारत में पहली बार होगी शुरुआत

अनंत ज्ञान




**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ इतिहास रचने जा रहा है, जब उत्तर भारत में सरकारी सेक्टर का पहला खास एडल्ट और बुजुर्ग वैक्सीनेशन क्लिनिक शुरू होगा। यह क्लिनिक रोटरी क्लब चंडीगढ़ सेंट्रल और कम्युनिटी मेडिसिन डिपार्टमेंट, गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (GMCH), सेक्टर 32, चंडीगढ़ के सहयोग से बनाया जा रहा है। गवर्नर गुलाब चंद कटारिया ने इस क्लिनिक का उद्घाटन करने की सहमति दी है, जो इस क्षेत्र की व्यापक और समावेशी पब्लिक हेल्थ की यात्रा में एक गर्व का पल होगा।

अब तक, उत्तर भारत में वयस्कों के लिए व्यवस्थित वैक्सीनेशन सर्विस मुख्य रूप से प्राइवेट हेल्थकेयर सुविधाओं तक ही सीमित रही हैं, जिससे पब्लिक हेल्थ सिस्टम में एक बड़ी कमी रह गई है। यह सोच कि वैक्सीनेशन सिर्फ बचपन की ज़रूरत है, बहुत भारी पड़ी है। बचपन में लगी कई वैक्सीन से मिली इम्यूनिटी उम्र के साथ कम हो जाती है, और वयस्कों को काम, यात्रा, जीवनशैली और पहले से मौजूद बीमारियों के कारण नए जोखिमों का सामना करना पड़ता है। इन्फ्लूएंजा, न्यूमोकोकल निमोनिया, हेपेटाइटिस A और B, टाइफाइड, टेटनस, शिंगल्स और ह्यूमन पैपिलोमावायरस (HPV) जैसी बीमारियां हर साल वयस्कों में गंभीर बीमारी, अस्पताल में भर्ती होने और रोकी जा सकने वाली मौतों का कारण बनती हैं।

इनमें से कई बीमारियों से समय पर वैक्सीनेशन से बचा जा सकता है। एक खास एडल्ट और बुजुर्ग वैक्सीनेशन क्लिनिक कई महत्वपूर्ण लाभ देता है। यह एक ऐसा प्लेटफॉर्म है जहां वयस्क/बुजुर्ग अपनी उम्र, स्वास्थ्य की स्थिति और जीवनशैली के आधार पर पर्सनलाइज़्ड वैक्सीन असेसमेंट (व्यक्तिगत वैक्सीन ज़रूरत की जांच) करवा सकते हैं।

यह अस्पताल में भर्ती होने के अनावश्यक मामलों के बोझ को कम करता है, कमज़ोर समूहों जैसे बुजुर्गों और डायबिटीज, हृदय रोग या कमज़ोर इम्यूनिटी वाले लोगों की सुरक्षा करता है, और परिवारों और समुदायों में बीमारी फैलने के जोखिम को कम करता है। काम करने वाले वयस्कों के लिए, वैक्सीनेशन का मतलब बीमारी के कारण कम छुट्टियां लेना और बेहतर प्रोडक्टिविटी भी है। इस सर्विस को पब्लिक सेक्टर में लाकर, ग्त्क्ष्ट॥–32 और रोटरी क्लब चंडीगढ़ सेंट्रल यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि ये लाभ अब केवल उन लोगों तक सीमित न रहें जो प्राइवेट केयर का खर्च उठा सकते हैं। पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के लाखों लोगों के लिए हेल्थकेयर हब के रूप में काम करते हुए, यह पहल देश भर के सरकारी अस्पतालों के लिए एक मॉडल बनने के लिए तैयार है।

# पंजाब में पहली से लागू होगी विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन योजना

◆ विधानसभा में निंदा प्रस्ताव पारित करने के बावजूद एक जुलाई से लागू होगी योजना

अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** राजनीतिक विरोध के बावजूद पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार ने केंद्र सरकार की विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन (वीबी-जीरामजी) योजना को राज्य में लागू करने की अधिसूचना जारी कर दी है। शुक्रवार देर रात जारी अधिसूचना शनिवार को संबंधित विभागीय अधिकारियों को भेज दी गई।

यह योजना एक जुलाई से पूरे राज्य के अधिसूचित ग्रामीण क्षेत्रों में लागू होगी। केंद्र सरकार द्वारा जब यह योजना लागू की गई तो पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने इसका खुलकर विरोध किया था। यही नहीं पंजाब सरकार ने विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर केंद्र सरकार के विरूद्ध निंदा प्रस्ताव भी पारित किया था। इसके बावजूद अब राज्य में इसे लागू कर दिया गया है। केंद्र सरकार ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) की जगह विकसित भारत रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन ग्रामीण अधिनियम लागू किया है। इस कानून के तहत ग्रामीण परिवारों को प्रत्येक वित्तीय वर्ष में 125 दिनों के रोजगार की गारंटी देने का प्रावधान किया गया है। विधेयक पिछले वर्ष दिसंबर में संसद से पारित होने के बाद राष्ट्रपति की मंजूरी प्राप्त कर चुका है। पंजाब सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार इस स्कीम का उद्देश्य पंजाब के ग्रामीण विकास ढांचे को 'विकसित भारत-2047' के राष्ट्रीय विजन् के साथ जोडऩा है। इसके तहत, उन ग्रामीण परिवारों को हर वित्त वर्ष में 125 दिनों के लिए बेहतर कानूनी मज़दूरी-आधारित रोजग़ार की गारंटी दी जाएगी, जिनके वयस्क सदस्य बिना हुनर वाले शारीरिक काम के लिए स्वेच्छा से आगे आते हैं।

नोटिफिकेशन के अनुसार, पंजाब में बीबी-जी राम जी स्कीम 1 जुलाई से लागू होगी और राज्य के सभी नोटिफाइड ग्रामीण इलाकों में प्रभावी होगी। पंजाब के राज्यपाल ने सेंट्रल एक्ट की धारा 3(1) के तहत इस स्कीम को नोटिफाई किया है। ग्रामीण विकास और पंचायत विभाग द्वारा जारी अधिसूचना पर प्रशासनिक सचिव अजीत बाला जी जोशी के हस्ताक्षर हैं। (अनंत ज्ञान)

# मैक्स हॉस्पिटल में मरीज को 11 घंटे की जटिल सर्जरी के बाद मिली नई जिंदगी


अनंत ज्ञान

**गुरनाम सागर, चंडीगढ़।** हार्ट के तीन वाल्वों की गंभीर बीमारी और महाधमनी (एओर्टा) में बड़े एन्यूरिज्म की समस्या से पीड़ित रोपड़ के 52 वर्षीय मोहिंदर कुमार को मैक्स हॉस्पिटल, मोहाली में एक सफल दुर्लभ और बेहद जटिल सर्जरी के बाद नई जिंदगी मिली। एओर्टा, वह मुख्य धमनी है जो दिल से शरीर के बाकी हिस्सों तक खून पहुंचाती है।

कुमार को पिछले तीन सालों से दिल से जुड़ी समस्याएं थीं, और पिछले चार महीनों में उनकी हालत और बिगड़ गई थी। उन्हें सांस लेने में तकलीफ़ की शिकायत के साथ मैक्स लाया गया था। विस्तृत जांच से पता चला कि दिल के तीन वाल्वों में गंभीर लीकेज थी और शरीर की मुख्य धमनी में 53 मिमी की सूजन थीय अगर इसका इलाज न किया जाता तो यह स्थिति जानलेवा हो सकती थी।

दिल की कार्यक्षमता सामान्य क्षमता का केवल 30 प्रतिशत होने के कारण, सर्जरी में काफी जोखिम था। मामले की जटिलता के बावजूद, मैक्स में सीनियर डायरेक्टर और विभागाध्यक्ष- कार्डियोथोरेसिक एंड वैस्कुलर सर्जरी डॉ शशि जिंदल और प्रिंसिपल कंसल्टेंट-हेड कार्डियक एनेस्थीसिया और इंटेंसिव केयर डॉ शैलेश ओझा के नेतृत्व में एक मल्टी-डिसिप्लिनरी टीम ने चुनौती स्वीकार की और सफलतापूर्वक 11 घंटे की सर्जरी की।

इस प्रक्रिया में एक ही ऑपरेशन में दिल के दो खराब वाल्वों को बदलनाए तीसरे वाल्व की मरम्मत करना और एओर्टा के प्रभावित हिस्से को फिर से बनाना शामिल था।



डॉ जिंदल ने कहा, यह हमारे द्वारा की गई सबसे चुनौतीपूर्ण कार्डियक सर्जरी में से एक थी। ऐसे मामले जिनमें महाधमनी एन्यूरिज्म और गंभीर मल्टी-वाल्वुलर बीमारी दोनों हों, वे आम नहीं हैं। एन्यूरिज्म सर्जरी कराने वाले मरीजों में से बहुत कम प्रतिशत में दिल के कई वाल्वों को प्रभावित करने वाली बीमारी होती है और ऐसी स्थितियों का इलाज अक्सर अलग.अलग चरणों में की जाने वाली प्रक्रियाओं से किया जाता है। मरीज के ठीक होने की संभावनाओं को बेहतर बनाने के लिए एक ही सर्जरी में इन सभी जानलेवा स्थितियों का इलाज करना बहुत ज़रूरी था।

डॉ ओझा ने बताया, मरीज के दिल की कार्यक्षमता पहले से ही काफी कम हो गई थी, जिससे सर्जरी का जोखिम बढ़ गया था। प्रक्रिया की जटिलता के बावजूद, सर्जरी सफल रही और मरीज का ठीक होना उत्साहजनक रहा है। सर्जरी के बाद, क्रिटिकल केयर टीम की कड़ी निगरानी में मरीज़ में लगातार सुधार हुआ और 16 दिनों के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई।

# अथर्व यूनिवर्सिटी मुंबई ने मीडिया एंटरटेनमेंट कोर्स की शुरुआत की

अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** अथर्व यूनिवर्सिटी, मुंबई ने कहानीकार बनने के इच्छुक लोगों, फिल्ममेकर्स, पत्रकारों, कंटेंट क्रिएटर्स और मीडिया प्रोफेशनल्स को एकेडमिक ईयर 2026-27 के लिए अपने इंडस्ट्री-ओरिएंटेड कोर्स की घोषणा की है।




कोर्स का प्रोजेक्ट-बेस्ड करिकुलम क्लासरूम लर्निंग और प्रैक्टिकल अनुभव को मिलाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसमें मॉडर्न प्रोडक्शन तकनीक, स्क्रिप्ट राइटिंग, सिनेमैटोग्राफी, एडिटिंग, डिजिटल जर्नलिज्म, न्यूज़ प्रोडक्शन, मीडिया एथिक्स, पॉडकास्टिंग, फ़ोटोग्राफ़ी और मल्टीमीडिया स्टोरीटेलिंग जैसे विषय शामिल हैं। अथर्व यूनिवर्सिटी के फाउंडर और चांसलर सुनील राणे ने कहा, मीडिया और एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री तेज़ी से बदल रही है, जिससे फ़िल्म मेकिंग, डिजिटल कंटेंट क्रिएशन, जर्नलिज्म, ब्रॉडकास्टिंग, ओटीटी प्लेटफॉर्म, एडवर्टाइज़िंग और नए ज़माने के मीडिया में शानदार मौके बन रहे हैं। आज इन क्षेत्रों में सफलता के लिए क्रिएटिविटी, टेक्निकल जानकारी, कहानी कहने की कला और इंडस्ट्री का प्रैक्टिकल अनुभव जरूरी है।

अथर्व यूनिवर्सिटी मुंबई, काउंसिल ऑफ आर्किटेक्चर (सीओए) से मंज़ूरी प्राप्त 5-साल का बैचलर ऑफ़ आर्किटेक्चर (बी.आर्क) प्रोग्राम भी ऑफर कर रही है। यह इंडस्ट्री के हिसाब से तैयार किया गया, प्रोजेक्ट और रिसर्च पर आधारित करिकुलम ऑफ़र करता है, जो स्टूडेंट्स को आर्किटेक्चर की बदलती दुनिया के लिए तैयार करता है।

# परियोजना पूरी होने पर सुहाना को प्रतिदिन मिलेगा 13 लाख लीटर अतिरिक्त नहरी पानी: कुलवंत सिंह

अनंत ज्ञान

**गुरनाम सागर, साहिबजादा अजीत सिंह नगर।** विधायक कुलवंत सिंह द्वारा गांव सुहाना की बढ़ती आबादी तथा पेयजल की बढ़ती आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए जल आपूर्ति एवं स्वच्छता विभाग, पंजाब द्वारा 48.50 लाख रुपये की लागत से बनाए जाने वाले 'सुहाना कैनाल वाटर राइजिंग मेन परियोजना' का कार्य आज शुरू करवाया गया।



इस अवसर पर विधायक कुलवंत सिंह ने कहा कि वर्तमान में गांव सुहाना को पांच ट्यूबवेलों के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है, जो मौजूदा तथा भविष्य की आवश्यकताओं के लिए पर्याप्त नहीं है। इसी को देखते हुए गांव को गमाडा की कैनाल वाटर सप्लाई योजना से जोड़ने के लिए यह राइजिंग मेन परियोजना तैयार की गई है। उन्होंने बताया कि परियोजना पूरी होने के बाद सुहाना को प्रतिदिन लगभग 13 लाख लीटर अतिरिक्त पानी उपलब्ध होगा, जिससे ग्रामीणों को नियमित एवं स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित होगी। इसके साथ ही कम दबाव और कम मात्रा में पानी मिलने की समस्या का स्थायी समाधान होगा तथा ट्यूबवेलों पर निर्भरता भी कम होगी।

विधायक ने बताया कि विभाग द्वारा अगले एक माह के भीतर दो नए अंडरग्राउंड स्टोरेज रिजर्वायर (यूजीएसआर) के निर्माण का कार्य भी शुरू किया जाएगा। राइजिंग मेन तथा दोनों यू जी एस आर परियोजनाओं की कुल लागत लगभग 98 लाख रुपये है। उन्होंने कहा कि नई पाइपलाइन एवं भंडारण प्रणाली के चालू होने से गर्मियों के दौरान पानी की कमी की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सकेगा तथा जल वितरण प्रणाली अधिक सुचारु, विश्वसनीय और टिकाऊ बनेगी। उन्होंने कहा कि यह परियोजना गांव सुहाना के निवासियों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने व भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप मजबूत पेयजल व्यवस्था स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

इस अवसर पर नगर निगम मोहाली के वरिष्ठ उपमहापौर आर.पी. शर्मा, पार्षद कमलजीत कौर, पार्षद शरणजीत कौर, कुलदीप सिंह समाणा, सुरिंदर सिंह रोडा, पार्षद गुरजीत सिंह मटौर, पार्षद हरपाल सिंह बराड़, रुपिंदर सिंह रूपा, नंबरदार हरसंगत सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष परमिंदर सिंह, जगतार सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# लोक निर्माण मंत्री आज मंडी जिला प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, मंडी।** लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह मंडी जिला के एक दिवसीय प्रवास पर आ रहे हैं। प्रवास कार्यक्रम के अनुसार लोक निर्माण



मंत्री 28 जून को दोपहर बाद 12.30 बजे सदर विधानसभा क्षेत्र के कोटली में पहुंचेंगे। इस अवसर पर वे कून का तर में ब्यास नदी पर बने बेली ब्रिज (पुल) तथा जबलाही नाला से बरनोटा-कड़कोह सड़क का लोकार्पण करेंगे। साथ ही एनएच-70 से सताहन सड़क के मेटलिंग टारिंग कार्य का शुभारंभ करेंगे। इस प्रवास के दौरान विक्रमादित्य सिंह जनसमस्याओं का निराकरण भी करेंगे। सायंकाल को वे शिमला के लिए प्रस्थान करेंगे।

# नप सुजानपुर में अध्यक्ष-उपाध्यक्ष ने ली शपथ

## सुजानपुर के विधायक कैप्टन रणजीत सिंह विशेष तौर पर रहे मौजूद

अनंत ज्ञान

**सुजानपुर।** नगर परिषद सुजानपुर में नवनिर्वाचित अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को शनिवार को शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर सुजानपुर के विधायक कै रणजीत सिंह भी विशेष तौर पर मौजूद रहे। एसडीएम सुजानपुर विकास शुक्ला ने अध्यक्ष के तौर पर नीलम धीमान, जबकि उपाध्यक्ष विनय कुमार को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

इस अवसर पर भारी संख्या में स्थानीय लोग तथा कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। नगर परिषद सुजानपुर में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के चुनाव पर अपनाए गए तरीके को लेकर सुजानपुर भाजपा ने आपत्ति दर्ज करवाई है। इसे लेकर हाई कोर्ट शिमला में याचिका भी दायर हो चुकी है। इसकी सुनवाई अब 23 जुलाई को फिर से रखी गई है इस सारे मामले को लेकर प्रशासन को





विधायक कैप्टन रणजीत के साथ नगर परिषद सुजानपुर के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष।

### ◆23 जुलाई को हाईकोर्ट में फिर होगी सुनवाई

नोटिस भी जारी होंगे जवाब देने के बाद हाई कोर्ट इस पर अगली सुनवाई करेगा।

काबिले गौर यह है कि सुजानपुर का नगर परिषद का यह चुनाव काफी चर्चा में है, क्योंकि यहां पर अध्यक्ष उपाध्यक्ष के चुनाव के समय हाथ उठाकर चुनावी प्रक्रिया को अजीबोगरीब अंदाज में अंजाम दिया गया था जिसे भाजपा ने जोरदार विरोध किया था अगले रोज भाजपाइयों ने सुजानपुर में रैली भी निकली थी और बाद में डीसी गंधर्वा राठौर को ज्ञापन देकर अपना रोष भी प्राप्त किया था।

अब सभी की निगाहें हाईकोर्ट के फैसले पर टिकी हुई है फिलहाल अध्यक्ष उपाध्यक्ष को शपथ दिला दी गई है।

## लिफ्ट बंद, राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन को स्ट्रेचर पर सीढ़ियों से ले जाना पड़ा

# आईजीएमसी शिमला में व्यवस्थाओं पर उठे सवाल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज (आईजीएमसी) में शनिवार को उस समय स्वास्थ्य व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल खड़े हो गए, जब राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें उपचार के लिए अस्पताल लाया गया, लेकिन संबंधित लिफ्ट खराब होने के कारण उन्हें स्ट्रेचर सहित सीढ़ियों के रास्ते सीसीयू तक पहुंचाना पड़ा। इस घटना ने अस्पताल की बुनियादी सुविधाओं और आपातकालीन व्यवस्था को लेकर नई बहस छेड़ दी है।

जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह भाजपा के एक कार्यक्रम के दौरान हर्ष महाजन की अचानक तबीयत बिगड़ गई थी। उन्हें तत्काल आईजीएमसी पहुंचाया गया, जहां डी ब्लॉक की पहली मंजिल स्थित सीसीयू में भर्ती किया जाना था। हालांकि, लिफ्ट बंद होने के कारण पार्टी कार्यकर्ताओं और अस्पताल कर्मियों ने उन्हें स्ट्रेचर सहित सीढ़ियों से उठाकर वार्ड तक पहुंचाया। उपचार के बाद उनकी तबीयत में सुधार बताया गया, लेकिन इस पूरी घटना ने अस्पताल की आपातकालीन तैयारियों पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिए। आईजीएमसी प्रदेश का सबसे बड़ा रेफरल अस्पताल है, जहां प्रतिदिन हजारों मरीज उपचार के लिए पहुंचते हैं।

घटना के बाद मरीजों और तीमारदारों ने अस्पताल प्रशासन से लिफ्ट सहित सभी आवश्यक सुविधाओं को हर समय सुचारु रखने की मांग उठाई है। लोगों का कहना है कि यदि किसी सामान्य या गंभीर मरीज के साथ ऐसी स्थिति उत्पन्न हो जाए और उसके साथ पर्याप्त लोग न हों, तो उसे समय पर उपचार तक पहुंचाना बेहद कठिन हो सकता है। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि खराब लिफ्ट को ठीक करने का कार्य जारी है और जल्द ही इसे पुनः चालू कर दिया जाएगा। वहीं, इस घटना ने प्रदेश के सबसे बड़े अस्पताल में बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाओं की नियमित निगरानी और रखरखाव की आवश्यकता को एक बार फिर प्रमुखता से सामने ला दिया है।

### भाजपा नेताओं ने सांसद का जाना कुशलक्षेम

**शिमला।** भाजपा के राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन के अस्वस्थ होने की सूचना मिलने के बाद शनिवार को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर आईजीएमसी, शिमला पहुंचे और उनका कुशलक्षेम जाना। दोनों वरिष्ठ नेताओं ने चिकित्सकों से उनके स्वास्थ्य की विस्तृत जानकारी ली तथा उनके शीघ्र और पूर्ण स्वास्थ्य लाभ की कामना की। इस दौरान उन्होंने कहा कि हर्ष महाजन के स्वास्थ्य को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं और उनके शुभचिंतकों में चिंता का माहौल था, लेकिन चिकित्सकों ने स्पष्ट किया है कि उन्हें केवल डिहाइड्रेशन और लो ब्लड प्रेशर की समस्या हुई थी। किसी भी प्रकार की हार्ट ब्लॉकेज अथवा हृदय संबंधी गंभीर बीमारी नहीं पाई गई है और अब उनका स्वास्थ्य पूरी तरह सामान्य है। नेताओं ने विश्वास जताया कि हर्ष महाजन जल्द ही पूरी ऊर्जा और उत्साह के साथ जनसेवा एवं संगठनात्मक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। उन्होंने ईश्वर से उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की भी प्रार्थना की। राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन ने अस्पताल से स्वास्थ्य लाभ के बाद सभी शुभचिंतकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अब वह पूर्णतः स्वस्थ हैं। उन्होंने बताया कि अचानक स्वास्थ्य संबंधी परेशानी आने पर एहतियात के तौर पर अस्पताल में उपचार लिया गया, जहां चिकित्सकों की देखरेख और समय पर मिले उपचार से उनकी स्थिति सामान्य हो गई।

# जानबूझकर अध्यक्ष-उपाध्यक्ष के चुनाव टाल रही सरकार : जयराम

## लोकतांत्रिक प्रक्रिया को प्रभावित कर निर्वाचित प्रतिनिधियों पर बनाया जा रहा दबाव

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कांग्रेस सरकार पर पंचायतों, नगर निकायों और जिला परिषदों में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के चुनाव जानबूझकर टालने का आरोप लगाया है। शनिवार को शिमला में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार लोकतांत्रिक प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास कर रही है और निर्वाचित प्रतिनिधियों पर दबाव बनाने के लिए चुनावों में देरी की जा रही है।

जयराम ठाकुर ने कहा कि राज्य सरकार पहले स्थानीय निकाय चुनाव टालना चाहती थी, लेकिन न्यायालयों के हस्तक्षेप के बाद चुनाव कराने पड़े। उनका आरोप है कि अब अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव लंबित रखकर सरकार को





शिमला में पत्रकार वार्ता करते नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर।


समय मिल रहा है। इससे वह निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को प्रभावित करने की कोशिश कर सके। उन्होंने कहा कि सरकार को पहले से अंदेशा था कि जनता उसके खिलाफ मतदान करेगी, इसलिए विभिन्न स्तरों पर चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित करने के प्रयास किए गए। नेता प्रतिपक्ष ने दावा किया कि पंचायत चुनावों में लगभग 70 प्रतिशत पंचायतों में भाजपा समर्थित प्रधान और उपप्रधान चुने गए हैं। उन्होंने कहा कि यह परिणाम कांग्रेस सरकार के प्रति जनता की नाराजगी को दर्शाते हैं। जयराम ठाकुर के अनुसार नगर निकाय चुनावों में भी भाजपा को व्यापक समर्थन मिला है। उन्होंने कहा कि धर्मशाला नगर निगम में भाजपा ने 17 में से 11 सीटें जीतकर बहुमत हासिल किया है, जबकि अन्य कई नगर निकायों में भी पार्टी का प्रदर्शन बेहतर रहा है।

उन्होंने जिला परिषद और ब्लॉक समिति चुनावों के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि 12 जिला परिषदों में से केवल तीन में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव हुए हैं और उन स्थानों पर कांग्रेस उम्मीदवार मैदान में नहीं उतार सकी। उनका दावा है कि शेष अधिकांश जिला परिषदों में भाजपा समर्थित सदस्यों के पास बहुमत है, लेकिन चुनाव नहीं कराए जा रहे हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि 92 ब्लॉक समितियों में से 47 में हुए चुनावों में 31 स्थानों पर भाजपा समर्थित उम्मीदवारों की जीत हुई है, जबकि कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार 16 स्थानों पर सफल रहे हैं।

# मुख्यमंत्री सुक्खू ने तकलेच हादसे पर जताया शोक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शिमला जिले के रामपुर उपमंडल के तहत तकलेच-काशापाट मार्ग पर



हुई दर्दनाक सड़क दुर्घटना में छह लोगों की मौत पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने इस हादसे को अत्यंत दुखद बताते हुए दिवंगतों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं प्रकट कीं और कहा कि इस कठिन समय में प्रदेश सरकार पूरी मजबूती के साथ प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी है।

### ◆प्रभावित परिवारों की तत्काल मदद करने के निर्देश

मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन को निर्देश दिए हैं कि हादसे से प्रभावित परिवारों को हरसंभव राहत और सहायता तत्काल उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए शोकाकुल परिवारों को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की।

# झंझैल में वार्ड सदस्यों को दिलाई शपथ

## प्रधान बीरी सिंह ने पंचायत के समग्र विकास का लिया संकल्प

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** ग्राम पंचायत झंझैल में शनिवार को नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर पंचायत प्रधान बीरी सिंह ने सभी नवनिर्वाचित वार्ड सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। समारोह में पंचायत प्रतिनिधियों, गणमान्य व्यक्तियों तथा बड़ी संख्या में ग्रामवासियों ने भाग लिया। शपथ ग्रहण के उपरांत प्रधान बीरी सिंह ने पंचायत क्षेत्र के समग्र विकास, पारदर्शी प्रशासन, नशामुक्त समाज और सामाजिक सुधार की दिशा में मिलकर कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया। उन्होंने सभी वार्ड सदस्यों से ईमानदारी, निष्पक्षता और जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रधान बीरी सिंह ने पंचायत हित में कई महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी घोषणाएं भी कीं। उन्होंने बताया कि पंचायत क्षेत्र में किन्नरों द्वारा लिए जाने वाले नेग एवं शगुन की राशि को निर्धारित करने का निर्णय लिया





पंचायत के समग्र विकास के लिए हवन करते पंचायत प्रतिनिधि।

गया है, ताकि लोगों को अनावश्यक आर्थिक बोझ का सामना न करना पड़े। इसके अलावा पंचायत क्षेत्र में ठेकेदारी प्रथा पर रोक लगाने का भी फैसला लिया गया है। उन्होंने कहा कि पंचायत विकास कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और स्थानीय लोगों की भागीदारी बढ़ाने के लिए यह कदम उठाया जा रहा है।

प्रधान ने पंचायत क्षेत्र को नशामुक्त बनाने के लिए चिट्टा एवं अन्य मादक पदार्थों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का संकल्प भी दोहराया। साथ ही उन्होंने शादी-विवाह समारोहों में टिफिन सिस्टम को बढ़ावा देने तथा शराब के प्रयोग पर रोक लगाने का निर्णय भी घोषित किया, जिससे सामाजिक कुरीतियों पर अंकुश लगाने और स्वस्थ सामाजिक वातावरण का निर्माण करने में सहायता मिलेगी। समारोह के दौरान पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामवासियों ने नवगठित पंचायत को शुभकामनाएं देते हुए गांव के सर्वांगीण विकास के लिए अपना पूर्ण सहयोग देने का भरोसा जताया।

ग्रामीणों ने उम्मीद व्यक्त की कि नई पंचायत जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देते हुए विकास और सामाजिक सुधार के नए आयाम स्थापित करेगी।

# हरोली बीडीसी पर भाजपा का कब्जा

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** हरोली विकास खंड (बीडीसी) के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के गृह विधानसभा क्षेत्र में बड़ी राजनीतिक बढ़त हासिल करते हुए दोनों पदों पर कब्जा जमा लिया। शनिवार को एसडीएम की अध्यक्षता में संपन्न चुनाव में भाजपा समर्थित नंगल खुर्द वार्ड से निर्वाचित किरण देवी बीडीसी अध्यक्ष तथा बढ़ेड़ा वार्ड से निर्वाचित तृप्ता देवी उपाध्यक्ष चुनी गईं। अध्यक्ष पद के चुनाव में भाजपा समर्थित किरण देवी को 13 मत मिले, जबकि कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार मुकता देवी को 11 मत प्राप्त हुए। इस प्रकार किरण देवी ने 2 मतों के अंतर से जीत दर्ज की। वहीं उपाध्यक्ष पद के चुनाव में भाजपा समर्थित तृपता देवी को 13 मत मिले, जबकि कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार स्नेह लता को 11 मतों से संतोष करना पड़ा। इस तरह भाजपा ने अध्यक्ष और उपाध्यक्ष दोनों पदों पर जीत हासिल कर बीडीसी पर अपना कब्जा बरकरार रखा। एक ओर इसे उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की प्रतिष्ठा से जोड़कर देखा जा रहा था, वहीं दूसरी ओर भाजपा नेता प्रो. राम कुमार की रणनीति सफल साबित हुई।

# 2028 तक टेट पास नहीं तो जाएगी नौकरी

## सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने बढ़ाई हिमाचल के हजारों शिक्षकों की चिंता

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** शिक्षा व्यवस्था में जवाबदेही और गुणवत्ता को लेकर सुप्रीम कोर्ट के ताज़ा फैसले ने हिमाचल प्रदेश के हजारों शिक्षकों की मुश्किल बढा दी हैं। अदालत के स्पष्ट निर्देशों के बाद अब राज्य सरकार ने भी सख्त रुख अपनाते हुए बिना टेट (शिक्षक पात्रता परीक्षा) के कार्यरत शिक्षकों के लिए अंतिम समय-सीमा तय करने की तैयारी शुरू कर दी है। यदि निर्धारित अवधि के भीतर शिक्षक टेट उत्तीर्ण नहीं करते हैं तो उनकी सेवाओं पर संकट खड़ा हो सकता है। शिक्षा विभाग ने इस संबंध में सभी जिलों से विस्तृत जानकारी जुटाने और आवश्यक कार्रवाई शुरू करने के निर्देश जारी कर दिए हैं।

जानकारी के प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में वर्तमान में 8727 ऐसे शिक्षक कार्यरत हैं जिन्होंने अब तक टेट उत्तीर्ण नहीं किया है। इनमें 5552 जेबीटी, 853 एचटी, 459 सी एंड वी, 377 सीएचटी तथा 1486 टीजीटी शिक्षक शामिल हैं। इन सभी की नियुक्तियां वर्ष 2010 से पहले हुई थीं, जब प्रदेश में टेट लागू नहीं था। अधिकांश शिक्षक लंबे समय से सेवा दे रहे हैं और इनमें कई सेवानिवृत्ति के करीब भी पहुंच चुके हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले व समीक्षा याचिका पर दिए आदेश में स्पष्ट किया है कि पहली से आठवीं कक्षा तक पढ़ाने वाले सरकारी और निजी विद्यालयों के सभी शिक्षकों के लिए टेट अनिवार्य है। अदालत ने राज्यों को इन-सेवा शिक्षकों को अतिरिक्त अवसर देने के साथ-साथ वर्ष में दो बार टेट आयोजित करने के निर्देश भी दिए हैं, ताकि सभी पात्र शिक्षक निर्धारित समय के भीतर परीक्षा उत्तीर्ण कर सकें। शिक्षा सचिव राकेश कंवर ने स्कूल शिक्षा निदेशक को निर्देश दिए हैं कि बिना टेट वाले सभी शिक्षकों की सूची तैयार कर यह सुनिश्चित किया जाए कि वे 31 अगस्त 2028 तक टेट पास कर लें। इसके साथ ही हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के माध्यम से वर्ष में दो बार टेट परीक्षा आयोजित कराने और परीक्षा कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार करने की भी योजना बनाई जा रही है, ताकि कोई भी पात्र शिक्षक अवसर से वंचित न रहे।

### कोर्ट के आदेशों का होगा सौ फीसदी पालन

**शिक्षा** विभाग से मिली जानकारी के अनुसार टेट शिक्षकों की शैक्षणिक दक्षता का महत्वपूर्ण मानक है। जिसके तहत सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का अक्षरशः पालन किया जाएगा और निर्धारित समय-सीमा के बाद नियमों के अनुरूप कार्रवाई होगी। वहीं, सरकार का प्रयास रहेगा कि सभी प्रभावित शिक्षकों को पर्याप्त अवसर और सहयोग उपलब्ध कराया जाए, ताकि वे समय रहते टेट उत्तीर्ण कर अपनी सेवाएं सुरक्षित रख सकें।

# धर्मपुर में 110 करोड़ के विकास कार्य, शिक्षा और सड़कों पर सरकार का फोकस: चंद्रशेखर

## विधायक बोले- संधोल अस्पताल के निर्माण के लिए जारी किए 10 करोड़ रुपए

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक चंद्रशेखर ने शुक्रवार को संधोल में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार ने धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों पर अब तक लगभग 110 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य और सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। विधायक ने बताया कि हाल ही में धर्मपुर विधानसभा के विभिन्न सरकारी स्कूलों के विकास एवं आधारभूत सुविधाओं के लिए 1.97 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में सरकार कोई कसर नहीं छोड़ रही है और विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। संधोल कॉलेज के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल में कॉलेज तो खोल दिया गया, लेकिन वर्षों तक वहां आवश्यक स्टाफ की नियुक्ति नहीं की गई। प्राचार्य और हिंदी विषय जैसे महत्वपूर्ण पद लंबे समय तक खाली रहे, जिससे विद्यार्थियों की संख्या लगातार घटती गई।



उन्होंने बताया कि कैबिनेट के निर्णय के तहत 75 से कम विद्यार्थियों वाले कॉलेजों को बंद करने की नीति के अनुसार संधोल कॉलेज को भी बंद करने की अधिसूचना जारी हुई थी, क्योंकि यहां विद्यार्थियों की संख्या करीब 45 रह गई थी। हालांकि, विधायक ने कहा कि उन्होंने स्वयं मुख्यमंत्री से मुलाकात कर क्षेत्र की भावनाओं और विद्यार्थियों के भविष्य का मुद्दा उठाया, जिसके बाद संधोल कॉलेज को पुनः बहाल कर दिया गया। अब कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है। साथ ही संधोल आईटीआई में भी नए ट्रेड शुरू करने की दिशा में सरकार आवश्यक कदम उठा रही है। प्रेस वार्ता के दौरान विधायक ने विपक्ष पर भी तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार ने बड़े-बड़े भवनों की घोषणाएं और निर्माण तो कर दिए, लेकिन ठेकेदारों के करोड़ों रुपये के भुगतान लंबित छोड़ दिए। वर्तमान सरकार ने सत्ता में आते ही इन लंबित भुगतानों का निपटारा किया, जिसके बाद संधोल अस्पताल और मिनी सचिवालय जैसे महत्वपूर्ण भवनों का कार्य दोबारा गति पकड़ सका।

उन्होंने बताया कि हाल ही में संधोल अस्पताल के निर्माण के लिए 10 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं और निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। उम्मीद है कि अगले दो से तीन महीनों में अस्पताल भवन का कार्य पूरा हो जाएगा।

विधायक ने कहा कि क्षेत्र में सड़क नेटवर्क को भी मजबूत किया जा रहा है। संधोल-कोठवा तथा वाया बैरी धर्मपुर सड़क के चौड़ीकरण का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में संधोल से धर्मपुर तक सड़क की स्थिति में व्यापक सुधार होगा, जिससे लोगों की यात्रा अधिक सुगम, सुरक्षित और कम समय में पूरी हो सकेगी।

# बिजली बोर्ड के 2022 से पहले के अनुबंध कर्मियों के वेतन में 15 हजार तक बढ़ोतरी

## लंबे इंतजार के बाद मिला न्याय, 500 कर्मचारियों को मिलेगा सीधा लाभ

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश बिजली बोर्ड के अनुबंध कर्मचारियों के लिए बड़ी राहत भरी खबर सामने आई है। बोर्ड प्रबंधन ने वर्ष 2022 से पहले अनुबंध के आधार पर नियुक्त कर्मचारियों को भी बढ़े हुए वेतनमान का लाभ देने का फैसला लिया है। इस निर्णय से प्रदेशभर के करीब 500 कर्मचारियों को सीधा फायदा मिलेगा और उनके मासिक वेतन में लगभग 14 से 15 हजार रुपए तक की वृद्धि होगी।

लंबे समय से लंबित इस मांग के पूरा होने पर कर्मचारियों में खुशी का माहौल है। जानकारी के अनुसार बिजली बोर्ड में अब तक बढ़े हुए वेतनमान का लाभ केवल नियमित कर्मचारियों को मिल रहा था, जबकि समान अवधि में नियुक्त अनुबंध कर्मचारी इससे वंचित थे। इस विसंगति को लेकर कर्मचारी लंबे समय से आवाज उठा रहे थे और मामला न्यायालय तक पहुंचा। अदालत के निर्देशों के बाद बोर्ड प्रबंधन ने आदेश जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि दो वर्ष का कार्यकाल पूरा करने वाले अनुबंध कर्मचारियों को भी संशोधित वेतनमान का लाभ मिलेगा।

संबंधित कार्यालयों को इस संबंध में आवश्यक निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

### कर्मचारियों ने फैसले का किया स्वागत

**कर्मचारियों** ने बोर्ड के इस फैसले का स्वागत करते हुए इसे न्यायसंगत और लंबे संघर्ष के बाद मिली राहत बताया है। उनका कहना है कि इससे न केवल आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, बल्कि कार्य के प्रति उनका मनोबल भी बढ़ेगा। वहीं दूसरी ओर बिजली बोर्ड ने फील्ड एवं तकनीकी कर्मचारियों को चेतावनी दी है कि बिजली के खंभों या अन्य जोखिमपूर्ण कार्यों के दौरान रील और वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड करने पर संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। बोर्ड ने सभी वरिष्ठ अधिकारियों को ऐसे मामलों पर सख्ती से निगरानी रखने और इस तरह की गतिविधियों पर तत्काल रोक लगाने के निर्देश दिए हैं।

## मंथन डॉ. उमर और रोहित ठाकुर ने विदेशी सेब आयात व एफटीए पर जताई गहरी चिंता

# सेब बागवानों के हितों पर साझा रणनीति बनाने पर मंथन

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री डॉ. उमर अब्दुल्ला से मुलाक़ात के दौरान पहाड़ी राज्यों की अर्थव्यवस्था से जुड़े सबसे अहम मसले सेब बागवानी पर गहराते संकट को पूरी गंभीरता के साथ उठाया। दोनों नेताओं के दरमियान हुई तफ़्सीली गुफ़्तगू में विदेशी सेब के बढ़ते आयात, केंद्र सरकार की आयात नीति और लगातार किए जा रहे मुक्त व्यापार समझौतों से हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड के लाखों बागवानों की आजीविका पर मंडरा रहे ख़तरे पर गहरी चिंता ज़ाहिर की गई। रोहित ठाकुर ने कहा कि यह मसला केवल कारोबार का नहीं, बल्कि लाखों परिवारों की रोज़ी-रोटी और पहाड़ी राज्यों की आर्थिक बुनियाद से जुड़ा हुआ है।



जेएंडके के मुख्यमंत्री डॉ. उमर अब्दुल्ला से सेब बागवानों के हितों व विदेशी आयात नीति पर चर्चा करते हिमाचल के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर। अनंत ज्ञान

रोहित ठाकुर ने इल्ज़ाम लगाया कि केंद्र सरकार एक तरफ विदेशी सेब के आयात को बढ़ावा दे रही है, जबकि दूसरी तरफ मुल्क के सेब उत्पादक राज्यों के बागवानों के जायज़ हक़ और उनके मुस्तक़बिल को नज़रअंदाज़ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि न्यूज़ीलैंड के साथ व्यापारिक समझौते में आयात शुल्क में रियायत दिए जाने के बाद अब यूरोपियन यूनियन के साथ मुक्त व्यापार समझौते की कोशिशें और अमेरिका के साथ प्रस्तावित समझौते में सेब सहित कृषि उत्पादों पर आयात शुल्क समाप्त करने की तैयारी घरेलू बागवानी क्षेत्र के लिए बेहद नुकसानदेह साबित हो सकती है। उनका कहना था कि अगर यही सूरत-ए-हाल रही तो देश का सेब उत्पादक वर्ग भारी आर्थिक दबाव में आ जाएगा। उन्होंने कहा कि विदेशी सेब अपेक्षाकृत कम कीमत पर भारतीय बाजारों में पहुंचने से स्थानीय बागवानों को अपनी मेहनत और लागत का मुनासिब दाम नहीं मिल पाएगा। इसका सीधा असर लाखों किसानों और बागवानों की आमदनी पर पड़ेगा। रोहित ठाकुर ने डॉ. उमर अब्दुल्ला के साथ इस पूरे मसले पर तफ़्सील से राय-मशविरा करते हुए इस बात पर ज़ोर दिया कि हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और अन्य सेब उत्पादक राज्यों को एक साझा रणनीति बनाकर केंद्र सरकार के सामने पुरज़ोर ढंग से अपनी आवाज़ बुलंद करनी होगी, ताकि बागवानों के हक़ और उनके मुस्तक़बिल की हिफ़ाज़त यक़ीनी बनाई जा सके। उन्होंने मांग की कि केंद्र सरकार अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए एमआईएस में अपनी 50 प्रतिशत वित्तीय हिस्सेदारी फ़ौरन बहाल करे, ताकि सेब उत्पादकों को राहत मिल सके।

### मंडी मध्यस्थता योजना बहाल करने की पैरवी

**रोहित** ठाकुर ने बातचीत के दौरान कहा कि हिमाचल प्रदेश में पूर्व मुख्यमंत्री ठाकुर राम लाल ने वर्ष 1983 में सेब को मंडी मध्यस्थता योजना (एमआईएस) के दायरे में शामिल करवाकर बागवानों को बड़ी राहत दिलाई थी। उस वक़्त इस योजना में केंद्र और राज्य सरकार की पचास-पचास फ़ीसदी हिस्सेदारी होती थी, लेकिन वर्ष 2022-23 से केंद्र सरकार ने अपना बजटीय प्रावधान समाप्त कर पूरा अतिरिक्त वित्तीय बोझ राज्यों पर डाल दिया। उन्होंने कहा कि इससे राज्य सरकारों पर आर्थिक दबाव बढ़ा है और बागवानों के हित भी प्रभावित हुए हैं।